


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 153 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.6 2082 शुक्रवार, 29 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## वैष्णो देवी लैंडस्लाइड-यात्रा तीसरे दिन भी स्थगित

कटरा, 28 अगस्त (एजेंसियां)। वैष्णो देवी यात्रा रूट के अर्धकुंवारी में हुई लैंडस्लाइड के बाद यात्रा रोकी गई है। यात्रा स्थगित होने के बाद कई श्रद्धालु फंस गए हैं। कुछ यात्री कटरा के होटलों में यात्रा के दोबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें मलबा साफ होने तक इंतजार करने को कहा गया है। घटना के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इधर, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शवों को उनके घर भेजने की जिम्मेदारी ली है। 24 मृतकों की पहचान हो गई है। बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपये देगा। वैष्णो देवी यात्रा के इस पड़ाव पर 26 अगस्त की दोपहर करीब 3 बजे भारी बारिश के कारण अर्धकुंवारी इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भूस्खलन हुआ था।

### जन-धन योजना के पूरे हुए 11 साल

# योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी : पीएम

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि इस योजना ने लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब अंतिम पर खड़ा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री जन-धन योजना आज ही के दिन शुरू की गई थी।

यह एक राष्ट्रीय मिशन है जिसमें देश के सभी परिवारों के व्यापक वित्तीय समावेशन के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण शामिल है। इस योजना में प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक बुनियादी बैंकिंग खाता, वित्तीय साक्षरता, ऋण, बीमा और पेंशन सुविधा तक पहुंच के साथ बैंकिंग सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुंच की परिकल्पना की गई है।



**पीएम ने पोस्ट कर क्या कहा :** मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जब अंतिम व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ा होता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना से यही हासिल हुआ। इसने सम्मान बढ़ाया और लोगों को अपना भाग्य खुद लिखने की शक्ति दी। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में 'माइगोव' द्वारा किया गया एक पोस्ट साझा किया जिसमें बताया गया कि कैसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने पूरे भारत में जीवन बदल दिया। इस पोस्ट में कहा गया, गणित के सूत्र नहीं, बल्कि भारत के विकास के सूत्र भारत की वित्तीय क्रांति एक विचार से प्रेरित है : नवाचार के माध्यम से समावेशन। अंतिम छोर तक बैंकिंग से लेकर महिला-नेतृत्व वाले सशक्तीकरण तक, पारदर्शी डीबीटी हस्तांतरण से लेकर शासन में विश्वास तक, प्रधानमंत्री जन-धन योजना ने भारत में बैंकिंग, बचत और विकास के तरीके को बदल दिया है।

**जन-धन ग्रामीण विकास को खोलने का रास्ता :** 'माइगोव' के एक अन्य पोस्ट में कहा गया, 11 साल पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत से वादा किया था कि कोई भी गरीब परिवार बैंकिंग की दुनिया से बाहर नहीं रहेगा। जन-धन कभी भी केवल खातों के बारे में नहीं था, यह एक माँ के लिए सम्मान के साथ बचत करने, एक किसान को बिचौलियों के बिना सहायता प्राप्त करने और एक ग्रामीण को राष्ट्र के विकास का हिस्सा महसूस करने के लिए दरवाजे खोलने के बारे में था।

## 'निर्यातकों की मदद के लिए केंद्र उठा रहा कदम'

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार से जुड़े अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू करने के बाद देश के निर्यातकों को होने वाली परेशानियों पर प्रतिक्रिया दी है। एक अधिकारी ने कहा है कि सरकार बढ़े हुए टैरिफ के कारण निर्यातकों के सामने आ रही रही समस्याओं को समझती है और उनकी मदद के लिए सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

सरकारी सूत्र ने कहा कि निर्यात में विविधता लाने से निर्यातकों को लंबे समय में व्यापार की गति बनाए रखने में मदद मिलेगी। निर्यातकों की मदद के लिए सरकार की ओर से निर्यात संवर्धन मिशन को जल्दी से जल्दी लागू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह प्रतिक्रिया निर्यातकों की ओर से नकदी के मोर्चे पर मदद मांगने के बाद आई है। सूत्रों के अनुसार यह मुद्दा फिलहाल विचाराधीन है।

# केंद्र बोला-राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन नहीं दे सकते

> राष्ट्रपति-राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं
> डेडलाइन मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि राज्य सरकारें उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका (मामला) नहीं कर सकतीं जो राष्ट्रपति या राज्यपाल ने विधानसभा से पास हुए विधेयकों पर लिया हो, चाहे राज्य यह कहे कि इससे लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है।

**सरकार ने क्या कहा :** केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह बात चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ के सामने कही। संविधान पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर भी शामिल थे। मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति इस बात पर सुप्रीम कोर्ट की राय लेना



चाहती हैं कि क्या राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ऐसी याचिकाएं दायर कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति यह भी जानना चाहती हैं कि संविधान के अनुच्छेद 361 का दायरा क्या है। यह अनुच्छेद कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने अधिकारों और कर्तव्यों के निर्वहन के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं होंगे। मेहता ने संविधान पीठ को बताया कि इन सवालों पर पहले भी चर्चा हुई है। लेकिन राष्ट्रपति का मत है कि अदालत की स्पष्ट राय जरूरी है, क्योंकि भविष्य में ऐसा मामला फिर उठ सकता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रपति या राज्यपाल के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती। न तो कोर्ट ऐसे मामलों में कोई निर्देश दे सकता है और न ही इन फैसलों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

उन्होंने आगे कहा, अनुच्छेद 32 का उपयोग तब किया जाता है, जब मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। लेकिन सांविधानिक ढांचे में राज्य सरकार खुद मौलिक अधिकार नहीं रखती। राज्य सरकार की भूमिका यह है कि वह अपने नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करे। सॉलिसिटर जनरल ने आठ अप्रैल के उस फैसले का भी जिक्र किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था।

## कानून मंत्रालय ने चुनाव आयोग की मांग को ठुकराया

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने चुनाव आयोग के जम्मू-कश्मीर से जुड़े एक अहम प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इस प्रस्ताव में चुनाव आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश की चार राज्य सभा सीटों के कार्यकाल को अलग-अलग करने की मांग की थी। मौजूदा वक्त में इन सभी सीटों का कार्यकाल एक साथ खत्म हो रहा है और ये सभी सीटें पिछले साढ़े चार साल से खाली हैं। सूत्रों के मुताबिक, कानून मंत्रालय ने 22 अगस्त को चुनाव आयोग से कहा है कि कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसके तहत राष्ट्रपति की ओर से इस तरह का आदेश जारी किया जा सके। संविधान के अनुच्छेद 83 के मुताबिक, राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल 6 साल का होता है। इसमें से एक तिहाई सदस्य हर 2 साल में रिटायर हो जाते हैं। चुनाव आयोग ने कानून मंत्रालय को पत्र लिखकर इस संबंध में राष्ट्रपति के आदेश की मांग की थी जिससे जम्मू-कश्मीर की राज्यसभा सीटों के कार्यकाल की व्यवस्था इस तरह हो कि इनमें से हर 2 साल में एक-तिहाई सीटें खाली हो जाएं।

## 'रोड शो-विदेश यात्रा चुनाव नहीं जिता सकते'



नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राहुल गांधी की ओर से गुजरात में चुनाव जीतने के दावों पर केंद्रीय मंत्री करेन रिजिजू ने उनपर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि न ही एक रो शो और कुछ विदेश यात्राओं से चुनाव जीते जा सकते हैं और ना ही भारत के खिलाफ बोलने से कोई सच्चा नेता बन सकता है। कांग्रेस नेता इन दिनों बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' नाम से रोड शो और रैलियां कर रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले उनकी अगुवाई में इंडिया ब्लॉक बीजेपी और चुनाव आयोग के खिलाफ 'वोट चोरी' का आरोप लगाकर सियासी अभियान चला रहा है। किरेन रिजिजू ने एक्स पर राहुल गांधी का लोकसभा में दिए गए पहले के एक भाषण का क्लिप शेयर करते हुए लिखा है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि में जीतेगी। एक रोड शो, 5 विदेश यात्राओं से चुनाव नहीं जीते जा सकते। और भारत के हितों के खिलाफ बोलने से आप सच्चे नेता नहीं बन सकते।

## पाकिस्तान को लगेगी मिर्ची !

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। अगले महीने तालिबान के एक मंत्री भारत आ सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत की यात्रा कर सकते हैं। सूत्रों से पता चला है कि दोनों देश यात्रा की तारीख तय करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। मुत्ताकी पर यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) ने यात्रा पर रोक लगाई हुई है। भारत को उनकी यात्रा के लिए यूएनएससी से छूट लेनी होगी। यात्रा की तारीख तय होने के बाद, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति से मुत्ताकी के लिए छूट मांग करेगा। अगर सब ठीक रहा, तो 2021 में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद यह अफगानिस्तान से किसी मंत्री की भारत में पहली उच्च-स्तरीय यात्रा होगी। भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सुधर रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने जनवरी में मुत्ताकी से मुलाकात की थी। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी मई में उनसे बात की थी। इस यात्रा पर विचार करने का मतलब है कि भारत, काबुल में तालिबान सरकार के साथ रिश्ते और मजबूत करना चाहता है।

# पहलगाम आतंकी हमले में बड़ा खुलासा


नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खुलासा किया है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बड़े आतंकी हमले में बायसरन घाटी को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वहां पर्यटकों की भीड़ अधिक रहती है और यह इलाका अपेक्षाकृत अलग-थलग है। 22 अप्रैल को हुए इस हमले में 26 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। एनआईए ने ये भी बताया कि पाकिस्तान के तीन आतंकी सीधे इस हमले में शामिल थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आतंकी संगठन ने बायसरन को इसलिए चुना क्योंकि यहां पर्यटकों की मौजूदगी अधिक रहती है और सुरक्षा बलों की प्रतिक्रिया में समय लगता।

इसीलिए इसे आसान और बड़ा निशाना माना गया। एनआईए ने जून में दो लोगों परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार को गिरफ्तार किया था। ये दोनों स्थानीय लोग आतंकियों को पनाह देने, खाना और रसद उपलब्ध कराने में शामिल थे। उनकी गिरफ्तारी के बाद खुलासा हुआ कि हमला करने वाले तीनों आतंकी पाकिस्तान से आए थे और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे। एनआईए ने बताया कि यह हमला पाकिस्तान से बनी साजिश का हिस्सा था। इस हमले के जवाब में भारतीय सेना ने सात मई को "ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर प्रहार किया।

# हर भारतीय पैदा करें तीन बच्चे

> जनसंख्या को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने पत्रकारों के कई अहम सवालों का जवाब दिया। इन्हीं सवालों में से एक सवाल था जन्मदर पर। उन्होंने इसका जवाब देते हुए कहा कि यह सवाल वैसे आपको प्रचारक से नहीं पूछना चाहिए था, लेकिन अब पूछा है तो मैं भारत के सभी लोगों को तीन बच्चे करने की सलाह दूंगा।



**जो नहीं करेगा तीन बच्चे, वह लुप्त हो जाएगा :** उन्होंने कहा कि दुनिया में सब शास्त्र कहते हैं कि जन्म दर तीन से कम जिनका होता है, वो धीरे-धीरे लुप्त हो जाते हैं। तो तीन से ऊपर मेंटेन करना चाहिए। दुनिया में हर समाज ऐसा करते हैं। दूसरा डॉक्टर लोग मुझे बताते हैं कि विवाह में बहुत देर नहीं करना चाहिए और तीन संतानों के होने से माता-पिता और बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। जिस घर में तीन संतान हैं, उस घर के संतान आपस में ईगो मैनेजमेंट सीख लेती हैं, इसलिए उनकी फैमिली लाइफ में कोई डिस्टर्बेंस नहीं होती है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि मैं तो जानवरों का डॉक्टर हूं, उधर ये विषय ही नहीं है। मनुष्यों के डॉक्टर मुझे ये सब बताते हैं। देश की जो पॉपुलेशन पॉलिसी है, वह 2.1 रिकमेंड करती है। ये तो ठीक है लेकिन संतान होती है तो .1 होती नहीं है। गणित में 2.1 का निकटतम 2 होता है लेकिन मनुष्य के जन्म में 2 के बाद 2.1 नहीं होता है बल्कि 3 होता है। इसलिए मनुष्य के जन्म के मामले में 2.1 मतलब 3 होता है।

**तीन बच्चे से अधिक भी नहीं होना चाहिए :** तो भारत वर्ष के प्रत्येक नागरिक को ये देखना चाहिए कि अपने घर में तीन होने चाहिए लेकिन इससे ज्यादा भी नहीं होने चाहिए। ये देश की भलाई के उद्देश्य से कह रहा हूं। लेकिन इस जेनरेशन की एक चिंता भी है कि कल खिलाना भी पड़ेगा न इनको। इसलिए तो पॉपुलेशन पॉलिसी रिकमेंड करती है। जन्म दर की बात करें तो सबकी कम हो रही है। हिंदू की पहले से कम हो रही थी तो यह दिखता है, लेकिन अन्य लोगों ने बाद में कदम उठाया तो उनकी उतनी नहीं दिखती है।

## रेल बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2025 को समाप्त होना था। सरकार के 27 अगस्त के आदेश में कहा गया है, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा सेवानिवृत्त सतीश कुमार को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में एक सितंबर, 2025 से एक और वर्ष के लिए अनुबंध आधारित दोबारा नियुक्ति को मंजूरी दी है।

# शशि थरूर के मन में क्या चल रहा है?

> केरल में कांग्रेस को देने वाले हैं बड़ा झटका

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। तिरुवनंतपुरम सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर केरल को निवेशकों और कारोबारियों के लिए बेहतर बनाना चाहते हैं। उन्होंने केरल अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए सुझाव भी दिए हैं। उनका मानना है कि अगर वह इस काम में मदद कर सके तो वह यह उनके लिए किसी भी पद से ज्यादा उपयोगी होगा। उनके इस बयान कांग्रेस पार्टी से जोड़कर कई मायनों में देखा जा रहा है।

थरूर ने ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में बात करते हुए कहा कि केरल को एक इन्वेस्टर प्रोटेक्शन एक्ट की सख्त जरूरत है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, केरल में अगर कोई निवेशक पैसा लगाता है, तो उसे यह भरोसा होना चाहिए कि उसका पैसा सुरक्षित है। कारोबार में नुकसान अलग बात है, लेकिन राजनेताओं, अफसरों या ट्रेड यूनियनों की वजह से उसे नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हड़तालों पर रोक लगाएंगे और 90 प्रतिशत नियमों को कम करेंगे। अगले साल केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं, इस बीच शशि थरूर के लगातार कई बयान पार्टी विरोध में जोड़कर देखे जा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह केरल के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी किसी पद की चाहत नहीं रखी। थरूर ने कहा, मुझे हमेशा लोगों ने किसी काम के लिए बुलाया है। मैंने हमेशा उनकी सेवा की है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने की बात पर कहा कि कई लोगों ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा था। यह विचार उन्हें खुद नहीं आया था। केरल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। वहीं कांग्रेस के लिए राज्य में करो या मरो की स्थिति बनी हुई है।

## पार्षद हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अरुण गवली को जमानत दी

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गैंगस्टर से नेता बने अरुण गवली को जमानत दे दी। अरुण गवली मुंबई शिवसेना के कॉरपोरेटर कमलाकर जामसांडेकर की 2007 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। अदालत ने उनकी लंबी कैद को देखते हुए यह राहत दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि गवली 17 साल तीन महीने से जेल में हैं और उनकी अपील अदालत के समक्ष लंबित है। पीठ ने यह भी उल्लेख किया कि गवली की उम्र 76 साल हो चुकी है।



# अमेरिका ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर की गुंडागर्दी

## भारत भी उसी की भाषा में जवाब दे: केजरीवाल



नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर भारत के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। भारतीय प्रोडक्ट्स पर 50 फीसद तक टैरिफ लगा दिया गया है। भारत के साथ ही अमेरिका से भी ट्रंप सरकार के इस कदम पर रिएक्शन लगातार सामने आ रहे हैं। ट्रंप के टैरिफ के असर को कम करने को लेकर भारत सरकार की ओर से लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

इसके साथ ही अमेरिकन मार्केट को कंपनसेट करने के लिए अन्य बाजार की तलाश भी की जा रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल टैरिफ के मसले पर अपनी बात आमलोगों के सामने रखे। बता दें कि ट्रंप टैरिफ का सबसे ज्यादा असर एक्सपोर्ट सेक्टर पर पड़ने की आशंका है।

ट्रंप ने भारत के साथ ही कई अन्य देशों पर भी रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा की नीति के तहत टैरिफ) लगाया है। स्ट्रैटजिक पार्टनर्स में से भारत के खिलाफ ट्रंप सरकार ने सबसे सख्त कदम उठाया है। अरविंद केजरीवाल ने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत में अमेरिका की कपास 15-20 रुपए किलो सस्ती पड़ रही है, ऐसे में भारतीय किसानों से कपास कौन खरीदेगा? किसानों की कपास अक्टूबर से बाजार में आएगी। टेक्सटाइल इंडस्ट्री अमेरिका की कपास खरीद चुकी होगी। भारत के किसानों को कपास खरीदने वाला कोई नहीं होगा। इसमें गुजरात, तेलंगाना, पंजाब और विदर्भ समेत कई राज्यों के किसान प्रभावित हैं। ये वो बेल्ट है जहां किसान से सबसे ज्यादा किसान आत्महत्या करते हैं। हम सब जानते हैं ट्रंप ने 50% टैरिफ लगाया है। हमें क्या करना चाहिए था...कपास पर 11% से बढ़ाकर 50% कर देना चाहिए था।'

आम आदमी पार्टी के प्रमुख डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर कहा, 'दूसरे देशों ने यही किया...चाइना ने अमेरिका पर 125% टैरिफ लगाया, कनाडा, यूरोपीय यूनियन आदि ने अपना टैरिफ बढ़ाया और ट्रंप को झुकना पड़ा। ट्रंप कायर आदमी है। ट्रंप के टैरिफ के एक्सपोर्ट बंद हो गया। दूसरा अमेरिका के माल पर टैरिफ खत्म कर दिया। इससे किसान बर्बाद हो जाएंगे। 140 करोड़ लोगों का देश है। यह न सिर्फ उद्योग का बल्कि देश के सम्मान का मुद्दा है। 140 करोड़ देश के लोग देश के साथ खड़े हैं।' केजरीवाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी 7 सितंबर को गुजरात के चोटिला में बड़ी सभा करेगी जहां सबसे ज्यादा कपास के किसान रहते हैं। हम इसके खिलाफ वहां प्रदर्शन करेंगे।

# बॉर्डर पर सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई



### घुसपैठ की कोशिश नाकाम सुरक्षाबलों ने मार गिराए दो आतंकी

जम्मू-कश्मीर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की है। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ का प्रयास कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना ने यह जानकारी दी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में दी गई खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरेज सेक्टर में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया।

## बाढ़ की चेतावनी, खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना



नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के कारण राजधानी में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है, जिसके चलते प्रशासन ने बाढ़ की चेतावनी जारी की है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया है। यमुना का जलस्तर 205.41 मीटर पर पहुंच गया है। 2-3 दिन में यमुना का जलस्तर और बढ़ सकता है। पुराने रेलवे ब्रिज पर जलस्तर 205.35 मीटर दर्ज किया गया जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के मुताबिक, हथिनीकुंड बैराज से करीब 41 हजार क्यूसेक पानी हर घंटे छोड़ा जा रहा है लेकिन दिल्ली में वजीराबाद बैराज से हर घंटे करीब 56 हजार क्यूसेक और ओखला से करीब 46 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, पल्ला क्षेत्र में टेंट और राहत सामग्री लगा दी गई है। सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण, राजस्व, स्वास्थ्य, दिल्ली पुलिस समेत सभी विभाग अलर्ट पर हैं।

## न्यू अशोक नगर में एनकाउंटर

### स्पेशल सेल ने रोहित गोदारा गैंग के 2 बदमाश पकड़े

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के न्यू अशोक नगर में स्पेशल सेल ने मुठभेड़ में रोहित गोदारा गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। एक बदमाश का नाम कार्तिक जाखड़ है और दूसरे का नाम कविश है। इन दोनों बदमाशों का यूएस में बैठे गैंगस्टर हैरी बॉक्सर से जुड़े हैं, जिनके खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक, स्पेशल सेल को उनके न्यू अशोक नगर इलाके में इन बदमाशों के आने का इनपुट मिला था। जिसके बाद स्पेशल सेल की टीम ने जाल बिछाया और इन्हें पकड़ने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायर किया। जिसके जवाब में पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मार कर इन्हें काबू किया।

## काला हो गया आसमान धू-धूकर जला ऐतिहासिक ओल्ड लंदन हाउस

नैनीताल, 28 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड के नैनीताल में एक हेरिटेज बिल्डिंग में भीषण आग लगने से बुजुर्ग महिला की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना में जान गंवाने वाली महिला प्रसिद्ध इतिहासकार और पर्यावरणविद डॉ. अजय रावत की बहन थीं। आग मल्लीताल क्षेत्र में स्थित ओल्ड लंदन हाउस नाम की बिल्डिंग में लगी। फायर ब्रिगेड समेत कई एजेंसियों की टीम कड़ी मशक्कत के बाद रात दो बजे के आसपास आग पर काबू पा सकीं। इमारत में फंसे लोगों की जान बचाने के लिए तीन विभागों के 40 से अधिक कर्मी बचाव अभियान में जुटे रहे। डॉ. रावत ने बताया कि उनकी बहन शांता बिष्ट की आग में झुलसकर मृत्यु हो गई है। वह 82 वर्ष की थीं।

शांता का बेटा निखिल सुरक्षित है। इमारत के पास ही मोबाइल फोन की दुकान चलाने वाले विनोद कुमार वर्मा के अनुसार उन्होंने रात 10 बजे धुआं निकलते देखा, जिसके तुरंत बाद आग की लपटें दिखाई देने लगीं। उन्होंने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी जिसके बाद दमकल विभाग का एक वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, उसके टैंक का पानी जल्द ही खत्म हो गया जिसके बाद उसे दोबारा पानी भरने के लिए वापस भेज दिया गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई, लोग इमारत से निकलकर इधर-उधर भागते दिखाई दिए। रात करीब 1 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

## पंजाब में बाढ़: भाजपा ने लोक भलाई कैंप किए स्थगित



### सुनील जाखड़ बोले-स्थिति सामान्य होते ही दोबारा लगाएंगे

चंडीगढ़, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भाजपा के सेवादार आ गए तुहाडे द्वार अभियान के अंतर्गत लगाए जा रहे जन-कल्याण शिविरों और कैंपों को स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने दी। जाखड़ ने कहा कि जैसे ही बाढ़ की स्थिति सामान्य होगी, केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, दलितों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही जन कल्याण की योजनाओं को पंजाब भर में हर वर्ग के पास से पहुंचाने के लिए प्रदेश भर में कैंप लगाएंगे। जाखड़ ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से बाढ़ ग्रस्त इलाकों में भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता दौरा कर लोगों की मुश्किलें दूर करने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। इसी के चलते यह समाज भलाई के कैम्प कुछ समय के लिए स्थगित किए हैं।

## जांच आयोग ने सीएम योगी को सौंपी संभल दंगों की रिपोर्ट



मस्जिद सर्वे के दौरान हुई थी हिंसा

लखनऊ, 28 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के संभल में हुए दंगों की जांच रिपोर्ट जांच आयोग ने गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। 24 नवंबर 2024 को मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा हुई थी। इसकी जांच इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग को सौंपी गई थी। इसमें पूर्व डीजीपी एके जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सदस्य बनाए गए थे। आयोग ने सीएम को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। इस दौरान सीएम के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव (संसदीय कार्य) जेपी सिंह मौजूद रहे।

## सिलेंडर ब्लास्ट, 3 लोग घायल

इंदौर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में गुरुवार दोपहर घर में रखा सिलेंडर अचानक फट गया। इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना 60 फीट रोड की बताई जा रही है। धमाका इतना जबरदस्त था कि घर के बाहर वाली दुकान का बोर्ड फट गया, सामान उड़कर बाहर आ गया। विनोद माखीजा का 2 मंजिला मकान है।

इसी में परिवार रहता था। यहां किराए से बंटी कसेरा की बर्तन दुकान है। बताया जा रहा है कि गैस रिफिलिंग के दौरान ये हादसा हुआ। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इस हादसे में एक पड़ोसी और बंटी के परिजन घायल हुए हैं। पुलिस मामले में जांच कर रही है। मौके पर मौजूद एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि 60 फीट रोड पर श्रीनाथ स्टील सेंटर के यहां सिलेंडर फटने की सूचना मिली थी। मौके पर वक्त तीन लोग थे, जो घायल हुए हैं। इनमें दीपक माखीजा, रोहित और सुनील शामिल हैं। इन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मौके पर जांच के लिए फोरेंसिक टीम भी पहुंची है।

## कनॉट प्लेस पर बाउंसरों की दबंगई वकीलों को बुरी तरह पीटा

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी के कनॉट प्लेस इलाके में रात पार्टी करने आए दो वकीलों समेत तीन दोस्तों के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक बार-रेस्टोरेंट के बाउंसर और स्टाफ ने तीनों दोस्तों को न केवल बुरी तरह पीटा, बल्कि किसी ठोस धातु की वस्तु से हमला कर गंभीर रूप से घायल भी कर दिया। घबराए पीड़ित किसी तरह जान बचाकर मौके से भागे और पुलिस को सूचना दी। वहीं, घायल युवकों की पहचान धर्मेंद्र कुमार, नवीन शौकिन और नवीन कुमार के रूप में हुई है। धर्मेंद्र और नवीन कुमार पेशे से वकील हैं और तीस हजारी कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। तीनों को इलाज के लिए लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दोस्त की बीवी को ले गया मनाली ट्रिप पर, वापस लौटे तो पति ने लिया ऐसा बदला

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली से सटे फरीदाबाद से रोंगटे खड़े कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां रहने वाला एक शख्स अपने दोस्त की बीवी को मनाली घुमाने ले गया था। इस बात से उसका दोस्त काफी आहत हुआ। दोस्त ने फिर गुस्से में ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसे घायल कर दिया। फिलहाल घायल शख्स की हालत गंभीर बनी हुई है। यह सनसनीखेज मामला ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-70 का है। पुलिस के मुताबिक, सुरेश कुमार (45) फरीदाबाद के सेक्टर-10 का रहने वाला एक मशहूर शराब कारोबारी है। शहर में उसके कई शराब के ठेके, स्पा सेंटर और सैलून हैं। वहीं, आरोपी विनोद कौशिक (30), बल्लभगढ़ के जुनहेड़ा का निवासी है। वह फरीदाबाद के सेक्टर-2 में एक रेस्तरां और कैफे चलाता है। जैसे ही सुरेश अपनी कार से ग्रुप की सोसाइटी के गेट पर उतारा, विनोद और उसका एक साथी वहां पहले से ही कार में इंतजार कर रहे थे। जब सोनू और अन्य लोग सामान उतार रहे थे, विनोद ने सुरेश पर नजदीक से तीन गोलियां दाग दीं।

# दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## बेटी से रेप के दोषी को कोई राहत नहीं, 10 साल की सजा बरकरार





नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश सुनाते हुए, एक पिता की 10 साल की कैद की सजा को बरकरार रखा है। इस शख्स पर गंभीर आरोप था कि उसने अपनी ही 9 साल की बेटी के साथ बार-बार रेप किया। हाई कोर्ट ने कहा कि निचली कोर्टों ने सबूत का सही मूल्यांकन किया था और उसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं पाई गई।

सितंबर 2017 में मामला सामने आया, जब पीड़ित बच्ची ने अपनी क्लास टीचर को अपने साथ हो रही दर्दनाक घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद स्कूल प्रशासन की मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में आरोप था कि बच्ची का पिता रोजाना उसके साथ रेप करता था।

जब मामला कोर्ट पहुंचा, तो सुनवाई के दौरान बच्ची और उसकी मां ने बयान बदल दिए और दिल्ली पुलिस का समर्थन करने में पीछे हट गईं। उन्होंने पिता के खिलाफ आरोपों को नकार दिया, लेकिन कोर्ट ने कहा कि हॉस्टल गवाह की गवाही को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता, अगर अन्य साक्ष्यों से उसका मेल बैठता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने पाया कि शुरुआती शिकायत और 164 (सीआरपीसी के तहत दिए गए बयान, मेडिकल लीगल सर्टिफिकेट और फॉरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट से पूरी तरह मेल खाते हैं। इसके अलावा, बच्ची की क्लास टीचर की गवाही भी मजबूत और सही है।

### आरोपी पिता की दलील कोर्ट ने की खारिज

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि चाइल्ड विक्टिम और मां का होस्टाइल हो जाना, अभियोजन के केस को कमजोर नहीं करता, क्योंकि मेडिकल और वैज्ञानिक सबूत सीधे तौर पर आरोपी की ओर इशारा करते हैं। हाई कोर्ट में आरोपी पिता की तरफ से पेश वकील ने दलील देते हुए कहा कि बच्ची और उसकी मां ने खुद आरोपों से इनकार कर दिया है और यह पूरा मामला क्लास टीचर की साजिश है। उसका दावा था कि क्लास टीचर से उसका विवाद था और उसी के कहने पर बच्ची ने झूठे आरोप लगाए। लेकिन जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने इस दलील को पूरी तरह खारिज कर दिया और कहा कि अभियुक्त किसी भी गवाह की विश्वसनीयता को हिला नहीं सका और न ही मेडिकल और एफएसएल रिपोर्ट में कोई खामी साबित कर सका।

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि निचली कोर्ट ने सभी तथ्य और सबूत का गहराई से मूल्यांकन किया था और दोषसिद्धि का फैसला उचित था, जिसके कारण 10 साल की सजा को बरकरार रखा गया।

# 'किसी भी हालत में अन्याय से समझौता मत करना, सिर उठाकर जीना

## टीएमसी के स्थापना दिवस पर बोलीं सीएम ममता



कोलकाता, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को अपनी पार्टी की छात्र इकाई तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के सदस्यों से कहा कि वे किसी भी परिस्थिति में अन्याय से समझौता न करें। टीएमसीपी के स्थापना दिवस पर नए सदस्यों ने सभी पुराने और नए सदस्यों को बधाई दी और कहा कि अन्याय के खिलाफ हर लड़ाई में वह उनके साथ रहेंगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री बनर्जी ने लिखा, तृणमूल छात्र परिषद के इस ऐतिहासिक स्थापना दिवस पर मैं इसके सभी नए और पुराने सदस्यों को देशभक्तिपूर्ण बधाई देती हूं। टीएमसीपी, तृणमूल परिवार का एक अभिन्न हिस्सा है। बंगाल को और अधिक विकसित और मजबूत बनाने की लड़ाई में वे भी साथ हैं। ममता ने आगे लिखा, आज के इस खास दिन पर मैं अपने सभी युवा साथियों से कहना चाहती हूं कि किसी भी हालत में अन्याय से समझौता मत करना। हमेशा सिर ऊंचा रखकर जीना। अन्याय के खिलाफ किसी भी संघर्ष में मुझे अपने साथ पाओगे। सभी खुश रहें, स्वस्थ रहें।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार दोपहर शहर के मेयो रोड पर इस अवसर पर आयोजित एक बड़ी रैली को संबोधित करने वाली हैं। ममता बनर्जी के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कहा, टीएमसीपी एक ऐसा मंच है, जो युवाओं को अपनी आवाज उठाने, अपने सपनों को आगे बढ़ाने और एक बेहतर कल के निर्माण में योगदान देने का अवसर देता है। उन्होंने एक्स पर लिखा, टीएमसीपी के स्थापना दिवस के अवसर पर हम बंगाल के सामाजिक न्याय, बदलाव और प्रगति में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हैं।

टीएमसीपी युवाओं को इतना सशक्त बनाता कि वे खुलकर अपनी बात कह सकें और अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकें। अभिषेक बनर्जी ने कहा, मैं हर सदस्य को उनके अटूट समर्पण के लिए दिल से धन्यवाद देता हूं और सभी से आग्रह करता हूं कि वे इस विरासत को और मजबूती से आगे बढ़ाएं। जय बांग्ला।

## साइबर सिटी के इन 2 इलाकों पर चला बुलडोजर, 3 कॉलोनियां की ध्वस्त

गुरुग्राम, 28 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के गुरुग्राम में एक बार फिर बुलडोजर की कार्रवाई सामने आई है। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने गांव गढ़ी हरसरू और गांव साढराणा में अवैध रूप से पनप रही 3 कॉलोनियों पर बुलडोजर चला दिया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती के बीच इस अभियान के दौरान किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया। सबसे पहले तोड़फोड़ दस्ता गांव गढ़ी हरसरू में पहुंच गया। इस गांव में 2.6 एकड़ में अवैध रूप से दो कॉलोनियां काटी जा रही थीं। दो मकानों का निर्माण चल रहा था। 10 मकानों के निर्माण के लिए डीपीसी डाली गई थी। सड़क का निर्माण कर दिया था। डीटीपीई अमित मधोलिया का आदेश मिलने के बाद बुलडोजर ने इन सभी अवैध निर्माण को मलबे में मिला दिया। सड़क को उखाड़ दिया इसके बाद तोड़फोड़ दस्ता गांव साढराणा में पहुंच गया। इस गांव में भी एक एकड़ में कॉलोनी काटी जा रही थी। लोगों को सस्ता प्लॉट का लालच देने के लिए सड़कों का निर्माण कर दिया था। एक मकान के निर्माण को लेकर डीपीसी डाल दी थी। डीटीपीई अमित मधोलिया का आदेश मिलने के बाद तोड़फोड़ दस्ते ने इसे भी जमींदोज कर दिया। डीटीपीई अमित मधोलिया मधोलिया ने लोगों से अपील की कि अवैध रूप से पनप रही इस तरह की कॉलोनियों में अपनी जिंदगी की जमापूंजी नहीं लगाएं।

# दिल्ली दंगे के छह आरोपी बरी


## अदालत ने दिल्ली पुलिस पर क्यों जताई नाराजगी?



पूर्वी दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगे से जुड़े आगजनी के मामले में कड़कड़डूमा स्थित कोर्ट ने छह लोगों को बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीन सिंह के कोर्ट ने आदेश में कहा कि सुनवाई के दौरान चर्चा से यह स्पष्ट है कि केवल मामले को सुलझाने के लिए आरोपितों पर झूठा मामला थोपा गया। वहीं, जांच अधिकारी ने साक्ष्यों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। जिसके परिणामस्वरूप आरोपितों के अधिकारों का गंभीर हनन हुआ।

यह दुखद है कि स्पष्ट खामियों के बावजूद पर्यवेक्षण अधिकारियों थाना प्रभारी और सहायक पुलिस आयुक्त ने आरोपपत्र को आगे बढ़ाया। कोर्ट ने सुधारात्मक उपाय के लिए आदेश की प्रति दिल्ली पुलिस आयुक्त को भेजने की बात कही है। न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र में दंगाइयों ने 26 फरवरी 2020 को दोपहर के वक्त गामड़ी एक्सटेंशन में एक धार्मिक स्थल के पास घर, दुकान व स्कूटी में आग लगा दी थी। इस मामले में पुलिस ने सुदामापुरी निवासी इशू गुप्ता, राज कुमार, अमित उर्फ अन्नू, पंजाबी कालोनी निवासी प्रेम प्रकाश, उस्मानपुर गामड़ी रोड निवासी मनीष शर्मा और उस्मानपुर जय प्रकाश नगर निवासी राहुल उर्फ गोलू को आरोपित बनाया था। मई 2023 में इन आरोपितों के खिलाफ आरोप तय किए गए थे इस मामले में निर्णय सुनाते हुए कोर्ट ने दिल्ली पुलिस पर नाराजगी जताई है। साथ ही जांच और आरोपपत्र दाखिल करने में खामियों की ओर इशारा किया है।

# 20 कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकीभरे ई-मेल से मचा हड़कंप



नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित जीसस एंड मैरी कॉलेज समेत करीब 20 कॉलेजों को बुधवार को धमकी भरी ईमेल मिली। ईमेल में बम धमाके की बात कही गई थी। अचानक मिली इस मेल से कॉलेज प्रशासन और छात्रों में डर का माहौल बन गया। हालांकि तुरंत पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं और जांच शुरू की। पूरी जांच के बाद पता चला कि ईमेल में धमकी झूठी थी और इसे होअक्स (फर्जी अलार्म) घोषित कर दिया गया। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। सिर्फ 5 दिनों में 4 बार 100 से ज्यादा स्कूलों को धमकी भरी ईमेल मिल चुकी है। उन मामलों में भी गहन जांच की गई थी, लेकिन हर बार ये मेल झूठी ही निकलीं। फिर भी हर बार सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस अलर्ट मोड पर आ जाती हैं, ताकि किसी भी तरह का खतरा टाला जा सके।

अधिकारियों का कहना है कि मेल भेजने वाले ने अपनी पहचान छिपाने के लिए, संभवतः वीपीएन (वीपीएन) का इस्तेमाल किया है। इस वजह से भेजने वाले तक पहुंचना आसान नहीं होगा, लेकिन साइबर टीम इसकी गहराई से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस शख्स की पहचान कर ली जाएगी, ताकि बार-बार हो रही इस तरह की हरकतों पर रोक लगाई जा सके। लगातार इस तरह के मेल आने से छात्रों और पैरेंट्स की टेंशन बढ़ गई है।

बच्चे पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पा रहे और माता-पिता की चिंता बढ़ती जा रही है। पुलिस और प्रशासन लगातार लोगों से अपील कर रहे हैं कि अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध मेल या संदेश की तुरंत जानकारी अधिकारियों को दें। इन धमकी भरे मेल की वजह से दिल्ली पुलिस की साइबर सेल के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। वीपीएन और फर्जी आईडी के इस्तेमाल के चलते असली आरोपी तक पहुंचना मुश्किल होता है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि जांच तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही सच सामने आएगा।

## एलजी के फैसले के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन, हार्ट अटैक से एक की मौत

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में पिछले 5 दिनों से अदालतों का कामकाज पूरी तरह से ठप पड़ा है। ऐसा इसलिए क्योंकि वकील विरोध प्रदर्शन में लगे हुए हैं। इस प्रदर्शन के पीछे की वजह उपराज्यपाल की तरफ से जारी की गई एक अधिसूचना है। वकील इसी को लेकर विरोध और नारेबाजी कर रहे हैं। कड़कड़डूमा कोर्ट में वकीलों के प्रदर्शन के दौरान रविकांत शर्मा नाम के वकील की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

दिल्ली की लगभग हर अदालत में वकील उपराज्यपाल की अधिसूचना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वकीलों के विरोध प्रदर्शन के पीछे की वजह थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बयान दर्ज करने का आदेश है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की तरफ से 13 अगस्त को ये आदेश जारी किया गया था। आदेश जारी होने के बाद ही वकीलों का विरोध जारी है। वकीलों की तरफ से पिछले दिनों इस आदेश को लेकर उपराज्यपाल का आदेश के खिलाफ उपराज्यपाल का पुतला भी दहन किया गया था।

हड़ताल के बीच दिल्ली हाईकोर्ट में एलजी की अधिसूचना के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल की गई है। वकीलों की तरफ से कहा कि यदि थानों से गवाही की व्यवस्था लागू हो जाती है तो इससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होगी। इससे न तो वकीलों को न्याय मिलेगा और न ही पक्षकारों को न्याय मिलेगा, हर जगह मनमानी शुरू हो जाएगी। वकीलों ने इस विरोध प्रदर्शन को लेकर कहा कि यह सामूहिक हड़ताल किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं है। ये न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता बचाने के लिए है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

सुविचार: सावधान रहिए- आपकी प्रत्येक अभिव्यक्ति क्रिया की प्रतिक्रिया होती है



## तेलंगाना एक 'वैश्विक खेल स्थल' के रूप में उभरेगा : सीएम रेवंत रेड्डी



हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के एक अग्रणी "वैश्विक खेल स्थल" के रूप में उभरने का दावा करते हुए, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को तेलंगाना को एक वैश्विक खेल केंद्र में बदलने के अपने दृष्टिकोण का अनावरण किया।

"तेलंगाना स्पोर्ट्स हब" बोर्ड की उद्घाटन बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने "राज्य के खेल बजट में 16 गुना वृद्धि" की घोषणा की, साथ ही उच्च प्रदर्शन करने वाले एथलीटों के लिए प्रोत्साहन और सरकारी नौकरियों में वृद्धि की भी घोषणा की। विश्व स्तरीय प्रतिभाओं को निखारने के लिए 'यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य एक मजबूत खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है, ठीक उसी तरह जैसे तेलंगाना ने एक समृद्ध आईटी संस्कृति का निर्माण किया था। बोर्ड ने राज्य में "खेलो इंडिया, राष्ट्रमंडल खेल और ओलंपिक" जैसे प्रतिष्ठित खेल आयोजनों की मेजबानी करने और स्टेडियम प्रबंधन, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और राज्य की खेल नीति के कार्यान्वयन के लिए उप-समितियों के गठन के प्रस्ताव पारित किए। रेवंत रेड्डी ने "कोचों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण" की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और तेलंगाना के खेल सुविधाओं के व्यापक नेटवर्क का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और हैदराबाद को एक पसंदीदा वैश्विक खेल स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए तीन वर्षीय कार्य योजना बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि खेल उपकरणों पर कर कम करने की मांग केंद्र के समक्ष उठाई जाएगी। इस अवसर पर, पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कपिल देव ने छात्रों से खेलों में अनिवार्य भागीदारी का आग्रह किया, जबकि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने प्रत्येक स्कूल में शारीरिक शिक्षा शिक्षकों की नियुक्ति की सिफ़ारिश की।

बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद ने ग्राम-स्तरीय प्रतियोगिताओं का सुझाव दिया, जबकि बाईचुंग भूटिया ने इंग्लैंड की तर्ज़ पर लीग ढांचे का प्रस्ताव रखा, और उपासना कोनिडेला ने खेल उपकरणों पर उच्च करों की ओर इशारा करते हुए खेल विश्वविद्यालय में फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों की शुरुआत पर ज़ोर दिया।

## भाजपा प्रमुख ने पार्टी कार्यकर्ताओं को राहत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया

हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने राज्य भर के अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को बारिश प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्देश दिया। राव ने आज पार्टी के बूथ स्तर के अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, पदाधिकारियों और पार्षदों के साथ एक टेलीकॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए उन्हें निचले इलाकों से लोगों को निकालने में लगे सरकारी तंत्र को पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया क्योंकि तेलंगाना के कई जिलों में भारी बारिश जारी है। मौसम विभाग द्वारा मेडक और कामारेड्डी जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी करने के साथ, उन्होंने लोगों को उफनती नदियों, झीलों और जलमग्न सड़कों का हवाला देते हुए, जब तक आवश्यक न हो, बाहर निकलने से बचने की सलाह दी। भाजपा नेता ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने संकट से निपटने में तेलंगाना को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

## खाली भूखंडों का जाली दस्तावेज बनाकर बेचने वालों को पुलिस ने सिखा दिया सबक, 8 सलाखों के पीछे



हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। खाली भूखंड को देखकर करोड़ों रुपये कमाने की हसरत रखने वालों को पुलिस से सबक सिखा दिया। जाली दस्तावेज तैयार करने वाले 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एसओटी भुवनगिरी टीम ने कीसरा पुलिस के साथ मिलकर आठ कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार आरोपी कीसरा थाना क्षेत्र में खाली पड़े भूखंडों की पहचान कर जाली दस्तावेज तैयार करके उन्हें बेच रहे थे। जिन खुले भूखंडों के जाली दस्तावेज तैयार किए गए थे, उनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपये 5 करोड़ रुपए तक है। राचकोंडा पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में बीगुडेमअरविंद उर्फ टिल्लू, संपांगी सुरेश, ईगा हरि प्रसाद, चेककला सोमनाथ उर्फ सोमैया, कोटला नागेंद्र प्रसाद, मीर मोहम्मद हुसैन उर्फ राजकुमार, यमजला शेखर, वेरामाचिनेनिवनजा शामिल है। जबकि इस मामले में कई आरोपी फरार है। एसओटी भोनगिरी टीम ने कीसरा पुलिस के साथ मिलकर मुख्य आरोपी अरविंद, संपांगी सुरेश और हरि प्रसाद को रामपल्ली स्थित उनके आवासों से गिरफ्तार कर लिया और उनके कबूलनामे के अनुसार आरोपी सोमनाथ, नागेंद्र प्रसाद, मीर मोहम्मद हुसैन, यमजला शेखर और वनजावे को भी गिरफ्तार कर लिया गया और उनके कबूलनामे के अनुसार उपरोक्त मामलों से संबंधित उपरोक्त भौतिक वस्तुएं और अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए गए। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी बीगुडेम अरविंद, संपांगी सुरेश और ईगा हरिप्रसाद सभी कीसरा मंडल के रामपल्ली गांव के निवासी हैं। इन तीनों व्यक्तियों ने मिलकर रामपल्ली गांव में खुले खाली प्लॉटों की पहचान करने की योजना बनाई, जहां प्लॉटों के मालिकों ने बाड़ नहीं लगाई थी और प्लॉटों के चारों ओर सीमाएं/बाड़ नहीं लगाई थी। शुरूआत में वे उन प्लॉटों की प्रमाणित प्रतियां और ईसी प्राप्त करते हैं और जब ईसी में पहले बिक्री विलेख के बाद कोई अन्य लेनदेन नहीं दिखाई देता है, तो वे उन प्लॉटों को चुनते हैं और मालिक के वर्तमान आवासीय पते को भी सत्यापित करते हैं और जब मालिक वृद्ध हो जाते हैं और नियमित रूप से प्लॉट पर नहीं आते हैं, तो वे उन प्लॉटों की पहचान करते हैं।

## येल्लमपल्ली परियोजना गोदावरी के पानी को मोड़ने के लिए 'ऑक्सीजन' की तरह : मुख्यमंत्री

हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को येल्लमपल्ली परियोजना को तेलंगाना राज्य में गोदावरी के पानी को मोड़ने के लिए "ऑक्सीजन" बताया। रणनीतिक रूप से निर्मित श्रीपदा येल्लमपल्ली परियोजना दशकों से मज़बूती से खड़ी थी क्योंकि इसका निर्माण विशेषज्ञों द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा, एक ध्वस्त परियोजना और एक खड़ी परियोजना में अंतर होता है। मेदिगड्डा बेकार हो गया है। इसकी मरम्मत किए बिना भी, हम अन्नाराम और सुंडिला में पानी जमा कर सकते हैं। राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ के साथ उक्त परियोजना में बाढ़ के प्रवाह का निरीक्षण करने के बाद, मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए, कालेश्वरम परियोजना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, हमने केसीआर की तरह 80 हजार किताबें नहीं पढ़ी हैं। लेकिन हम उन बुद्धिजीवियों से, जो किताबें पढ़ने का दावा करते हैं, सलाह मांग रहे हैं कि क्या किया जाना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार मेदिगड्डा मामले में तकनीकी समिति की सिफारिशों के अनुसार सख्ती से काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विधानसभा में कालेश्वरम आयोग की रिपोर्ट पर भी चर्चा करेगी और आगे बढ़ेगी। अधिकारियों के साथ बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करने के बाद, मुख्यमंत्री ने परियोजना में बाढ़ प्रबंधन के संबंध में कई निर्देश दिए हैं।

## केटीआर ने की बाढ़ की तैयारियों में कमी को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना



हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने भारी बारिश और बाढ़ के पूर्वानुमान के बावजूद कांग्रेस सरकार की कमियों की आलोचना की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि जहां प्रशासन कमजोर पड़ा है, वहां आगे आकर जरूरतमंदों के लिए राहत उपाय करें। गुरुवार को राजन्ना सिरसिला और कामारेड्डी ज़िलों के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों के अपने दौरे से पहले, रामाराव ने पार्टी विधायकों, विधान पार्षदों, सांसदों, जिला अध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस की। उन्होंने बीआरएस कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को बचाव और राहत कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने, जलमग्न क्षेत्रों में भोजन और पेयजल उपलब्ध कराने, चिकित्सा शिविर लगाने और बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए स्वच्छता उपाय करने के निर्देश दिए। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि पिछली बीआरएस सरकार के दौरान आपदाओं को कम करने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ समन्वय सुनिश्चित किया गया था।

## सरकार ने पापी रेड्डी को विधि सचिव नियुक्त किया

हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार ने महबूबनगर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बी पापी रेड्डी को प्रतिनियुक्ति के आधार पर विधि विभाग में सरकार के सचिव (कानूनी मामले, विधायी मामले और न्याय) के रूप में नियुक्त किया है। तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल के अनुसरण में, राज्य सरकार पापी रेड्डी को एक वर्ष की अवधि के लिए विधि सचिव नियुक्त कर दिया।

## कर्मचारियों के देर से आने पर सचिवालय में तुम्मला का गुस्सा फूटा



हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने सचिवालय स्थित अपने विभाग में समय पर न आने वाले कर्मचारियों पर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने देर से आने वाले, यहां तक कि सुबह 10:40 बजे तक भी देर से आने वाले कर्मचारियों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। मंत्री ने गुरुवार को सचिवालय में अपने विभागों और निगमों में कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की। हाल ही में हुई भारी बारिश को देखते हुए, अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी किसानों के लिए सुलभ हों, उन्हें तिरपाल उपलब्ध कराए जाएं और फसलों को भीगने से बचाने के उपाय लागू किए जाएं। यूरिया की स्थिति की समीक्षा करने वाले मंत्री ने कृषि विभाग के निदेशक गोपी को राज्य में आने वाले यूरिया को उन जिलों में वितरित करने का निर्देश दिया जहां सबसे अधिक मांग है। इसके अलावा, उन्होंने गोपी को उन जिलों में भारी बारिश से हुए फसल नुकसान की तुरंत जानकारी एकत्र करने का निर्देश दिया।

**PUBLIC NOTICE**

"The Genral public is hereby intimated that Jitender Kumar Jain, S/o Late Mahaveer Chand Jain & Dinesh Kumar Jain S/o Late Mahaveer Chand Jain Occ: Business, R/o 22-1-718/D Noor Bazaar, Darul Shifa, Charminar, Hyderabad Telangana-500024 filed a suit on the file of Hon'ble II Junior Civil Judge City Civil Court Hyderabad vide O.S. No. 2718 of 2025 filed on 07.07.2025 praying to declare the Plaintiffs as the Legal heirs of Late Mahaveer Chand Jain or declaring Plaintiffs as legal heirs cum Sucessor of Late Mahaveer Chand Jain and if any person or persons may have objections such person or persons should appear before the Hon'ble Court on the next date of hearing i.e. 29.08.2025 at 10:30 am, falling which the Hon'ble Court will proceed with the case basing on the record of the case. Hence the notice as per the orders of Hon'ble Court."

Thanking you.

Your's Sincerely
Adarsh Jain
(Advocate)
Ph- 8008244111

**केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान**

संतोषनगर, सैदाबाद, हैदराबाद-500059

विज्ञापन सं.15/2025

वाक-इन-इंटरव्यू द्वारा दि.11-09-2025 के 10.00 बजे यंग प्रोफेशनल-I(1 पद) के अस्थायी पद को भरा जायेगा। अधिक जानकारी हेतु http://www.icar-crida.res.in/ पर जाएं।

**सहायक प्रशासकीय अधिकारी**

## पर्यटन और माल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए 12,328 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं को मंज़ूरी

नई दिल्ली, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने लगभग 12,328 करोड़ रुपये की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं को मंज़ूरी दे दी है, जिससे भारतीय रेलवे के नेटवर्क में 565 किलोमीटर का इज़ाफा होगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य गुजरात, कर्नाटक, बिहार, असम और तेलंगाना में कनेक्टिविटी बढ़ाना, पर्यटन को बढ़ावा देना और माल ढुलाई में सुधार लाना है।

स्वीकृत परियोजनाएं सिकंदराबाद (सनतनगर)- वाडी (तेलंगाना और कर्नाटक) 173 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेलवे लाइन, जिसकी लागत 5,012 करोड़ रुपये है ताकि सीमेंट उद्योगों और ताप विद्युत संयंत्रों को सहायता प्रदान की जा सके। देशलपुर- हाजीपीर- लूना और वयोर- लखपत (गुजरात)- 2,526 करोड़ रुपये की लागत से 145 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन, कच्छ के रण, धोलावीरा, कोटेश्वर मंदिर, नारायण सरोवर और लखपत किले को जोड़ने वाले 13 नए स्टेशन, भागलपुर- जमालपुर (बिहार)- 53 किलोमीटर तीसरी लाइन, 1,156 करोड़ रुपये और फुरकाटिंग- न्यू तिनसुकिया (असम)- 194 किलोमीटर दोहरीकरण- 3,634 करोड़ रुपये से होगा।

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, INDU DEVI Mother of 15790420X HAV (OFC) DINESH C/o 56, APO Resident of 5/13, SHRAMIK COLONY, RAU, INDORE, MADHYA PRADESH – 453331. Changed my name from INDU BAI to INDU DEVI vide affidavit dt 12 Aug 2025 before P Raveendranath Advocate and Notary, Secunderabad.

I, 15790420X HAV (OFC) DINESH C/o 56, APO Resident of 5/13, SHRAMIK COLONY, RAU, INDORE, MADHYA PRADESH – 453331. My Daughter's name changed from MANVI to MANVI THAKRE vide affidavit dt 12 Aug 2025 before P Raveendranath Advocate and Notary, Secunderabad.

I, NILIMA THAKRE, Legally Wedded Spouse of 15790420X HAV (OFC) DINESH C/o 56, APO Resident of 5/13, SHRAMIK COLONY, RAU, INDORE, MADHYA PRADESH – 453331, my name changed from NILIMA to NILIMA THAKRE vide affidavit dt 12 Aug 2025 before P Raveendranath Advocate and Notary, Secunderabad.

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**पूर्व तट रेलवे**

**स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (STBA) की नियुक्ति**

सूचना सं. WCE/UTS/STBA/Notification/WAT/2025/3 दिनांक : 21.08.2025

पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल में 'NSG-6' के लिए उनतालीस (39), 'NSG-5' के लिए एक (01) एवं 'NSG-4' के लिए एक (01) वर्ग के स्टेशनों में कमीशन के आधार पर अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (UTS) के जरिए अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु "स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट" (STBA) के रूप में चयन एवं नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले इच्छुक व्यक्ति उल्लेखित प्रारूप के अनुसार विधिवत रुप से भरे हुए आवेदन पत्र में वांछित स्व-अनुप्रमाणित कागज़ संलग्न कर के उसे एक मुहरबंद कवर में रख कर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, वाल्टियर (वाणिज्य शाखा, मण्डल रेलवे प्रबंधक कार्यालय बिल्डिंग, वाल्टियर) के पते पर एक मुहरबंद बॉक्स में रख कर आवेदन पत्र जमा करा सकते हैं। आवेदन जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 29.09.2025 को 1600 बजे तक। निर्धारित तिथि के बाद पहुंचने वाले आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**स्टेशनों के नाम**

NSG-4 वर्ग के स्टेशन (24 घंटे आधार पर 1 वर्ष की समयावधि के लिए): (1) बोब्बिलि (VBL)।
NSG-5 वर्ग के स्टेशन (24 घंटे आधार पर 3 वर्ष की समयावधि के लिए): (1) दामनजोड़ि (DMNJ)।
NSG-6 वर्ग के स्टेशन (24 घंटे आधार पर 3 वर्ष की समयावधि के लिए): (1) कंटकापल्लि (KPL), (2) गोटलम (GTLM), (3) गरुडबिल्लि (GRBL), (4) जेमादेईपेंठ (JMPT), (5) लड्डा (LDX), (6) केउटगुड़ा (KTGA), (7) सिकरपाई (SKPI), (8) भालुमास्का (BLMK), (9) लीलीगुम्मा (LLGM), (10) राउलि (RUL), (11) सिंगाराम (SGRM), (12) बाईगुड़ा (BGUA), (13) मल्लीवीडु (MVW), (14) बोड्डवारा (BDVR), (15) चिमिडिपल्ली (CMDP), (16) गोरापुर (GPJ), (17) सुकु (SUKU), (18) मानाबार (MVF), (19) जराति (JRT), (20) मालिगुड़ा (MVG), (21) छतरिपुट (CTS), (22) धनपुर (DIR), (23) खड़पा (KDPA), (24) अम्बागांव (AGB), (25) अमागुड़ा (AGZ), (26) नकटी सेमरा (NKX), (27) कुम्हारमारेंगा (KMEZ), (28) तोकापाल (TPQ), (29) बड़े आरापुर (BDXX), (30) डिलमिली (DMK), (31) सिलाकझोरी (SZY), (32) कुमारसोड़ा (KMSD), (33) काकलूर (KKLU), (34) कवारगांव (KWGN), (35) डाबपाल (DPF), (36) गीदम (GIZ), (37) कमलुर (KMLR), (38) भान्सी (BHNS), (39) बचेली (BCHL)।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक 29.09.2025 को 1600 बजे।
आवेदन खुलने की तिथि व समय : दिनांक 29.09.2025 को 1630 बजे।

सामान्य नियम और शर्तें तथा आवेदन प्रारूप के लिए कृपया वेबसाइट : www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in एवं http://tenders.gov.in का अवलोकन करें अथवा वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व तट रेलवे, वाल्टियर मण्डल, दोण्डापार्ति, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, विशाखापट्टनम से संपर्क करें।

PR-529/Q/25-26 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर

IEPF | SEBI

CDSL NSDL BSE NSE

**निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण (IEPFA)**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**सार्वजनिक सूचना**

**निवेशक शिविर**

निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण (IEPFA), जो कारपोरेट कार्य मंत्रालय के अधीन है और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के सहयोग से कार्य करता है, निवेशक शिविर प्रारंभ कर रहा है — यह एक विशेष पहल है जिसका उद्देश्य देशभर के दावेदारों की शिकायतों और प्रश्नों का समाधान करना है।

**उद्देश्य**

निवेशक शिविर का उद्देश्य निवेशक सेवाओं को सरल बनाना, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और निवेशक संरक्षण को मजबूत करना है:
- 6–7 वर्षों से लंबित अप्राप्त लाभांश के हस्तांतरण को सुगम बनाना।
- कंपनी के साथ केवाईसी (KYC) और नामांकन अपडेट में सहायता करना।
- अप्राप्त और अवितरित शेयरों एवं लाभांश से संबंधित लंबित IEPFA दावों का निवारण करना।

**निर्धारित शहर**

इस दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए, निवेशक शिविर को हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है।

**कार्यक्रम का विवरण**

**तिथि/समय:** 30 अगस्त 2025, सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक
**स्थान:** हरियाणा भवन,
1-8-179, सरोजिनी देवी रोड, एचडीएफसी बैंक के पास, जोगानी, रामगोपालपेट,
सिकंदराबाद, हैदराबाद, तेलंगाना 500003

**कैसे भाग लें**

कृपया इस सूचना में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके या निम्न लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण करें: **https://qr.me-qr.com/l/NiveshakShivir**
यह पंजीकरण हमें सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि आपको निवेशक शिविर में उचित और समय पर सहायता प्राप्त हो।

**अधिक जानकारी के लिए**

कृपया हमारी आधिकारिक वेबसाइट देखें: www.iepf.gov.in और नवीनतम अपडेट और घोषणाओं के लिए हमें सोशल मीडिया चैनलों पर फ़ॉलो करें।

हम सभी दावेदारों से आग्रह करते है कि इस अवसर का लाभ उठाएँ और सीधे हमारे विशेषज्ञों से अपनी चिंताओं का समाधान करें। आपकी भागीदारी हमें बेहतर सेवा और सहयोग प्रदान करने में सहायक होगी।

**टोल फ्री नंबर: 14453 | कॉल सेंटर: सोमवार से शुक्रवार, सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक**

www.iepf.gov.in

CBC 07110/15/0002/2526

## सपा का आरोप- जिस घर में रहते हैं असीम अरुण

### उसके मालिक के दो-दो जगह वोट



कन्नौज, 28 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) की एक नेता ने राज्य के समाज कल्याण मंत्री एवं कन्नौज सीट से विधायक असीम अरुण के कैंप कार्यालय के प्रभारी के दो-दो जगह वोट होने का दावा किया है। कन्नौज में सपा की नेता शशिमा सिंह दोहरे ने मंत्री असीम अरुण को आड़े हाथों लेते हुए दावा किया कि सपा पर फर्जी वोट बनवाने का आरोप लगा रहे मंत्री असीम अरुण के कैंप कार्यालय के मालिक के भी दो-दो जगह वोट हैं। दोहरे ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री असीम अरुण जिस मकान में रहते हैं उसके मालिक का एक वोट हौदापुरवा गांव में और दूसरा वोट मिरगावा गांव में है। उन्होंने कहा कि इस बूथ की प्रभारी होने के नाते उन्होंने फर्जी वोट कटवाने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे जाहिर होता है कि प्रशासन दवाब में आकर वोट चोरी में सहयोग कर रहा है।

## नेपाल के रास्ते बिहार में घुसे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी



### पुलिस ने जारी किया अलर्ट

पटना, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पुलिस मुख्यालय ने सूबे के सभी जिलों को अलर्ट किया है। अलर्ट करने की वजह यह है कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकी के नेपाल के रास्ते बिहार में घुसने की सूचना मिली है। पुलिस मुख्यालय ने तीनों आतंकियों के नाम, फोटो और पासपोर्ट से संबंधित जानकारी साझा किया है। पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि आतंकियों ने बिहार में घुसपैठ की है, जिसमें रावलपिंडी का रहने वाला हसनैन अली अवान, उमरकोट का आदिल हुसैन और बहावलपुर का मोहम्मद उस्मान शामिल है।

पुलिस मुख्यालय ने जिलों से कहा है कि पुलिस मुख्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार तीनों आतंकी अगस्त के दूसरे सप्ताह में काठमांडू पहुंचे थे। वहां से अगस्त के तीसरे सप्ताह में नेपाल बॉर्डर से बिहार में घुसे। पुलिस मुख्यालय ने आशंका जताते हुए कहा है कि हो न हो ये लोग किसी बड़ी घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में हैं। पुलिस मुख्यालय ने बिहार के सभी जिलों को स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को सक्रिय कर आसूचना संकलन करने और संदिग्ध आतंकियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

## चीनी महिला ने 9 करोड़ टैक्स चुराए

मेरठ, 28 अगस्त (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के बेंगनेस पार्क में चल रही टेंटेक इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने सरकार के 9 करोड़ रुपए से ज्यादा की टैक्स चोरी की। कंपनी विजुअल डिस्प्ले बनाती है। जीएसटी विभाग और विजिलेंस की अब तक की इन्वेस्टिगेशन में कंपनी की सिक्योरिटी कैशियर चीनी महिला एलिस ली टैक्स चोरी की मुख्य आरोपी निकली है। जो कंपनी से रोज लाखों रुपए का कैश कलेक्ट करती थी। इसके बाद उस रकम को कहीं ठिकाने लगा रही थी।

लाखों रुपए का कैश कहां ठिकाने लगाया जा रहा था, इसकी जांच हो रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि जीएसटी पोर्टल पर कंपनी का एड्रेस फर्जी दिखाया गया है। पूरी कंपनी चाइना से हैंडल की जा रही थी। अगर आरोप सिद्ध हो गया तो दोनों आरोपियों को बराबर 5 साल की सजा हो सकती है। फिलहाल कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार सिंह और मनी कलेक्टर चीनी महिला एलिस ली को 4 दिन की न्यायिक हिरासत में मेरठ जेल में भेजा गया है। मामले में अगली सुनवाई 1 सितंबर को होगी।

## जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर ने कारोबारी को धमकाया

झांसी, 28 अगस्त (एजेंसियां)। झांसी जेल में बंद एक हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र राजपूत ने कारोबारी को धमकी दी है। फोन कर कहा- तुझे इतनी गोली मारेंगे कि शक्ल नहीं पहचान पाओगे। धमकी भरे कॉल से कारोबारी भयभीत है। 4 माह पहले भी उसने ही एफआईआर कराई थी। तब पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर वीरेंद्र राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब ठेठ बुंदेलखंडी में वह कह रहा है कि तुम्हारी वजह से वीरेंद्र को गोली लगी थी। अगर बचना है तो जेल में मुलाकात कर लो। जेल में बंद होने के बावजूद धमकी भरी कॉल ने सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अब पीड़ित कारोबारी की तहरीर पर चिरगांव पुलिस ने केस दर्ज किया है। स्वाट टीम ने 5 मई को मुठभेड़ में पैर में गोली मारकर वीरेंद्र राजपूत गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे जेल भेज दिया था। अब जेल में बंद वीरेंद्र राजपूत ने कुछ दिनों पहले उनको मोबाइल फोन पर जान से मार देने की धमकी दी। जेल से फोन आने की बात सुनकर पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया।

# राहुल गांधी ने मां जानकी मंदिर में की पूजा, तेजस्वी भी रहे साथ

सीतामढ़ी, 28 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी ने गुरुवार की सुबह सीतामढ़ी के जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, राजेश राम, पप्पू यादव समेत तमाम विपक्षी नेता मौजूद थे। प्रदेश में जारी वोटर अधिकार यात्रा के दौरान ये सभी लोग सीतामढ़ी पहुंचे हैं।



तेजस्वी यादव ने जानकी मंदिर की तस्वीरें शेयर करते हुए एक्स पर लिखा है, माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी जिले के प्रसिद्ध जानकी मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश में सुख-शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। मां की कृपा सबों पर अनवरत बरसती रहे तथा हमें अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध लड़ने की ताकत मिलती रहे, यही प्रार्थना है। सीपीआई (एमएल) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने 'वोटर अधिकार यात्रा' पर कहा, जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। हर दिन यह प्रतिक्रिया बढ़ती जा रही है। यह पूरे बिहार के लिए एक ऐतिहासिक आंदोलन की शुरुआत हो रही है जो कि आवश्यक भी है क्योंकि एसआईआर के जरिए 1.5-2 करोड़ लोगों के नाम काटने की साजिश की गई थी। भट्टाचार्य ने कहा, हमारी मांग है कि जिन लोगों के नाम गलत तरीके से (मतदाता सूची से) काटे गए हैं उनके नाम शामिल हों।

जब चुनाव आएगा तो एक-एक वोट का सही इस्तेमाल करके इस सरकार पर चोट करने की आवश्यकता है। डबल इंजन की सरकार ने बिहार को डबल धोखा दिया है और इस धोखेबाज सरकार को गद्दी से हटाना जरूरी है, बदलाव लाना जरूरी है। आरजेडी नेता मनोज कुमार झा ने वोटर अधिकार यात्रा को लेकर कहा, प्रतिक्रिया तो पूरा देश और पूरी दुनिया देख रही है। हमें स्वयं भी अंदाजा नहीं था कि वोटर अधिकार यात्रा जिसकी शुरुआत चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत के खिलाफ आक्रोश से हुई थी, वह यहां तक पहुंच जाएगी।

आरजेडी नेता संजय यादव ने कहा कि बिहार का बच्चा-बच्चा अब अपना अधिकार मांग रहा है। जनता के जिस निर्णय से सरकार डरती है और जो मत जनता का सबसे मारक हथियार है, वह उसी को छीनना चाहते थे लेकिन अब बिहार की जनता ने ठान लिया है और यह 'वोटर अधिकार यात्रा' अब 'जन आशीर्वाद यात्रा' में बदल चुकी है। लोगों ने सुनिश्चित कर दिया है कि अब बदलाव होना तय है।

# पूजा पाल ने डीजीपी से की मुलाकात, सपा नेताओं के खिलाफ एक्शन की मांग

लखनऊ, 28 अगस्त (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी से निष्कासित विधायक पूजा पाल ने अपनी पार्टी के खिलाफ एक बार फिर तीखी टिप्पणी की है। गुरुवार को उन्होंने सपा नेतृत्व और पार्टी की महिलाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी के भीतर महिलाओं के प्रति सम्मान की कमी है। उन्होंने दावा किया कि उनके निजी जीवन पर अनावश्यक



टिप्पणियां की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव के सामने नंबर बढ़ाने के लिए सपा नेता उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर रहे हैं। गुरुवार को पूजा पाल ने डीजीपी से मुलाक़ात कर सपा नेताओं के खिलाफ एक्शन की मांग की है। पूजा पाल ने कहा, "... समाजवादी पार्टी की महिलाएं जिस तरह से दूसरी महिला की निंदा कर रही हैं, मुझे उनकी सोच पर तरस आता है।" उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में महिलाओं में आत्मसम्मान की कमी है, जिसके कारण वे दूसरों का सम्मान करने में असमर्थ हैं। पाल ने यह भी कहा कि कुछ नेता उनके खिलाफ बयान देकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। पूजा पाल ने अखिलेश यादव पर भी प्रहार करते हुए कहा कि उनके निजी जीवन पर की जा रही टिप्पणियां निंदनीय हैं। पाल के इस बयान के बाद सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। कुछ समर्थकों का मानना है कि उनका यह बयान सपा के भीतर असंतोष को और उजागर करता है, जबकि पार्टी के प्रवक्ताओं ने इसे उनकी निराशा से प्रेरित बताया। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान को सपा की महिलाओं के प्रति नीति की नाकामी के रूप में पेश करने की कोशिश की है।

# पीएम मोदी का जन्मदिन मनाने की तैयारी: 17 सिंतबर से सेवा पखवाड़ा मनेगा

लखनऊ, 28 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश भर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाएगी।

प्रदेश संगठन ने इसकी क्षेत्रवार तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी कड़ी में भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गोरक्ष क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। धर्मपाल ने कहा कि मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष को नियमित संवाद से रणनीति बनाकर काम करना है।

प्रत्येक बूथ पर मजबूत व्यूह रचना तैयार कर भाजपा की जीत सुनिश्चित करें और विपक्ष के झूठ और भ्रम का पर्दाफाश करें। मतदाता पुनरीक्षण में सजगता के साथ हमें प्रत्येक घर तक पहुंचना है और ऐसे सभी नवमतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है, जो 18 वर्ष या उससे



अधिक आयु पूर्ण कर चुके है। इसके साथ ही ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम भी करना है जो बूथ छोड़कर कहीं अन्यत्र रहने लगे हैं या दिवंगत हो चुके हैं।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में गरीब, शोषित, वंचित, उपेक्षित वर्ग के सामाजिक और आर्थिक उत्थान का भाव सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा में पार्टी के सभी पदाधिकारी, सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं को मोदी का संदेश लेकर रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर के अलावा स्वच्छता कार्यक्रमों सहित विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से गांव, गली, मोहल्लों, शहरों, कस्बों, पगडंडियों तक पहुंचें। धर्मपाल ने पदाधिकारियों के साथ अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव और 2027 में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की भी समीक्षा की।

उन्होंने पदाधिकारियों के साथ बूथ समितियों को मजबूत करने और बूथ व्यूह रचना से संबंधित रणनीति पर चर्चा की और उन्हें तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए।

# 'दहेज का मुकदमा नहीं चलेगा' निक्की हत्याकांड पर बोले वकील एपी सिंह



ग्रेटर नोएडा, 28 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश स्थित गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा में सिरसा गांव निवासी निक्की भाटी मामले में एडवोकेट एपी सिंह ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि निक्की भाटी के पति विपिन भाटी पर दहेज का मुकदमा नहीं चलेगा। एपी सिंह ने कहा कि अभी पुलिस जांच कर रही है। इसलिए बहुत कुछ कहना वो भी उचित नहीं है।

वकील ने कहा कि एक पहलू ये भी बता रहे हैं कि 9 साल शादी को हो गए तो दहेज का मुकदमा नहीं चलेगा। दहेज की धाराएं नहीं लगेंगी। दहेज के केस नहीं चलेंगे क्योंकि बात 9 साल पुरानी हो गई। 7 साल के अंदर अगर दहेज हत्या है तो वह इसके अंतर्गत आती है। एपी सिंह ने निक्की की बहन कंचन का जिक्र करते हुए कहा कि- बहन कंप्लेनेंट है।

बहन ने फोटो खींच वीडियो बनाई वीडियोग्राफी की तो बचाया क्यों नहीं? उसको बचाना चाहिए था। उसको सुरक्षित करना चाहिए था। कोई भी एक अनजान व्यक्ति भी, रास्ते में चलता है, अगर कोई घटना हो रही है, तो पहले वो बचाता है, प्रयास करता है कि उसे सिक्योर करे, सेफ करे। उसने वीडियो बनाई तो उसे बचाया क्यों नहीं? यह भी एक गंभीर विषय है।

उन्होंने कहा कि निक्की के परिजन स्कर्पियो पहले दे चुके थे। अब अगर उसके बाद भी गाड़ी मांगी जा रही है, तो इससे बड़ी हद क्या होगी? इससे बड़ा बुरा क्या होगा? बता दें निक्की मामले में उसके पति विपिन, ससुर-सतवीर, सास दया और जेठ रोहित को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।इस मामले में पुलिस की छानबीन जारी है। पुलिस ने उस अस्पताल से भी संपर्क किया है जहां निक्की को ले जाया गया था।

# वोटर अधिकार यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री और आरजेडी नेता का मोबाइल-पर्स चोरी

दरभंगा, 28 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में जेब कतरों का आतंक देखा जा रहा है। दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में जेबकतरों ने आरजेडी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अली असरफ



फातमी का पर्स चुरा लिया। वहीं, आरजेडी नेता भोला सहनी का मोबाइल और पर्स चोरी करते एक युवक को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान बदमाशों ने भीड़ का फायदा उठाकर कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के पर्स और मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। यात्रा में शामिल भीड़ के बीच कई अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की चोरी की वारदातें हुईं। इससे लोगों में आक्रोश है और पुलिस की चौकसी पर सवाल उठने लगे हैं। घटना की पुष्टि करते हुए फातमी ने कहा, सिर्फ़ मेरा ही नहीं, बल्कि कई अन्य कार्यकर्ताओं और नेताओं का सामान चोरी हुआ है। भोला साहनी ने भी स्वीकार किया कि उनका मोबाइल और पर्स चोरी हुआ है। फ़िलहाल, पुलिस गिरफ़्तार युवक से पूछताछ कर चोरी के अन्य मामलों की जांच कर रही है।

# बीजेपी से इन वजहों से नाराज हैं संजय निषाद, बगावती तेवर बढ़ा सकते हैं मुश्किल

लखनऊ, 28 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने मुश्किलें बढ़ाना शुरू कर दिया है। हाल ही में यूपी सरकार में मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने छोटे दलों से फायदा नहीं होने पर बीजेपी को गठबंधन तोड़ने तक की नसीहत दी। उनके इस बयान को दबाव की राजनीति के तौर पर देखा जा रहा है। बीजेपी पर दबाव की इस राजनीति में संजय निषाद अकेले नहीं है। उनसे पहले अपना दल सोनेलाल पार्टी भी खुलकर अपने तेवर दिखा चुकी है। ऐसे में बीजेपी के सामने विधानसभा चुनाव से पहले अपने सहयोगियों को संभालने की चुनौती खड़ी हो गई है। संजय निषाद ने हाल ही में पत्रकारों से बात करते हुए कह दिया कि अगर बीजेपी को उनसे गठबंधन करके कोई फायदा नहीं है तो वो गठबंधन तोड़ सकती है। लेकिन, अपने स्थानीय नेताओं से सहयोगी दलों पर हमले कराना बंद करे। नहीं तो आगे के लिए दोस्ती रखना मुश्किल होगा। उन्होंने ये बात सिर्फ निषाद पार्टी के लिए ही नहीं की बल्कि राष्ट्रीय लोकदल, ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को भी इससे जोड़ दिया। उन्होंने ये भी याद दिलाया कि 2019 सपा-बसपा के गठबंधन के बावजूद इन्हीं छोटे दलों बूते भाजपा ने जीत हासिल की थी। संजय निषाद यूहीं बगावती तेवर नहीं दिखा रहे हैं। वो जानते हैं कि पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक छोटे-छोटे दलों ने बीजेपी की जीत में बड़ी भूमिका निभाई है। साल 2022 में निषाद पार्टी ने बीजेपी के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में निषाद पार्टी को 6 सीटों पर जीत हासिल हुई।

# 'डोंट हेट मी प्लीज: मैनेज कर लेना'

## बेटे और पति संग जान देने वाली शिवांगी ने नोट में लिखी ये भावुक बातें



शाहजहांपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के शाहजहांपुर में सूदखोरों से परेशान कारोबारी ने पत्नी और चार साल के बेटे के साथ खुदकुशी कर ली। कारोबारी ने मासूम बेटे को कोल्डड्रिंक में जहर दिया। फिर नई रस्सियों से पत्नी और उसने खुदकुशी कर ली। सूदखोरों और कर्ज से परेशान दुर्गा एन्कलेव कॉलोनी निवासी हैंडलूम कारोबारी सचिन ग्रोवर (36) और पत्नी शिवांगी (34) ने चार साल के बेटे को जहर खिलाने के बाद फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। बेटे की भी मौत हो गई। कारोबारी के फोन में 13 पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसमें ब्याज पर लिए गए कर्ज के अलावा अन्य देनदारियों का भी जिक्र है। सूदखोरों के चंगुल में फंसे सचिन और उनके परिवार ने आत्महत्या से पहले कई बार भयावहता का सामना किया होगा, यह बात उनके 13 पेज के सुसाइड हो बेटी शिवांगी ने अपनी मां संध्या को संबोधित करते हुए एक-एक बात का जिक्र किया है। दिल को द्रवित करने वाले शब्दों में शिवांगी ने यहां तक लिखा कि सचिन का किया सबको भुगतना पड़ेगा, मगर उसे बुरी याद समझकर भूल जाना। सचिन की पत्नी शिवांगी ने सुसाइड नोट में अपनी मां से भी काफी कुछ कहा है।

लिखा-सॉरी मम्मी, मैंने जो कुछ भी किया है। उसकी कोई माफी नहीं है। मेरी कार मेरे मरने के बाद लोन फ्री हो जाएगी। अभी चौक में गिरवी है। साढ़े तीन लाख रुपये में छुड़वाकर बेच लेना। जो पैसा मिलें, उससे अपना गोल्ड निकलवा लेना। कैपरी गोल्ड लोन में है। बाकी चौक में गुरुद्वारा वाली गली में ज्वेलर के पास सचिन के नाम से है। कैपरी मेरे नाम से है। मम्मी किसी से डरने की या प्रेशर में आने की जरूरत नहीं है।

घर बेच देना मेरा और लोन सैटल करवा लेना। सब तुम्हारा है अब। हम नहीं चाहते कि तुम हम लोगों को नफरत से याद करो, बुरी याद समझकर भूल जाना। यह सुसाइड नोट शिवांगी ने अपनी तरफ से जरूर लिखा, मगर पति सचिन और बेटे फतेह का भी नाम साथ में जोड़ा और आखिर में लिखा आई लव यू। शिवांगी ने लिखा है कि कंपनी में कार बेचना, अच्छे पैसे मिलेंगे। थोड़ा टाइम लगेगा, लेकिन सब ठीक हो जाएगा। सबने थोड़ा सब्र रखा होता तो आज ये नहीं होता। सचिन ने बहुत सारी गलतियां की हैं, लेकिन उसने कुछ जानबूझकर नहीं किया। कुछ लोग मेरी वजह से मुसीबत में आए हैं। आई एम सॉरी यार, मेरे पास कोई रास्ता नहीं बचा था। अब जो हो रहा था, वो ठीक नहीं हो सकता, प्लीज मैनेज कर लेना, डॉट हेट मी प्लीज, एंड ट्राई टू अंडरस्टैंड माई सिचुएशन, मेरे घर वालों ने मेरा बहुत साथ दिया, उनकी कोई गलती नही है। शिवांगी ने सचिन के परिवार के बारे में भी लिखते हुए साथ न देने के आरोप लगाए हैं।

सचिन ने सुसाइड नोट काफी विस्तार से लिखा है। इसके करीब 13 पेज हैं, जिसमें उसने प्रताड़ित करने वालों और मदद नहीं करने वालों तक के नाम लिखे हैं। पुलिस को कारोबारी के मोबाइल से सुसाइड नोट के पेज मिले हैं, लेकिन पुलिस उसे सार्वजनिक नहीं कर रही है।

## पांच बच्चों की मां अचानक हो गई गायब

अमेठी, 28 अगस्त (एजेंसियां)। कहा जाता है कि पति-पत्नी का रिश्ता 7 जन्मों का होता है। मगर कुछ लोग इस पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ते। ऐसा ही एक मामला सामने आया है उत्तर प्रदेश के अमेठी से। पांच बच्चों की मां अपने आशिक के साथ भाग गई। उधर पति बेचारा इस बात से बेखबर 7 दिन तक पत्नी को ढूंढता रहा। जब पत्नी का सच पता चला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। वो सीधे थाने पहुंचा। वहां, रोते हुए पुलिस को पूरी बात बताई।

पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के करौंदी गांव का है। यहां राम अवतार यादव अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके पांच बच्चे हैं।

पत्नी किरण यादव एक दिन घर से अचानक गायब हो गई। पति परेशान होकर पत्नी को ढूंढने लगा। बच्चे भी मां को यहां वहां ढूंढने लगे। मगर पत्नी का कोई सुराग हाथ न लगा। ऐसा करते-करते 7 दिन बीत गए।

## नवजात को कपड़े में लेपटकर खेत में फेंका

आगरा, 28 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक दंपति नवजात को खेत में फेंक कर भाग गए। युवती और युवत द्वारा नवजात को खेत में फेंकने का सीसीटीवी में कैद हो गया। दरअसल, आगरा-फिरोजाबाद हाईवे किनारे बने एक ढाबे के पीछे युवती ने नवजात को खेत में फेंका। ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरा में युवती को साफ देखा जा सकता है। वहीं इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।

आगरा-फिरोजाबाद हाईवे पर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक और एक युवती ने एक नवजात बच्ची को खेत में फेंक दिया। यह पूरी घटना पास के एक ढाबे के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह मामला आगरा के थाना एत्मादपुर के श्याम जी ढाबा के पीछे का है। इसके बाद ढाबा संचालक ने पुलिस को सूचना दी। सीसीटीवी में युवती को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

## अंधविश्वास में छात्र की बलि दी: सिर और हाथ-पैर काटे

प्रयागराज, 28 अगस्त (एजेंसियां)। प्रयागराज में प्रॉपर्टी डीलर ने तांत्रिक की जाल में फंसकर 17 साल की भतीजे की बलि दे दी। 2 दिन पहले आरोपी ने स्कूल जाते वक्त बच्चे को किडनैप किया। मुंह दबाकर घर में ले गया। वहां तंत्र-मंत्र किया और बच्चे की हत्या कर दी। फिर हाथ-पैर और धड़ काटकर अलग कर दिए। हाथ-पैर को जंगल में, जबकि धड़ को पॉलिथीन में लपेटकर नाले में फेंक दिया। बेटा शाम तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने स्कूल फोन किया।

पता चला कि वह स्कूल पहुंचा ही नहीं था। इसके बाद परिजनों ने थाने में बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने 2 टीमें बनाकर जांच शुरू की। 200 सीसीटीवी खंगाले, लेकिन आरोपी का पता नहीं चला। जांच के दौरान एक महिला ने पुलिस को बताया- मैंने एक व्यक्ति को नाले में शव फेंकते हुए देखा है। इसके बाद पुलिस ने वहां का सीसीटीवी खंगाला, जिसमें आरोपी नजर आया। आरोपी की पहचान बच्चे के ताऊ सरन सिंह के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कड़ी कार्रवाई, एक दिन में पकड़े पांच घूसखोर

पटना, 28 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का अभियान जोर शोर से चल रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी अभियान की इसी कड़ी में निगरानी ब्यूरो ने अलग-अलग कार्रवाई में पांच घूसखोर सरकारी सेवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से रिश्वत के 1.35 लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं। जिन घूसखोरों को पकड़ा गया है उनमें भोजपुर के शाहपुर प्रखंड से शिक्षा पदाधिकारी मो। गुलाम सरवर, शिक्षक कादिर हुसैन अंसारी को एक लाख, मधुबनी उद्योग केंद्र से एमएसएमई मित्र मोशाहिद खान को 15 हजार और खगड़िया के अलौली अंचल से राजस्व कर्मचारी सत्येंद्र सिंह को 20 हजार के साथ गिरफ्तार किया गया। औरंगाबाद से एक सब इंस्पेक्टर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## दम तोड़ने से पहले जोया के बयान ने उलझाया! पटना पुलिस के लिए अब 'ब्लाइंड केस' क्यों

पटना, 28 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना के आमला टोला कन्या विद्यालय में पांचवीं की छात्रा जोया परवीन की बाथरूम में जलने से मौत हो गई। परिवार ने केरोसिन डालकर हत्या का आरोप लगाया। लेकिन, जोया का अंतिम बयान इस पूरे मामले को रहस्यमयी बना रहा है जिसमें उसने किसी को नहीं पहचाना।पटना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर तो लिया है, लेकिन इसको लेकर कोई भी क्लू नहीं मिल पा रहा है। पटना पुलिस की जांच किस दिशा में बढ़ रही है, इसको लेकर भी अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। स्कूल की ओर से भी अभी तक कुछ भी साफ-साफ सामने नहीं आया है। ऐसे में अब तक यह मामला ब्लाइंड केस बना हुआ है। हालांकि, पुलिस फॉरेंसिक और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच में जुटी हुई है और जल्द ही मामले के खुलासे का दावा कर रही है।

# कांग्रेस विधायक राहुल की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## सोशल मीडिया पर महिलाओं को परेशान करने का आरोप, केरल क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया केस



तिरुवनन्तपुरम, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पलक्कड़ से कांग्रेस के एमएलए राहुल मामकूटाथिल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एमएलए राहुल मामकूटाथिल पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर महिलाओं को परेशान किया और उनको स्टॉक किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इस पूरे मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एमएलए के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मुख्यमंत्री विजयन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि पीड़ित महिलाएं शिकायत करने में बिल्कुल न हिचकिचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को पूरी सुरक्षा दी जाएगी।

उन्होंने कथित तौर पर एमएलए द्वारा कही गई बातों पर हैरानी जताई, मुख्यमंत्री ने कहा कि एक गर्भवती महिला को मारने में ज्यादा समय नहीं लगेगा जैसे बयान गंभीर रूप से आपराधिक और अस्वीकार्य हैं। विधायक राहुल मामकूटाथिल पर लगे आरोप तब सामने आए जब घटना की ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल हुई। ऑडियो में विधायक को जान से मारने की धमकी देते हुए सुना गया था। पुलिस ने पहले कानूनी राय मांगी थी क्योंकि इस पूरे मामले में कोई शिकायतकर्ता नहीं था। लेकिन सीएम की प्रतिक्रिया के बाद पुलिस ने खुद ही मामला दर्ज कर लिया।

### यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से दिया था इस्तीफा

ऐक्ट्रेस के आरोपों के बाद राहुल मामकूटाथिल ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। बीजेपी और सीपीएम ने भी आरोपी एमएलए के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस पूरे मामले के बाद केरल की कई महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर ने भी इसी तरह के आरोप लगाए। कांग्रेस ने एमएलए को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सस्पेंड कर दिया है। लेकिन उनके इस्तीफे की मांग को खारिज कर दिया।

## जिस प्रखर गर्ग ने बांके बिहारी कॉरिडोर के लिए 510 करोड़ रुपये दान का दिया शपथपत्र अब पत्नी सहित गिरफ्तार

आगरा, 28 अगस्त (एजेंसियां)। बांके बिहारी कॉरिडोर के लिए 510 करोड़ रुपये देने का हलफनामा देने के बाद चर्चा में आए बिल्डर प्रखर गर्ग को पत्नी राखी गर्ग सहित गिरफ्तार कर लिया गया। 1.54 करोड़ रुपये के चेक बाउंस के मामले में आरोपी दंपती के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानत वारंट जारी हुए थे। पुलिस ने दोनों को जयपुर से पकड़ा था। दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिए गए। पुलिस के मुताबिक, आरोपी दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी के 4 मुकदमे थाना हरीपर्वत और कमला नगर में दर्ज हैं। दो दर्जन से अधिक चेक बाउंस के मामले भी हैं। इनमें करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोप हैं। बताया था कि प्रखर गर्ग को वर्ष 2022 में जेल भेजा गया था। उसके खिलाफ चेक बाउंस के मामले में कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हुए थे।

# किसान से जमीन सौदे में धोखाधड़ी 3 आरोपियों पर एफआईआर

इंदौर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। कनाड़िया पुलिस ने मंडलेश्वर के एक किसान की शिकायत पर इंदौर के तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने बुरानाखेड़ी गांव में जमीन का सौदा कर रुपए लेने के बाद वही जमीन किसी और को बेच दी। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत डीसीपी से की थी, जिस पर जांच के बाद कार्रवाई की गई। कनाड़िया पुलिस के अनुसार, महात्मा गांधी मार्ग निवासी प्रदीप चौहान की शिकायत पर बलराम (पुत्र मायराम बुराने, निवासी अंबे कॉलोनी रेडिसन), अमजद (पुत्र रहमत पटेल, निवासी खजराना) और संजय (पुत्र भभूत सिंह कुशवाह, निवासी अंबेडकर नगर) के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन (धारा 406 और 420) का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, संजय और अमजद ने संजय बुराने की भूमि प्रदीप को बेची थी। इस सौदे में 6 जुलाई 2022 को 1.432 हेक्टेयर भूमि खरीदी गई थी। सौदे के दौरान 7 लाख रुपए बाकी छोड़कर पूरी राशि बलराम को दी गई थी। इसके अलावा अमजद को 9 लाख रुपए अलग से देने का अनुबंध हुआ था। बाद में पता चला कि बलराम और अमजद ने भूमि का नामांतरण नहीं कराया, जिसके कारण प्रदीप की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। इसके बाद भी आरोपी रजिस्ट्री कराने का आश्वासन देते रहे। इसी भूमि को आरोपियों ने 12 मार्च 2024 को संतोष मकवाना, सुरेश मकवाना और श्रीराम मकवाना के नाम भी बेच दिया और इसकी जाहिर सूचना दी। जब यह बात प्रदीप को पता चली तो उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की। करीब एक साल की जांच के बाद कनाड़िया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## मिजोरम होगा भिखारी फ्री भीख मांगने पर पूरी तरह रोक विधानसभा में बिल पास

आइजोल, 28 अगस्त (एजेंसियां)। मिजोरम विधानसभा में विपक्षी सदस्यों की आपत्तियों के बीच, राज्य में भीख मांगने पर प्रतिबंध लगाने संबंधी बिल पास हुआ। राज्य की समाज कल्याण मंत्री लालरिनपुई ने 'मिजोरम भिक्षावृत्ति निषेध' विधेयक, 2025 सदन में पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य केवल भीख मांगने पर रोक लगाना नहीं है बल्कि भिखारियों को स्थायी आजीविका विकल्प प्रदान करके उनकी सहायता और पुनर्वास करना भी है।

उन्होंने मिजोरम में बढ़ती भिक्षावृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा राज्य बहुत भाग्यशाली है, यहां की सामाजिक संरचना, चर्चों और गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी के साथ राज्य में लागू की जा रही कल्याणकारी योजनाओं के कारण राज्य में भिखारियों की संख्या बहुत कम है। उन्होंने कहा कि सैरांग-सिहमुई रेलवे स्टेशन की शुरुआत के बाद से मिजोरम में दूसरे राज्यों से भिखारियों के आने की आशंका बढ़ जाएगी।

इस रेलवे लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 सितंबर को करेंगे। लालरिनपुई ने कहा, ''सरकार का मानना है कि उचित नियामक ढांचे के माध्यम से वह राज्य को भिखारियों से मुक्त रख सकती है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार एक राज्य स्तरीय 'राहत बोर्ड' का गठन करेगी, जो भिखारियों को अस्थायी रूप से रखने के लिए 'रिसीविंग' केंद्र स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि भिखारियों को पहले 'रिसीविंग' केंद्र में रखा जाएगा और 24 घंटे के भीतर उन्हें उनके मूल घरों या राज्यों में भेज दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, राज्य की राजधानी आइजोल में गैर-स्थानीय लोगों सहित 30 से अधिक भिखारी हैं।

मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के नेता लालचंदमा राल्ते सहित विपक्षी सदस्यों ने कहा कि यह विधेयक ईसाई धर्म के लिए हानिकारक है और राज्य की प्रतिष्ठा को धूमिल करेगा। विधेयक को विधानसभा द्वारा लम्बी चर्चा के बाद पारित किया गया, जिसमें लालदुहोमा सहित 13 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## रात में आया सपना, फिर खुदाई में मिली गणेश और नंदी महाराज की प्रतिमा; लोग बता रहे चमत्कार

दमोह, 28 अगस्त (एजेंसियां)। देश दुनिया में गणेश उत्सव की धूम के बीच लोग बप्पा की पूजा अर्चना में लीन हैं। इसी बीच एमपी के दमोह जिले में एक बड़ा चमत्कार हुआ है। यहां बावड़ी के पास से जमीन के अंदर से भगवान गणेश और नंदी महाराज की दो प्राचीन मूर्तियां निकली हैं। जिले के देहात थाना के अंतर्गत आने वाले नरसिंहगढ़ इलाके में एक प्राचीन मंदिर है। समय के साथ ये जीर्ण शीर्ण हो रहा है। रामबाग स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में पिछले दो सालों से जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। मंदिर को सवारा जा रहा है।

इसी मंदिर की समिति के एक सदस्य कैलाश मिश्रा को पिछले कुछ दिनों से सपना आ रहा था कि मंदिर परिसर में बनी बावड़ी के पास जमीन में भगवान गणेश और नंदी की मूर्तियां हैं। कई बार इस मामले को लेकर समिति ने बातचीत की, लेकिन मामला टलता गया। इसके बाद गणेश चतुर्थी के दिन समिति ने भी सपने के आधार पर जमीन से मूर्ति निकालने का निर्णय लिया और जिस जगह के बारे में कैलाश मिश्रा को सपना आ रहा था, वहां विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और खुदाई का काम जेसीबी मशीन से कराया गया।

काफी खुदाई के बाद मजदूरों ने आराम से खुदाई की तो जमीन के भीतर से सपने के मुताबिक दो मूर्तियां निकलीं। इनमें एक भगवान गणेश और दूसरी नंदी महाराज की प्रतिमा है। देखने में ये दोनों प्रतिमाएं प्राचीन काल की लग रही हैं। इनके मिलने के बाद लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं। जैसे ही इलाके के लोगों को इस बात की जानकारी मिली कि जमीन के अंदर से प्रतिमाएं निकली हैं लोगों का हुजूम इनके दर्शनों के लिए जमा हो गया।

## विधवा की कहानी सुन भावुक हुए ऊर्जा मंत्री

### इंजीनियर को डांटकर जुड़वाया कनेक्शन, 6 दिन से अंधेरे में थी

ग्वालियर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एक विधवा महिला की कहानी सुनकर भावुक हो गए। यह विधवा महिला अपने दो नाबालिग बेटों के साथ छह दिन से अंधेरे में रह रही थी। महिला ने रोते हुए अपनी परेशानी मंत्री जी को बताई तो वह भावुक हो गए। उन्होंने तुरंत असिस्टेंट इंजीनियर को फटकार लगाई और महिला के घर बिजली कनेक्शन जोड़ने को कहा। इसके बाद महिला के घर बिजली कनेक्शन जोड़ दिया गया है। बताया जा रहा है कि ई सड़क पर रहने वाली महिला का छह हजार रुपये बिजली बिल बकाया था।

## केरल में आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार ने मौत को लगाया गले

कासरगोड, 28 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के कासरगोड में कथित तौर पर आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। यहां ओंडामपुली, परक्कलाई के रहने वाले एक परिवार के चार लोगों ने बेलूर में रबर प्रसंस्करण में इस्तेमाल होने वाले एसिड का सेवन कर जान देने की कोशिश की। हालांकि इनमें से एक सदस्य की जान बच गई, उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में जानकारी दी। अंबालाथारा पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार सुबह करीब 3 130 बजे हुई।

मृतकों की पहचान गोपी मुलावेनिवेदु (56), उनकी पत्नी केवी इंदिरा (54) और उनके बड़े बेटे रंजेश (36) के रूप में हुई है। वहीं, उनके छोटे बेटे का इलाज सरकारी मेडिकल कॉलेज, परियाराम में चल रहा है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि रागेश की हालत गंभीर बनी हुई है और वह गंभीर रूप से अंदरूनी रूप से जल गया है। उन्होंने बताया कि रबर प्रसंस्करण में इस्तेमाल होने वाले एसिड के सेवन के बाद रागेश ने अपने पड़ोस में रहने वाले संबंधी नारायणन को फोन कर इसकी जानकारी दी।

जिसके बाद वे सभी मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ कर सभी को बाहर निकाला और चारों को लेकर कन्हानगढ़ के जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोपी मुलावेनिवेदु की रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं, पत्नी इंदिरा और बेटे रंजेश को कन्नूर के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां ले जाते समय दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, परिवार हाल ही में आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। पुलिस ने बताया कि मूलवेनिवेदु और उनके बेटे पहले परक्कलायी के चेमेनथोडु में एक किराने की दुकान चलाते थे, लेकिन घाटे के बाद उन्हें उसे बंद करना पड़ा।

इतना ही नहीं रंजेश का विवाह के बाद तलाक भी हो गया था। पुलिस के मुताबिक, अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। अधिकारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

## महाराष्ट्र में काम के घंटे बढ़ाकर 10 घंटे करने जा रही देवेंद्र फडणवीस सरकार



मुंबई, 28 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों के लिए एक बड़ा नियम लागू करने जा रही है। सरकार काम के घंटों को बढ़ाने पर विचार कर रही है। श्रम मंत्री आकाश फंडकर के अनुसार अभी महाराष्ट्र में 9 घंटे काम करने का नियम है, जिसे बढ़ाकर 10 घंटे बढ़ाने पर काम चल रहा है। यह प्रस्ताव श्रम विभाग ने मुंबई में हुई कैबिनेट मीटिंग में रखा था। मंत्री ने बताया कि प्रस्ताव पर काम शुरू हो गया है, हालांकि अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। अगर ये बदलाव होता है तो महाराष्ट्र शॉप्स एंड एस्टेब्लिशमेंट्स (रेगुलेशन ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट एंड कंडीशंस ऑफ़ सर्विस) एक्ट, 2017 में बदलाव करने होंगे। यह कानून दुकानों, होटलों, मनोरंजन केंद्रों और प्राइवेट बिजनेस में काम करने के घंटे और नौकरी की शर्तों को तय करता है। महाराष्ट्र सरकार का मानना है कि इस नियम के बदलाव के बाद महाराष्ट्र के नियम अंतर्राष्ट्रीय नियमों के जैसे हो जाएंगे और काम करने की जगह पर ज्यादा सुविधा मिलेगी। सबसे बड़ा बदलाव ओवरटाइम को लेकर है। अभी तीन महीने में 125 घंटे ओवरटाइम करने की अनुमति है, जिसे बढ़ाकर 144 घंटे किया जा सकता है। इसके साथ ही, लगातार काम करने के नियमों में भी बदलाव होंगे। नए नियम के तहत कर्मचारियों को आराम देने के लिए बीच-बीच में ब्रेक देना जरूरी होगा। ताकि उन पर काम का ज्यादा दबाव न पड़े। एक और बड़ा बदलाव यह होने जा रहा है कि नए श्रम कानूनों के बनने के बाद महिला कर्मचारियों को देर रात तक काम करने की अनुमति मिल सकती है।

सरकार ने कहा कि इससे महिलाओं के लिए नौकरी के अवसर बढ़ेंगे। श्रम मंत्री ने कहा कि सरकार इस कानून के दायरे को भी बढ़ाने की सोच रही है। अभी नियम है कि जिस बिजनेस में 10 से कम कर्मचारी हैं, वे इस कानून में नहीं आते हैं। लेकिन नए प्रस्ताव के अनुसार इसे बदला जाएगा। फंडकर ने यह बताया कि अभी यह सब बातें शुरुआती दौर में हैं। उन्होंने कहा कि कई प्राइवेट कंपनियों में कर्मचारी पहले से ही तय समय से ज्यादा काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उसका सही पैसा नहीं मिलता। इसलिए, सरकार इस पर विचार कर रही है।

## कमल नाथ दिग्विजय विवाद पर सिंघार बोले

# पुरानी बातों को याद करने से क्या मतलब, जिसे बिकना था बिक गए



इंदौर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के कारण पांच साल पहले कांग्रेस की सरकार गिरने के कारणों पर पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ और दिग्विजय सिंह के बीच तलवारें खींची हुई हैं। सिंह ने हाल ही में खुलासा किया था कि नाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच विवाद थे। जिन्हें समाप्त करने की उन्होंने कोशिश की। एक उद्योगपति के घर दोनों के बीच मीटिंग भी कराई। इस मुद्दे पर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे उमंग सिंघार ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अब पुरानी बातों को याद करने से क्या मतलब। बीती ताहि विसार देने में ही सबकी भलाई है। पांच साल पहले क्या हुआ? क्यों कांग्रेस की सरकारी गिरी। यह सबको पता है। सिंघार ने कहा कि तब मुझे भी लालच दिया गया था।

जो बिकना थे, बिक गए। हम बिकाऊ नहीं हैं, कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे और रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि भाजपा सरकार वोट चोरी करने के अलावा नौकरियों भी चोरी कर रही है। कई पद खाली पड़े हैं। ओबीसी आरक्षण पर स्पष्ट निर्णय लेने से सरकार बच रही है। इस मामले में भाजपा सरकार की दोहरी नीति नजर आ रही है। ओबीसी समाज को केवल छलावा और जुमले दिए जा रहे हैं।

इस मामले में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक मात्र दिखावा है। अगर सरकार की नीयत साफ है तो तत्काल आदेश जारी कर 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जा सकता है।

## ओबीसी के 27% आरक्षण पर राजनीतिक दल साथ

### अब लड़ाई श्रेय की; कांग्रेस बोली- हम लड़े बीजेपी ने कहा- सीएम का पहले से मन था



भोपाल, 28 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर सभी राजनीतिक दल एक मत हो गए हैं। हालांकि, अब श्रेय की लड़ाई शुरू हो गई है। कांग्रेस कह रही है कि हमने लड़ाई लड़ी, इसलिए सरकार सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन याचिका पर जल्द निर्णय पर बात कर रही है। वहीं, बीजेपी का कहना है कि सीएम डॉ. मोहन यादव पहले ही मन बना चुके थे। मुख्यमंत्री ने ओबीसी आरक्षण पर गुरुवार को सीएम हाउस में सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक के बाद उन्होंने कहा- हम सभी एकमत हैं और सभी चाहते हैं कि ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन प्रकरण में निर्णय जल्द आए, ताकि सभी बच्चों को आयु सीमा खत्म होने के पहले लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि 14 प्रतिशत क्लियर है और 13 प्रतिशत होल्ड है। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, सांसद अशोक सिंह, कमलेश्वर पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि आज की बैठक खोदा पहाड़ निकली चुहिया जैसी थी।

सिंघार बोले- कांग्रेस और भाजपा के वकील साथ में बैठने तैयार हैं। सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। कांग्रेस के बनाए घर में नारियल फोड़कर श्रेय लेना चाहते हैं। किसी के हित की बात हो तो राजनीति नहीं करनी चाहिए। जल्द से जल्द आरक्षण का रास्ता साफ होना चाहिए।

# कान में झुमका, फैंसी दुपट्टा, महाराष्ट्र पहुंचीं कथावाचक जया किशोरी ने बताया उन्हें क्या पसंद है

पुणे, 28 अगस्त (एजेंसियां)। प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी महाराष्ट्र के पुणे के एक अलग अंदाज में नजर आईं। गणपति मंडल के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचीं जया किशोरी ने अपनी पसंद से लेकर शादी के सवाल पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र आकर खुशी मिलती है क्योंकि उनकी मां महाराष्ट्र से हैं। उनका यहां पर ननिहाल है। ऐसे में महाराष्ट्र का खानपान उन्हें पसंद है। गणपति के प्राण प्रतिष्ठा में बुलाए जाने पर उन्होंने कहा कि मेरा प्रमोशन हो रहा है। मैं पिछली बार आरती में आई थी लेकिन इस बार प्राण-प्रतिष्ठा में आई हूं। कानों में झुमके और फैंसी दुपट्टा डालकर पहुंचीं जया किशोरी श्रीमंत बाबूसाहेब रंगारी गणपति के कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। जया किशोरी ने लोगों ने कहा कि अगले 10 दिनों के लिए आधुनिकता का त्याग कर दें और फिर भक्ति में लीन रहें। जया किशोरी से जब यह पूछा गया कि उनकी शादी को लेकर अक्सर सवाल होता है। उन्होंने बप्पा से क्या मांगा? इस पर जया किशोरी ने कहा कि मैंने बप्पा से अपनी शादी के लिए कुछ नहीं मांगा, वो हो जाएगी। मैंने बस इतना ही मांगा है कि सब पर भगवान की कृपा बनी रहे। जया किशोरी मूलरूप से राजस्थान की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी कथा और भजनों से बड़ी पहचान बनाई है। गणपति की स्थापना के मौके पर बेहद खुश दिख रहीं जया किशोरी ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों से ज्यादा कला किसी के पास नहीं है। उन्होंने अपील की कि स्थानीय लोगों को मौका दें। ऐसा करने से एक बार फिर भारत सोने की चिड़िया बनेगा। जया किशोरी ने कहा कि जब दुनिया के बाकी हिस्सों में औपचारिक शिक्षा शायद शुरू भी नहीं हुई थी, तो भारत में लगभग सात लाख तीस हजार गुरुकुल थे।





# थ्री स्टार, नीली बत्ती वाली कार, एडीजीपी की वर्दी

## पश्चिम बंगाल के ठग के सामने आई असली पुलिस

धौलपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल पुलिस को सन्न कर देने वाली एक घटना सामने आई है। राज्य के हुगली जिले की नंबर प्लेट वाली गाड़ी के साथ खुद को एडीजीपी बताता हुए एक शख्स राजस्थान पहुंच गया। अलवर के पास धौलपुर में जब स्थानीय पुलिसकर्मियों को शक हुआ तो उन्होंने जांच की। जैसे ही एडीजीपी बनकर रौब गांठ रहे जालसाज का भांडा फूट गया। यह घटना धौलपुर में चेक प्वाइंट पर हुई। पुलिस ने नीली बत्ती लगी एक कार को रोका। इसके बाद आगे जो हुआ उसके बाद पुलिसकर्मी भी दंग रह गए। आरोपी ने पुलिस के सामने खुद को नेशनल सिक्योरिटी कॉप का एडीजी बताया। उसने चार आईडी कार्ड दिखाए, जो जांच में फर्जी निकले।

पश्चिम बंगाल को मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के धौलपुर में पकड़े गए शख्स की पहचान सुप्रियो मुखर्जी (45) के रूप में हुई है। वह नीली गाड़ी में बत्ती लगाकर खुद को सीनियर आईपीएस बता रहा था। उसने पूछताछ में खुद को नेशनल सिक्योरिटी कॉप एडीजीपी बताया था। गाड़ी हुगली जिले में पंजीकृत है। राजस्थान में बंगाल के फर्जी ऑफिसर बनकर घूम रहे शख्स की गिरफ्तारी के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप है। यह घटना ऐसे वक्त पर सामने आई है जब जुलाई महीने में यूपी पुलिस ने मथुरा में बंगाल के एक शख्स को फर्जी डीएसपी के तौर पर अरेस्ट किया है। सिद्धार्थ चक्रवर्ती का नाम शख्स खुद को यूपी पुलिस में डीएसपी बताकर शराब पी रहे लोगों से रुपये ऐंठता था। खुद को एडीजीपी बताने वाल शख्स खुद ही कार चला रहा था।

कार में उसकी पत्नी भी थी। राजस्थान में स्थानीय पुलिस को यह देखकर शक हुआ। इसके बाद गाड़ी के नंबर के साथ अगले चेक प्वाइंट पर यह सूचना भेजी गई। राजस्थान पुलिस ने आरोपी के पास से नीली बत्ती लगी एक कार, एक एयर रिवॉल्वर, एक एयर पिस्टल और दो एयर राइफल जब्त की। धौलपुर के सदर पुलिस एसएचओ शैतान सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक टैबलेट और चार अलग-अलग फोटो पहचान पत्र मिले।

## विरार बिल्डिंग हादसा: बेटी का पहला बर्थडे मनाने के तुरंत बाद मलबे में समा गया परिवार, अब तक 17 लोगों की मौत

पालघर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई से सटे पालघर के विरार में बिल्डिंग गिरने से मृतकों की संख्या बढ़कर अब 17 हो गई है। विरार के नारंगी इलाके में बुधवार को 4 मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट का एक हिस्सा गिर गया था। इमारत का मलबा हटाने का काम अब भी जारी है। एनडीआरएफ की 2 टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही है। जानकारी के मुताबिक, रमाबाई अपार्टमेंट की चौथी मंजिल ओंकार जोविल का परिवार रहता था। हादसे से कुछ मिनट पहले तक ओंकार बेटी उत्कर्षा का पहला बर्थडे मना रहे थे। जन्मदिन की पार्टी में दोस्त और परिवार के लोग भी आए हुए थे लेकिन अब चौथी मंजिल पर रहने वाले ओंकार का पूरा परिवार उजड़ गया है। जोयल परिवार ने बेटी उत्कर्षा का बर्थडे मनाने के लिए घर को अच्छे तरीके से सजाया था। केक काटने के महज कुछ मिनट के बाद ही बिल्डिंग भरभराकर गिर गई।

# खराब मौसम की चेतावनी के बाद भी क्यों नहीं रोकी गई वैष्णो देवी यात्रा? सीएम उमर अब्दुल्ला ने उठाए सवाल



जम्मू, 28 अगस्त (एजेंसियां)। कश्मीर में वैष्णो देवी यात्रा के दौरान भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं ने हाहाकार मचा दिया। रियासी और डोडा जिलों हुई प्राकृतिक आपदा में कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकांश श्रद्धालु वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा कर रहे थे। जम्मू क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में दर्ज की गई भीषण बारिश ने इलाके में तबाही मचा दी।

तीर्थयात्रियों की मौत पर उमर अब्दुल्ला का सवाल उठाते हुए कहा कि मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद वैष्णो देवी यात्रा क्यों नहीं रोकी गई? मंगलवार को अर्धकुंवारी के पास अचानक आए बादल फटने की घटना में 34 श्रद्धालुओं की जान चली गई। वहीं, सुबह हुई तेज बारिश और अचानक आई बाढ़ में डोडा जिले में चार लोगों की मौत हुई। अन्य लोग विभिन्न स्थानों पर घायल हुए हैं और राहत एवं बचाव कार्यों में पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम लगी हुई है। इस घटना के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तीर्थयात्रियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और अधिकारियों से सवाल किया कि जब मौसम विभाग ने पहले से चेतावनी जारी की थी, तो यात्रा क्यों नहीं रोकी गई। उमर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जब हमें मौसम विभाग से चेतावनी मिली थी, तो क्या हम उन लोगों की जान बचाने के लिए कोई कदम नहीं उठा सकते थे? ये लोग ट्रैक पर क्यों थे और उन्हें सुरक्षित जगह क्यों नहीं पहुंचाया गया? उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले पर बाद में गंभीर चर्चा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आपदा से पहले जानकारी होने के बावजूद श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए, जो चिंता का विषय है। उनका कहना था कि अनमोल जानें जाने का दुख है और इसके लिए जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा।

वैष्णो देवी यात्रा का संचालन श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड करता है, जिसके अध्यक्ष जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा हैं। यह बोर्ड त्रिकुटा पहाड़ियों में तीर्थयात्रियों की निगरानी करता है। हालांकि उमर अब्दुल्ला के सवालों के बावजूद इस बोर्ड की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया कि मौसम अलर्ट के बावजूद यात्रा क्यों नहीं रोकी गई। इस हादसे ने प्रशासन की आपदा प्रबंधन नीतियों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राहत कार्यों के बीच अधिकारियों ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त कदम उठाने की बात कही है।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 29 अगस्त- 2025

# ट्रंप टैरिफ की रणनीति और दबाव की राजनीति



सुरेश गांधी

ट्रंप का यह कदम केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भूल है। भारत जैसे उभरते महाशक्ति को नज़रअंदाज़ करना या दबाव में लेना संभव नहीं है। टैरिफ दांव से न केवल अमेरिकी अर्थव्यवस्था को झटका लगेगा, बल्कि वैश्विक संतुलन भी बिगड़ेगा। अमेरिका के हित इसी में हैं कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करे और भारत के साथ सहयोग की राह पर लौटे। भारत को अब और अधिक धैर्य, आत्मनिर्भरता और वैश्विक साझेदारी पर ध्यान देना होगा। टैरिफ की यह आँच लंबे समय तक झुलसाएगी, लेकिन इससे भारत और मज़बूत होकर उभरेगा—यह भी तय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ संकेत दिया है कि भारत दबाव की राजनीति स्वीकार नहीं करेगा। रूस से तेल खरीदना भारत के लिए सिर्फ आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा की मजबूरी है। इसी पृष्ठभूमि में मोदी सरकार ने देशवासियों से 'लोकल अपनाओ' और घरेलू उत्पादों के प्रयोग की अपील की है। यह टैरिफ विवाद कहीं न कहीं भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' नीति को और मज़बूती ही देगा। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर बढ़ा हुआ टैरिफ अब लागू हो चुका है। लेकिन यह केवल "ट्रेड वॉर" का मामला नहीं है। यह कदम उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिए अमेरिका भारत को आर्थिक, सामरिक और राजनीतिक दबाव में लाना चाहता है। यदि मुद्दा केवल व्यापारिक समझौतों तक सीमित होता, तो बात इतनी भर होती किकूंकि भारत अमेरिका से इतना टैरिफ वसूलता है, इसलिए वह भी उतना ही लेगा। परंतु रूस से सस्ता तेल खरीदने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी देना और बार-बार भारत को धमकाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि खेल कहीं गहरा है। यह दरअसल भारत को घेरने की पुरानी अमेरिकी नीति का ही नया संस्करण है। ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने इस टैरिफ को अब तक की सबसे बड़ी क्षति बताया है। सच यही है कि दोनों देशों के बीच आपसी भरोसा भले कभी 'पूर्ण' नहीं रहा हो, लेकिन रणनीतिक संबंध लगातार मज़बूत हो रहे थे। रक्षा सहयोग, क्वाड, इंडो-पैसिफिक रणनीति—ये सब साझेदारी की मिसाल थे। अब यह रिश्ता तनाव की भट्ठी में झोंक दिया गया है। स्वतंत्रता के बाद से ही अमेरिका ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ एक मोहरे की तरह इस्तेमाल किया है। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में अमेरिका ने खुले तौर पर इस्लामाबाद को धन और हथियारों से मदद दी। इतना ही नहीं, 1971 में जब भारत ने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का साथ दिया, तब अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा "एंटरप्राइज" को बंगाल की खाड़ी में भेज दिया गया था। हालांकि, अमेरिका को हमेशा यह गलतफहमी रही कि वह भारत को दबा सकता है। लेकिन इतिहास गवाह हैकृहर बार भारत ने अपनी संप्रभुता की रक्षा की है। 9/11 हमलों के बाद आतंकवाद के मुद्दे पर अमेरिका भारत के करीब जरूर आया, पर वह भी स्थायी नहीं था। अमेरिकी नीति कभी स्थायित्व वाली नहीं रही। उसकी रणनीति हमेशा यही रही है किकृजिस देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही हो, उसे उसके पड़ोसी से भिड़ा दो। युद्ध का भारी-भरकम खर्च उस देश को दशकों पीछे धकेल देता है। अमेरिका की चाल केवल हथियार बेचने तक सीमित नहीं है। उसकी रणनीति है, पहले दुश्मनी भड़काओ। फिर "मदद" के नाम पर हथियार दो। बाद में उन्हीं हथियारों की मनमानी कीमत वसूलो। और अंत में जब वह देश भुगतान न कर पाए, तो उसके प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा कर लो। यह नीति आज यूक्रेन के सामने है। रूस से युद्ध में उलझे यूक्रेन को अमेरिका और पश्चिमी देशों ने "मदद" के नाम पर अरबों डॉलर के हथियार दिए। अब उन हथियारों और पैकेज की कीमत संसाधनों और खनिजों पर कब्जे की शर्तों के साथ वसूली जा रही है। ब्राजील, रूस, भारत और चीन जैसे देश पहले ही ट्रंप की 'टैरिफ राजनीति' के खिलाफ एकजुट होते दिख रहे हैं। यह स्थिति अमेरिका को अलग-थलग कर सकती है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र—भारत और अमेरिका—के बीच बढ़ता तनाव लोकतांत्रिक सहयोग की दिशा को भी कमजोर करेगा।भारत की मजबूती अमेरिका को असहज कर रही है। इसलिए पहले कोशिश की गई कि भारत को चीन से भिड़ा दिया जाए। पर जब भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी और अमेरिकी दबाव में आने से इनकार कर दिया, तो पुराने मोहरे पाकिस्तान को फिर से सक्रिय कर दिया गया। आज पाकिस्तान के ही नेता स्वीकार कर चुके हैं कि उन्होंने अमेरिका के कहने पर ही आतंकवाद को पैदा किया, पाला-पोसा और दूसरे देशों पर हमले कराए। यही कारण है कि आने वाले समय में पाकिस्तान के जरिए भारत पर नए आतंकवादी हमलों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस बार पाकिस्तान केवल चीन और तुर्की से मिले हथियारों पर ही निर्भर नहीं रहेगा, बल्कि संभावना है कि अमेरिकी तकनीकीकृञ्ञ्।ब्, चंजतपवज और ळवसकमद क्वउम जैसे हथियार भी अप्रत्यक्ष रूप से उसके हाथों में पहुंचे। यह भारत के लिए एक नई चुनौती होगी। भारत और अमेरिका के बीच कूटनीतिक बातचीत जारी तो रहेगी, लेकिन आपसी विश्वास को जो क्षति पहुँची है, उसकी भरपाई मुश्किल है। अमेरिका बार-बार "लोकतंत्र" और "मानवाधिकार" के नाम पर भारत की आलोचना करता है, जबकि खुद उसकी नीतियां दोहरे मानदंडों पर आधारित होती हैं। भारत यह अच्छी तरह समझ चुका है कि, अमेरिका किसी का स्थायी मित्र नहीं हो सकता। उसका मित्र केवल वही है, जिसके हित उसके आर्थिक और सामरिक एजेंडे से मेल खाते हों। जैसे ही हित टकराते हैं, वह वही पुराना खेल खेलना शुरू कर देता है। जहां तक टैरिफ की बात है, भारत के सामने सबसे बड़ा हथियार उसकी गुणवत्ता और आत्मनिर्भरता है। यदि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता उच्च स्तर की रही, तो दुनिया के किसी न किसी बाजार में उसकी मांग बनी रहेगी। मुनाफा थोड़ा कम-ज्यादा हो सकता है, लेकिन भारत की संप्रभुता और आत्मसम्मान सुरक्षित रहेगा। आज भारत का संदेश स्पष्ट है, पाकिस्तान या चीन से संबंध भारत अपनी रणनीति के हिसाब से तय करेगा। अमेरिका या किसी अन्य महाशक्ति के इशारे पर नहीं। आर्थिक दबाव या टैरिफ युद्ध हमें झुका नहीं सकता।

**भारत-अमेरिका संबंधों के प्रमुख मोड़**

1965 : भारत-पाक युद्ध में अमेरिका ने पाकिस्तान को हथियारों और आर्थिक सहायता से खुलकर मदद दी।

1971 : बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भारत के खिलाफ अमेरिका ने "यूएस एंटरप्राइज" नौसैनिक बेड़ा बंगाल की खाड़ी भेजा।

1974 : भारत के पहले परमाणु परीक्षण ("स्माइलिंग बुद्धा") के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए।

1998 : पोखरण-2 परमाणु परीक्षण के बाद कड़े अमेरिकी प्रतिबंध लगे, परंतु भारत झुका नहीं।

2001 : 9/11 हमले के बाद आतंकवाद-विरोधी मोर्चे पर भारत-अमेरिका सहयोग बढ़ा।

2005 : भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते की शुरुआत हुई।

2008 : भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु करार (123 एग्रीमेंट) लागू हुआ, लेकिन इसके पीछे अमेरिकी कंपनियों को भारी लाभ मिला।

2016 : भारत को अमेरिका ने "मेजर डिफेंस पार्टनर" का दर्जा दिया।

2020 : ट्रंप शासनकाल में व्यापारिक तनाव चरम पर पहुँचा, भारत पर टैरिफ बढ़ाए गए।

2022 : रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत ने स्वतंत्र रुख अपनाया, सस्ता तेल खरीद जारी रखा, अमेरिका ने दबाव बनाने की कोशिश की।

2025 : अमेरिकी टैरिफ फिर बढ़ा, रूस से ऊर्जा खरीदने पर दंडात्मक कार्रवाई की धमकी, कूटनीतिक अविश्वास गहरा हुआ।

# पहाड से मैदान तक जल प्रलय

हिमालय पहाड जगह-जगह तांडव करते दिखाई दे रहे हैं तो दक्षिण की नदियां भी अपने पूरे यौवन पर उफन रही हैं। जम्मू के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से अब तक 35 लोगों के मारे जाने की खबर है। घटना की गंभीरता को देखते हुए यात्रा रोक दी गई है। उत्तराखंड-हिमाचल प्रदेश से लेकर जम्मू-कश्मीर तक भारी बारिश और भूस्खलन से तबाही मची है, जिसमें कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पडा है। पहाडी क्षेत्र इस समय भयानक तबाही के दौर से गुजर रहा है। लगभग सभी नदियां उफन रही हैं, पहाड़ जगह-जगह से दरक रहे हैं और जिंदगियां दांव पर लगी हैं। रास्ते जाम हो गए हैं, इसलिए सामानों से लदे ट्रक व यात्रियों से भरी बसें रास्ते में ही अटकी पडी हैं। वैष्णो देवी धाम के पास हुए लैंडस्लाइड में फंसे हुए यात्रियों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। जम्मू ने केवल 20 घंटों में ही 10 साल की सबसे ज्यादा बारिश देख ली। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने X पर भारी बारिश को लेकर चिंता जाहिर की है। इस बार बरसात में इस तरह की घटनाएं बार-बार दिखाई दी है। महीने की शुरुआत में उत्तराखंड के धराली में बादल फटने के बाद आए फ्लैश फ्लड ने पूरे कस्बे को तबाह कर दिया। फिर चमोली के थराली में आफत बरसी। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक बार फिर 14 अगस्त को बादल फटने से भारी तबाही मची। मचैल माता यात्रा के रास्ते पर आई प्राकृतिक आपदा की वजह से भारी जन-धन की हानि देखी गई। इन घटनाओं पर गौर करें तो आपदाओं में जान गंवाने वालों में बड़ी तादाद पर्यटकों की रही। धराली, उत्तराखंड के चार धाम में से एक, गंगोत्री के रूट पर पड़ता है। इसी तरह वैष्णो देवी के दर्शन के लिए सालभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। ये हादसे सबक हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों में मौजूद भीड़भाड़ वाले पर्यटन और धार्मिक क्षेत्रों में ऐसे इंतजाम करने की जरूरत है, जिससे किसी अनहोनी की सूरत में लोगों को तुरंत निकाला जा सके। यह तो तय है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोका जाना असंभव है, लेकिन उनसे होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। इसके लिए समय रहते वॉर्निंग सिस्टम को बेहतर बनाने की जरूरत है। बाढ़ और भूस्खलन के खतरे वाले इलाकों में लगातार निगरानी से खतरों की पूर्व सूचना मिल सकती है। मॉनसून के सीजन में पहाड़ों की यात्रा वैसे भी मुश्किल हो जाती है, तो इस मौसम में यात्रियों की संख्या सीमित करने पर विचार करने में आखिर क्या बुराई है? मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट दिया है। दूसरे राज्यों के पर्यटक और श्रद्धालु अब भी विभिन्न जगहों पर फंसे हुए हैं। अभी इन सभी की सुरक्षित घर वापसी और राहत-बचाव पर फोकस होना चाहिए। यह भी सुखद है कि उस इलाके में फंसे पर्यटकों को रहने व खाने की पूरी व्यवस्था वहां के लोग कर रहे हैं। वह भी बिना पैसे के। दूसरी ओर मैदानी इलाकों में भी सभी नदियां हाहाकारी उफान पर हैं। यहां तक कि रास्ता बदलकर घरों व गांवों को अपने चपेट में ले रही हैं। गंगा-यमुना ले लेकर दक्षिण में गोदावरी तक अपने पूरे वेग में लहरा रही है। तेलंगाना के कामारेड्डी में भारी बरसात से सडकों के अस्थिपंजर दिखने लगे हैं। जो किसी भी खतरे को न्यौता दे सकते हैं।

# ध्यानचंद के हॉकी स्टिक में था 'जादू'



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 'खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था।1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए।

दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरूबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पाटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे।

# राष्ट्रीय खेल दिवसः गौरवशाली अतीत से सुनहरे भविष्य की ओर



प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

29 अगस्त का दिन भारत के लिए महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक ज्वलंत प्रेरणा का प्रतीक है, जो देश की खेल चेतना को नई ऊर्जा और उड़ान देता है। यह वह पावन दिन है जब हॉकी के अप्रतिम जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ, जिन्होंने अपनी अनुपम प्रतिभा और अटूट समर्पण से भारत का नाम वैश्विक खेल मंच पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कर दिया। राष्ट्रीय खेल दिवस केवल एक व्यक्तित्व की स्मृति का उत्सव नहीं; यह उस अटल भावना का महोत्सव है जो अनुशासन, एकता, और राष्ट्रीय गौरव को जीवंत बनाती है। यह दिन हमें खेलों की उस गहन शक्ति की याद दिलाता है, जो न केवल व्यक्तिगत उत्कृष्टता को प्रज्ज्वलित करती है, बल्कि समाज और राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का सामर्थ्य भी रखती है।

भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत में खेलों का स्थान हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। वैदिक साहित्य में कुश्ती, रथ दौड़, और तीरंदाजी जैसे खेल शारीरिक और मानसिक प्रखरता के प्रतीक थे, जबकि महाभारत में चतुरंग और पासा जैसे खेल बौद्धिक कुशाग्रता को दर्शाते थे। ग्रामीण भारत में कबड्डी, खो-खो, और गिल्ली-डंडा जैसे पारंपरिक खेल मनोरंजन के साथ-साथ सामुदायिक एकता को बढ़ावा देते थे। आधुनिक युग में, विशेषकर स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, खेल राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक बने। इस दौर में मेजर ध्यानचंद ने हॉकी में भारत को विश्व पटल पर स्थापित किया। 1928, 1932, और 1936 के ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर, खासकर 1936 के बर्लिन ओलंपिक में अमेरिका को 24-1 से हराकर, जिसमें ध्यानचंद ने 10 गोल किए, भारत ने अपनी अजेय भावना का प्रदर्शन किया। उनकी हॉकी स्टिक की जाँच तक हुई, क्योंकि विरोधी इसे जादुई मानते थे। यह भारत के अपराजेय संकल्प और आत्मा का प्रतीक था।राष्ट्रीय खेल दिवस, जो मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों से प्रेरित है, खेलों की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित करता है, जो सामाजिक एकता, आर्थिक प्रगति, और मानसिक संबल को बढ़ावा देता है। हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रपति द्वारा ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन, द्रोणाचार्य, और ध्यानचंद पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जो खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के समर्पण को सम्मानित करते हैं। ये पुरस्कार युवाओं को प्रेरित करते हैं कि खेल केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि अनुशासन, दृढ़ता, और सहयोग जैसे जीवन मूल्यों का पाठशाला है। 2023 तक भारत ने ओलंपिक में 35 पदक जीते, जिनमें टोक्यो 2020 के 7 पदक, विशेषकर नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में स्वर्ण पदक, ऐतिहासिक हैं। ये उपलब्धियाँ भारत की खेल प्रतिभा को दर्शाती हैं, लेकिन इसे निखारने के लिए और समर्पित प्रयासों की जरूरत है। राष्ट्रीय खेल दिवस भारत में खेलों की चुनौतियों पर चिंतन का अवसर देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं की कमी, स्कूलों में खेलों को कम महत्व देना, और अपर्याप्त बजट उभरती प्रतिभाओं को दबा रहे हैं। 2022-23 में भारत का खेल बजट केवल 3,400 करोड़ रुपये था, जो अमेरिका और चीन जैसे देशों के विशाल बजट की तुलना में नगण्य है। इसके अलावा, 70% से अधिक ग्रामीण स्कूलों में खेल के मैदान या बुनियादी उपकरण नहीं हैं। यह दिन हमें इन कमियों को दूर करने और खेलों को हर बच्चे के जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा देता है, ताकि प्रत्येक बच्चे में छिपा नीरज चोपड़ा या पी.वी. सिंधु जैसी प्रतिभा को अवसर मिले।

खेलों की अनूठी शक्ति सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहाँ भाषा, धर्म और संस्कृति विभाजन पैदा कर सकते हैं, खेल एकता का सेतु बनते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम की विश्व कप जीत या नीरज चोपड़ा का ओलंपिक स्वर्ण पदक पूरे देश को एकजुट करता है। 2011 के क्रिकेट विश्व कप की जीत में लाखों भारतीय, जाति-धर्म-प्रांत भुलाकर, एक भावना में डूबे थे। राष्ट्रीय खेल दिवस इस एकता को और मजबूत करने का अवसर देता है, ताकि खेल सामाजिक समरसता का प्रतीक बनें और हर भारतीय को जोड़ें। खेलों का मनोवैज्ञानिक प्रभाव गहरा और परिवर्तनकारी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नियमित शारीरिक गतिविधि तनाव को 40% और अवसाद के लक्षणों को 30% तक कम करती है। भारत में, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य कलंक का शिकार है, खेल एक मूक क्रांति ला सकते हैं। स्कूलों में खेल आत्मविश्वास, नेतृत्व, और सहनशीलता जैसे गुण विकसित करते हैं। कबड्डी सहयोग और रणनीति सिखाती है, तो दौड़ और तैराकी आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देती हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस हमें याद दिलाता है कि खेल न केवल शरीर, बल्कि मन और आत्मा को संतुलित कर जीवन को दिशा देते हैं, और इन्हें मानसिक स्वास्थ्य की औषधि के रूप में अपनाना चाहिए।

खेलों का आर्थिक महत्व आज अपरिहार्य है, वैश्विक खेल उद्योग 500 अरब डॉलर से अधिक का है। भारत में आईपीएल, जिसकी 2024 में ब्रांड वैल्यू 12 अरब डॉलर से अधिक थी, ने रोजगार सृजन के साथ खेल को आर्थिक शक्ति बनाया। प्रो कबड्डी लीग और इंडियन सुपर लीग ने कबड्डी और फुटबॉल को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। राष्ट्रीय खेल दिवस हमें कबड्डी, खो-खो जैसे ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहित करने, छिपी प्रतिभाओं को उभारने, और खेल पर्यटन व स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का अवसर देता है। यह दिन दर्शाता है कि खेल केवल जीत नहीं, बल्कि आर्थिक समृद्धि और सामाजिक उत्थान का इंजन हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस खेलों की नैतिकता और ईमानदारी का संदेश देता है। मेजर ध्यानचंद, जिन्होंने हॉकी में भारत का परचम लहराया, अपनी सादगी, समर्पण और निष्ठा से प्रेरणा देते हैं। आज, जब डोपिंग और मैच फिक्सिंग जैसे काले साये खेलों को धूमिल करते हैं, यह दिन हमें सिखाता है कि खेल का असली उद्देश्य मेडल नहीं, बल्कि ईमानदारी और खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करना है। 2021 टोक्यो ओलंपिक में भारत के सात पदक, जो नैतिकता के साथ जीते गए, हमारे गर्व का प्रतीक हैं। सच्ची जीत वही है, जो नैतिकता के रास्ते हासिल हो। 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया फिट इंडिया मूवमेंट राष्ट्रीय खेल दिवस की पृष्ठभूमि में प्रत्येक भारतीय को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने का क्रांतिकारी कदम है।

आँकड़े बताते हैं कि 60% से अधिक भारतीय वयस्क नियमित व्यायाम से दूर हैं, जिससे मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियाँ बढ़ रही हैं। रोज़ाना 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि स्वास्थ्य सेवाओं पर हजारों करोड़ रुपये के बोझ को कम कर सकती है। राष्ट्रीय खेल दिवस एक जन-आंदोलन की शुरुआत हो सकता है, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और ऊर्जावान, स्वस्थ समाज का निर्माण करे। राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद की स्मृति से कहीं अधिक है; यह भविष्य की संभावनाओं का मंच है। यह हमें हर गाँव, स्कूल और घर में खेलों की संस्कृति स्थापित करने, जीवन को समृद्ध करने, समाज को एकजुट करने और राष्ट्र को गौरवान्वित करने की प्रेरणा देता है।

# आस्था का मृत्युभोज



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

आजकल मैं जब किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाता हूँ, तो ऐसा लगता है जैसे मैं ही भगवान हूँ। ये लोग मुझे देखते हैं, सम्मान देते हैं, हाथ जोड़कर पूछते हैं- भोजन करेंगे न महाराज? और मेरा मन रो पड़ता है। रोना इस बात का नहीं कि मुझे भोजन के लिए पूछा गया, बल्कि इस बात का कि भोजन की थाली में क्या-क्या रखा है! बचपन में जब हम माताजी के साथ मंदिर जाते थे, तो एक बताशा और एक इलायची का दाना प्रसाद में मिलता था। वही बताशा हमारे लिए अमृत था। अब एक थाली में पाँच तरह की मिठाइयाँ, चार तरह के नमकीन, तीन तरह की सब्ज़ियाँ और पाँच तरह की पूरियाँ रखकर पूछते हैं कि क्या यही भक्ति है? हम छोटी-छोटी चीजों से मरते-जीते हैं। वर्तमान पीढ़ी का आदमी जब भगवान के नाम पर एक लाख रुपये का चंदा देता है, तो सोचता है कि इसके आगे राणा प्रताप का बलिदान कुछ नहीं है। अगर भारतवासी 1990 से 2000 तक सिर्फ एक लड्डू का भोग लगाते, तो 2001 में ही रामराज आ जाता। मगर उस समय हमें किसी ने बताया ही नहीं कि अभी छोटा प्रसाद चढ़ाओगे, तो आगे चलकर भव्य मंदिर में आरती दिखाओगे और मजे में वीआईपी लाइन में खड़े होकर 'कंसंट्रेशन कैंप' चलाओगे। उसी देश के नाम पर कोई पाँच सौ का भोग लगाता है और कोई पाँच लाख का। पाँच सौ वाला अब पूछने लगा है- क्या यह मेरी आस्था है? शायद नहीं। आस्था दूसरों की है। मैं तो इसमें किराये से रहता हूँ। जब मुझसे धर्म के लिए प्राण देने की माँग की जाएगी, तब सोचूंगा कि किराये की जगह के लिए प्राण दूँ कि नहीं? या पहले जगह अपने कब्जे में करके फिर उसके लिए लड़ूँ? इस देश का आम आदमी अपनी ही भक्ति से बेदखल कर दिया गया है। वह अपने ही मंदिर में किराये से रहता है। ये किरायेदार आजकल छोटी-छोटी पूजाएँ करते हैं और रोते हैं। बहुत लोगों के चेहरे गुड़ के डले की तरह हो गए हैं। कल एक के घर कथा में गया था, तो लग रहा था जैसे मृत्यु-भोज में शरीक हूँ। उस आदमी ने बड़ी पीड़ा से कहा, क्या करें, असली श्रद्धा मिलती ही नहीं। ऐसा भाव था जैसे इसकी माँ मर गई हो और यह कह रहा है, भैया, हमारी माताजी श्रद्धा देवी की मृत्यु हो गई। मैं कहता, "राम-राम, बड़ा बुरा हुआ। क्या बीमारी थी माताराम को? वह जवाब देता, बीमारी कुछ नहीं थी। चार-पाँच दिन पहले तक माताजी बाजार में चल-फिर रही थीं। फिर बड़े-बड़े धर्म-गुरुओं और दान-दाताओं ने उन्हें मार डाला। मैं पूछता, भैया, माताराम के क्रिया-कर्म तो अच्छी तरह कर दिए न? वह माथा ठोककर कहता, कहाँ कर पाए! उन लोगों ने आत्मा तक नहीं दी। चुपचाप कहीं दफना दी। मैं उसे समझाऊँगा, "खैर, माताजी तो गईं। उनकी इतनी ही उम्र थी। पर तुम्हारा बाप आडंबर अभी जिन्दा है। उसकी खैर मनाओ। यों खैर मनाने से कुछ नहीं होता। मारने वाला पालने वाले से बड़ा हो गया है। देखा तो नहीं, पर सुना है कि पहले दान-पुण्य से मुक्ति मिलती थी।

# इतिहास से सबक और भविष्य के प्रति आशावान होने का समय



संजीव ठाकुर

प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस आई हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था । बराक ओबामा ने भी कहा था यस वी कैन ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था।

समय परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता कर प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा अर्थपूर्ण अवसर लेकर आता है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है।

अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था।

यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया। एक प्रसिद्ध कहावत है परिवर्तन के अलावा कुछ भी स्थाई नहीं है यह प्रकृति का एक स्थाई और व्यवस्था जनक है कि परिवर्तनशील होना जिवंतता और संघर्ष का प्रमाण है। जिस व्यक्ति, समाज तथा देश में स्थायित्व जाता है वह विकास के विरुद्ध होने लगता है। परिवर्तन सदैव धीरे-धीरे होते हैं यह अचानक नहीं होते प्राकृतिक व्यवस्था अनुसार हर परिवर्तन का एक बड़ा उद्देश्य होता है हर परिवर्तन अपने साथ एक बड़ा अवसर लेकर आता है यह अवसर नवीन लक्ष्यों के आपूर्ति का और उद्देश्य की ओर बढ़ती आकांक्षा को नवीन सृष्टि के निर्माण को संभव बनाने का प्रयास होता है। परिवर्तन का चक्र स्वयं इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन स्वयं की नवीनता का एक बड़ा स्रोत है। बढ़ती जनसंख्या के लिए उत्पादन की ना तो मात्रा पूरी हो पा रही थी और नाही उत्पादन उसकी गति में भी विराम लग गया था।

व्यक्ति, समाज तथा देश के पास पूंजी होने के बावजूद उसके उपयोग का ना तो सामर्थ्य था नहीं उतनी बौद्धिक क्षमता,उसी क्षण विचारों ने परिवर्तन लाना शुरू किया मानव की बुद्धि ने एक बड़ा परिवर्तन लाकर मशीनों का इजाद किया फल स्वरूप कार्य करने की गति को अवसर मिला इस अवसर के साथ उत्पादन मैं भी वृद्धि हुई।





# 'थामा' में हॉरर कॉमेडी के साथ प्यार का तड़का लगाएंगी रश्मिका



**दमदार अभिनय के** साथ-साथ अपने दिलकश अंदाज के लिए 'नैशनल क्रश' का खिताब हासिल करने वाली रश्मिका मंदाना ने अपनी निजी जिंदगी और काम के बीच के संतुलन पर खुलकर बात की है। उसने बताया कि जब शूटिंग नहीं होती, तब वह अपना दिन बहुत सुकून से बिताती है । रश्मिका ने कहा, जब कोई शूटिंग नहीं होती, तो मैं अपना दिन आराम से बिताना पसंद करती हूं। मेरा दिन डायरी लिखने से शुरू होता है । मैं अब भी रोज अपनी डायरी में कुछ न कुछ लिखती हूं, जिससे मुझे अच्छा महसूस होता है और अपने जीवन के लिए शुक्रगुजार रहने में मदद मिलती है। फिर मैं अपने पालतू डॉग के साथ समय बिताती हूं। कभी-कभी टहलने भी चली जाती हूं, या फिर कोई किताब पढ़ती हूं। इसके अलावा, ऐसे शो भी देख लेती हूं जो मैं शूटिंग की वजह से मिस किए थे।

रश्मिका ने कहा कि शूटिंग न होने वाले दिन भी वह पूरी तरह फ्री नहीं होती। कभी-कभी उसे ब्रांड्स के लिए किसी न किसी काम पर जाना पड़ता है। उसने आगे कहा, "काम के बीच में भी मैं कोशिश करती हूं कि कुछ शांत और सुकून भरे पल निकाल सकूं। चाहे दिन कितना भी बिजी क्यों न हो, मैं फिर भी अपने लिए, अपने परिवार के लिए, प्रकृति के लिए, या बस अकेले में शांति बैठने के लिए समय निकाल लेती हूं, क्योंकि ऐसे पल मुझे अंदर से फिर से तरोताजा कर देते हैं ।

### हालिया फिल्म

वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका हाल ही में क्राइम थ्रिलर फिल्म 'कुबेरा' में नजर आई, जिसे शेखर कम्मुला ने डायरैक्ट किया था । इसमें नागार्जुन अक्किनेनी, धनुष, जिम सर्भ और दिलीप ताहिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म एक भिखारी की कहानी है, जिसकी जिंदगी में कुछ ऐसा होता है, जिससे वह पूरी तरह बदल जाता है। फिल्म की कहानी लालच, महत्वाकांक्षा और नैतिक संघर्ष जैसे विषयों पर बात करती है ।

### अगली फिल्में

उसकी अगली तेलुगु फिल्म 'द गर्लफ्रैंड' रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म को राहुल रविंद्रन ने डायरैक्ट किया है। उनके पास एक और फिल्म भी है, जिसका नाम' थामा' है। इस फिल्म में उसके साथ आयुष्मान खुराना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार करेंगे, जो अपनी फिल्म 'मुनिया' के लिए जाने जाते हैं ।

मैडॉक फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'थामा' का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है। टीजर लॉन्च के साथ ही निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर कैप्शन में लिखा, 'न डर कभी इतना शक्तिशाली था और न प्यार कभी इतना खूनी ! इस दीवाली तैयार हो जाइए, मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पहली प्रेम कहानी देखने के लिए। 'थामा' की अनोखी दुनिया में कदम रखिए - एक सिनेमाई अनुभव, जैसा पहले कभी नहीं देखा ! 1 मिनट 49 सैकेंड लंबे इस टीजर की शुरुआत होती है आयुष्मान खुराना के एक इमोशनल वॉयसओवर से, जहां वह कहता है, 'रह पाओगी मेरे बिना 100 साल तक ?'

जवाब देती है रश्मिका मंदाना, '100 साल क्या, एक पल के लिए भी नहीं । '

इसके बाद टीजर में हॉरर और एक्शन का रोमांच, दिल को छूने वाला रोमांस और नवाजुद्दीन का ट्रेडमार्क हास्य, सब कुछ भरपूर दिखाया गया है। अंत में नवाजुद्दीन का एक डार्क-कॉमिक पंच टीजर को मजेदार क्लोजिंग देता है ।

रश्मिका की लुक शेयर करते मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मिलिए ताड़का के रूप में रश्मिका मंदाना से । वह रोशनी की एक पहली किरण हैं।'

'थामा ' मैडॉक के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली पेशकश है, जिसमें पहले से ही 'स्त्री', 'स्त्री 2' 'भेड़िया' और 'मुंज्या' जैसी हिट फिल्में शामिल हैं। फिल्म 'थामा' की कहानी फिल्म 'भेड़िया' से कनैक्टेड है, जिसमें वरुण धवन भेड़िया बना था। उस फिल्म का एक सिरा 'स्त्री 2' से भी जुड़ा था। माना जा रहा है कि ' थामा' की कहानी भी इन्हीं फिल्मों से जुड़ी होगी । बस इस बार भेड़िया और सरकटा के बाद खून पीने वाले वैम्पायर्स की एंट्री हुई है।

### लॉन्च किया परफ्यूम ब्रांड

रश्मिका ने हाल ही में अपना परफ्यूम ब्रांड लॉन्च किया है। उसने इस मौके पर कहा कि परफ्यूम उसके लिए एक ऐसी चीज है, जो अक्सर उसे उन खास पलों में वापस ले जाता है, जो उसे याद नहीं रहते। उसने अपने परफ्यूम ब्रांड का नाम 'डियर डायरी' रखा है। उसने बताया, "मेरे लिए, खुशबू का मतलब यादें हैं। मुझे बहुत-सी बातें याद नहीं रहतीं, लेकिन परफ्यूम उन खास पलों को फिर से ताजा कर देता है, जिन्हें मैं शायद भूल जाती हूं। इसी तरह से मैं उन लोगों, जगहों और अनुभवों को याद रखती हूं, जिनकी वजह से आज जो कुछ भी बन पाई हूं।

## अपर्णा सेन संग इश्क में दीवाने हो गए थे कमल हासन, बेटी श्रुति हासन का खुलासा- मेरे तमिल पापा ने बंगाली सीख ली



कमल हासन अपनी फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने दो शादियां कीं और लिव-इन रिलेशनशिप में भी रहे। अब बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने कमल हासन की निजी जिंदगी के बारे में एक दिलचस्प खुलासा किया है। श्रुति ने फिल्म 'कुली' के प्रमोशन के दौरान बताया कि पापा कमल हासन एक्ट्रेस अपर्णा सेन की दीवाने थे। यह दीवानगी इस हद तक थी कि कमल हासन ने बंगाली भाषा सीखी। और तो और, उन्होंने अपनी फिल्म 'हे राम' में रानी मुखर्जी के किरदार का नाम भी अपर्णा सेन के नाम पर रखा था।

श्रुति हासन 'कुली' के प्रमोशन के लिए एक्टर सत्यराज के साथ मौजूद थीं। बातचीत के दौरान सत्यराज ने श्रुति की तारीफ की और कहा कि वह अपने पापा की तरह की कई भाषाएं जानती हैं। यह भी बताया कि कमल हासन ने बंगाली भाषा में फिल्म बनाने के लिए बंगाली सीखी थी। इस पर श्रुति हासन हंसने लगीं और खुलासा किया कि पापा ने बंगाली भाषा किसी फिल्म के लिए नहीं, बल्कि अपर्णा सेन को इम्प्रैस करने के लिए सीखी थी।

### श्रुति हासन बोलीं- पापा अपर्णा सेन से प्यार करते थे

श्रुति हासन बोलीं, 'नहीं, नहीं। क्या आपको पता है उन्होंने (कमल हासन) बंगाली क्यों सीखी? क्योंकि उस समय वो अपर्णा सेन से प्यार करते थे। उन्होंने उन्हें इम्प्रैस करने के लिए बंगाली सीखी थी, फिल्मों के लिए नहीं। यहां तक कि 'हे राम' में भी उन्होंने अपर्णा सेन के नाम पर ही रानी मुखर्जी के किरदार का नाम रखा।'

### कौन हैं अपर्णा सेन?


अपर्णा सेन की बात करें, तो वह बंगाली सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस, राइटर और डायरेक्टर हैं। वह कोंकणा सेन की मम्मी हैं। अपर्णा सेन ने अपने करियर में 9 नेशनल अवॉड्र्स जीते। उन्होंने '36 चौरंगी लेन' और 'गोयनार बख्शो' जैसी फिल्में डायरेक्ट कीं।

### कमल हासन की दो शादियां-तलाक और अफेयर

कमल हासन की निजी जिंदगी की बात करें, तो उन्होंने दो शादियां की थीं, और कई अफेयर रहे। उन्होंने पहली शादी साल 1978 में वाणी गणपति से की थी और 10 साल बाद ही तलाक हो गया था। इसके बाद कमल हासन ने एक्ट्रेस सारिका को डेट करना शुरू कर दिया और 1988 में उनसे शादी कर ली। शादी के बाद कमल और सारिका दो बेटियों- अक्षरा और श्रुति हासन के पैरेंट्स बने। हालांकि, साल 2004 में कमल हासन और सारिका का भी तलाक हो गया। कमल हासन का कई हीरोइनों संग अफेयर भी रहा। इनमें गौतमी तड़िमल्ला, श्रीविद्या और सिमर बग्गा जैसी एक्ट्रेसेस का नाम शामिल है।

## महाकुंभ वाली मोनालिसा की साउथ सिनेमा में एंट्री ! हाथ लगी सुपरहिट डायरेक्टर की फिल्म, 6 महीने में बदल गया हुलिया





सोशल मीडिया सेंसेशन मोनालिसा अब मलयालम फिल्म 'नागम्मा' से डेब्यू करने जा रही हैं। मोनालिसा को प्रयागराज महाकुंभ में लोगों ने मोनालिसा नाम दिया था। 'नागम्मा' में कैलाश लीड रोल में हैं। फिल्म का पूजा समारोह कोच्चि में हुआ।

महाकुंभ वाली मोनालिसा को मिली साउथ की फिल्म

सोशल मीडिया सेंसेशन मोनी भोसले, जिन्होंने इस साल उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान नेटिजन्स का ध्यान खींचा और लोगों ने उन्हें मोनालिसा नाम दे दिया, अब वो मलयालम सिनेमा में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली मोनालिसा ने महाकुंभ स्थल पर माला बेचने के लिए लोगों को दीवाना बनाया था। मोनालिसा ने मंगलवार को खुद सोशल मीडिया पर अपनी पहली मलयालम फिल्म के पूजा समारोह की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। 'नागम्मा' नाम की इस मलयालम फिल्म में कैलाश लीड रोल में हैं, जो नीलाथमारा (2009) में अपनी परफॉर्मेंस के लिए फेमस हैं। ऑनमनोरमा के अनुसार, पी बीनू वर्गीस की निर्देशित और जीली जॉर्ज की बनाई 'नागम्मा' की शूटिंग सितंबर के अंत तक शुरू होने की संभावना है। यह बीनू की 'हिमुचरी' के बाद अगली फिल्म है, जिसमें एक्टर शंकर लीड रोल में थे।

'नागम्मा' फिल्म के डायरेक्टर

इस आगामी मलयालम फिल्म का पूजा समारोह कोच्चि में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सिबी मलयिल की उपस्थिति में आयोजित किया गया था, जो थानियावर्तनम (1987), किरीदम (1989), दशरथम (1989), महामहिम अब्दुल्ला (1990), भारतम (1991), सदायम (1992), कमलादलम (1992), और चेनकोल (1993) जैसे क्लासिक्स के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं।

### महाकुंभ में मोनालिसा का क्रेज

महाकुंभ के दौरान, मोनालिसा ने हजारों दर्शकों और लाखों इंटरनेट यूजर्स का ध्यान खींचा था और कई लोगों ने सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे। हालांकि, इस पर बहस छिड़ गई और एक वर्ग ने इसे आजीविका कमाने के लिए तीर्थस्थल पर आई लड़की का खुलेआम वस्तुकरण करार दिया। इन बहसों के बावजूद, मामला इतना बिगड़ गया कि लोग उन्हें व्यक्तिगत रूप से देखने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए उमड़ पड़े।

### केरल पहुंची थीं मोनालिसा

फरवरी में, मोनालिसा कोझिकोड जिले में एक नए चेम्मनुर ज्वैलर्स शोरूम का उद्घाटन करने केरल आई थीं। उनके आगमन की खबर सुनते ही शोरूम के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई, जहां वह बच-बचाकर पहुंची थीं। समारोह के दौरान, उन्होंने बॉबी के साथ डांस भी किया, जिससे लोग बहुत खुश हो गए थे।

## सान्या मल्होत्रा ने अपने दमदार अभिनय से हर किसी का ध्यान खींचा




बॉलीवुड में एंट्री करने वाली सान्या मल्होत्रा ने अब तक की अपनी सभी फिल्मों में बेहद दमदार अभिनय से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। 'शकुंतला देवी', 'लुडो', 'पगलैत', 'लव हॉस्टल', 'फोटोग्राफ', 'मीनाक्षी सुंदरेश्वर', 'हिट : द फर्स्ट केस', 'कटहल', 'जवान', 'सैम बहादुर', 'मिसेज' जैसी अब तक की सभी फिल्मों में सान्या अपने हर रोल में एक अलग ही अंदाज और तेवर के साथ नजर आई है।

सान्या इस वक्त सातवें आसमान पर है। हो भी क्यों न, जहां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में उसकी फिल्म 'कटहल ' सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया है, वहीं उसकी एक और फिल्म 'सैम बहादुर' ने सर्वश्रेष्ठ मेकअप, कॉस्ट्यूम डिजाइनर और राष्ट्रीय, सामाजिक एवं पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म जैसे तीन बड़े सम्मान अपने नाम किए।

जैसे इतना ही काफी नहीं था, उसकी तीसरी फिल्म 'जवान' को भी विशेष सराहना मिली, जिसमें शाहरुख खान को शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान से अभिभूत होकर सान्या ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी टीमों और दर्शकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### अवॉर्ड सार्थक सिनेमा चुनने के लिए प्रेरित करता है

फिल्म 'कटहल' को नैशनल अवॉर्ड मिलने पर खुश सान्या कहती है, मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। 'कटहल' को बैस्ट हिंदी फिल्म का नैशनल अवॉर्ड मिला है । यह कहानी मेरे लिए बेहद खास रही है। मैं गुनीत मोंगा, अचिन जैन और पूरी टीम की शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे इतना अनोखा किरदार दिया । यह फिल्म सैटायर के जरिए समाज की सच्चाई दिखाती है। मुझे खुशी है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आई। नैशनल अवॉर्ड तो मुझे सार्थक सिनेमा चुनने के लिए प्रेरित करता । मैं ज्यूरी और 'कटहल' फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं।

'मिसेज' के लिए भी मिली तारीफ अपनी पिछली फिल्म 'मिसेज' में बेहद दमदार अभिनय के लिए लगातार मिल रही सराहना के साथ, सान्या ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह कंटैंट आधारित सिनेमा की सबसे बहुमुखी औरभरोसेमंद अभिनेत्रियों में से एक है। चाहे 'कटहल' की व्यंग्यात्मक मिठास हो, 'सैम बहादुर' की गंभीर देशभक्ति या 'जवान' की एक्शन से भरपूर भव्यता - हर शैली में सान्या ने अपने अभिनय कौशल की उल्लेखनीय क्षमता का प्रदर्शन किया है । सान्या के लिए ऐसी बेहतरीन और व्यावसायिक रूप से सफल फिल्मों का हिस्सा बनना साबित करता है कि वह एक ऐसी अभिनेत्री है जो हर किरदार में गहराई और विश्वसनीयता लाती है । अगली फिल्में

फैंस और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग सोशल मीडिया पर जहां उसकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे, वहीं अब दर्शक उसे जल्द ही वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में देखने का इंतजार कर रहे हैं।

### अनूठा था अनुभव

एक इंटरव्यू में जब पूछा गया कि भोपाल में फिल्म 'कटहल ' की शूटिंग करना कितना अलग रहा, तो उसने बताया, इस बेहद प्यारे अनुभव के लिए निर्देशक यशोवर्धन मिश्रा की जितनी तारीफ की जाए कम है। फिल्म में मैं एक ममतामयी पुलिस वाली बनी हूं। शूटिंग शुरू होने से पहले भोपाल की बोली और संस्कृति जानने के लिए उन्होंने भोपाल में रहने का इंतजाम किया। वहां के लोकल पुलिस स्टेशन में महिला पुलिस के हाव-भाव को देखकर मुझे एहसास हुआ कि सबसे पहले वे एक नारी हैं, इसके बाद पुलिस वाली ।

### चैलेंजिंग था कॉमेडी करना

कॉमेडी करना उसके लिए कितना मुश्किल रहा, पर उसने कहा, मैंने पहली बार कॉमेडी की, जो मेरे लिए मुश्किल के साथ ही चैलेंजिंग भी था। इससे पहले मैंने कभी कॉमेडी नहीं की थी। मुझे अपना हुनर दिखाना था और यही सबसे बड़ा चैलेंज था। खैर, धीरे- धीरे मैं अपने किरदार और कॉमेडी में ढलती गई ।

### कौन-सी मूल्यवान चीज खोई

फिल्म की कहानी 'कटहल' की चोरी पर आधारित थी तो क्या अपने जीवन में उसने कभी कोई मूल्यवान वस्तु खोई है, पर उसका कहना था, "मैं अब तक कई अमूल्य चीजें खो चुकी हूं। ग्वालियर में फिल्म की शूटिंग के दौरान मेरे गोल्ड इयररिंग खो गए । मैंने उन्हें ढूंढ़ने की बड़ी कोशिश की, लेकिन शूटिंग के आखिरी दिनों तक मुझे मेरी कान की बालियां नहीं मिलीं। नए प्रोजैक्ट साइन करते समय वह किन बातों का ध्यान रखती है, पर उसने कहा, "जब भी मेरे पास कोई नई कहानी आती है, मैं उसको ध्यान से सुनती हूं। मेरे लिए एक ही शैली की कहानी या किरदार कोई मायने नहीं रखता। कॉमेडी, पारिवारिक, सस्पैंस, लव स्टोरी, ड्रामा हर ढांचे का मैं हिस्सा बनना चाहती हूं। हर शैली का सिनेमा करने से मैं सिर्फ अच्छी कलाकार ही नहीं, बल्कि एक अच्छी इंसान भी बन सकती हूं, इस बात पर मेरा विश्वास है ।

# इंडस्ट्री ने काम देना बंद कर दिया था, पति विवेक ने कास्ट किया



अपने अभिनय से राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली पल्लवी जोशी को एक समय काम मिलना बंद हो गया था। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें टीवी पर मनचाहे रोल नहीं मिल रहे थे और इंडस्ट्री में सांवले रंग को लेकर भेदभाव होता है।

अपने अभिनय के लिए नैशनल अवॉर्ड की हकदार रही पल्लवी जोशी के करियर में एक दौर ऐसा भी आया, जब उनके पास काम नहीं था। कश्मीर फाइल्स के बाद वे चर्चा में हैं द बंगाल फाइल्स से। उनसे एक विशेष मुलाकात। तकरीबन 35 सालों के करियर में नैशनल अवॉर्ड ही नहीं बल्कि आप फिल्म और टीवी दोनों का हिस्सा रहीं हैं, मगर लंबे अरसे से आपने अभिनेत्री के रूप में खुद को डायरेक्टर पति विवेक अग्निहोत्री की फिल्मों तक सीमित कर लिया है?

-मैं तो विवेक की बहुत शुक्रगुज़ार हूं कि वो मेरे लिए किरदार लिख रहे हैं। कम से कम मैं उनकी फिल्मों में तो काम कर पा रही हूं, क्योंकि बाहर की फिल्मों में तो मुझे काम मिलना बंद हो गया था। ये हुआ 2004-05 से। मेरी दो सहेलियां हैं, रेणुका (शहाणे) और मृणाल जिन्होंने मुझे कास्ट किया। अन्यथा मुझे तो कोई ऑफर्स ही नहीं आ रहे थे। मुझे टीवी के वही डेली सोप के प्रस्ताव आ रहे थे, जो मैं करना नहीं चाहती थी। उसमें कोई किरदार नहीं होता, आप किसी की मां या सास होते हैं और वो चरित्र कभी भी पलटी मार सकता है। मेरे लिए रोल की शुरुआत और एंडिंग जानना जरूरी होता है। मैं अभिनय नहीं कर रही थी तो मैंने अपना प्रोडक्शन शुरू किया। मैंने दो हजार के दशक में दो मराठी फ़िल्में बनाई थीं। फिर हमने अपना होम प्रोडक्शन शुरू किया।

आप जैसी समर्थ अदाकारा के लिए रोल्स की कमी क्यों कर हुई?

-मुझे कोई आइडिया नहीं है। हां बीच में दो हजार के दशक में मेरी समकालीन अभिनेत्रियां घर बैठ गई थीं। ये चलन हो गया था कि अरे इनको बहुत देख लिया है, नए चेहरों को लो। मेरे साथ की कई अभिनेत्रियों को नुकसान पहुंचा था। नीना गुप्ता को छोड़ दिया जाए, और उन्होंने भी ट्विटर पर डाल दिया था कि उन्हें काम नहीं मिल रहा, तो उसके बाद उन्हें काम मिलने लगा। वरना वे कितने सालों तक घर पर बैठी थीं। ये दुखद है, मगर जो अच्छे एक्टर्स होते हैं, वे अच्छे कैरेक्टर भी तो चाहते हैं।

इंडस्ट्री में अनकन्वेंशनल रूप-रंग के कारण आपको रिजेक्शन का शिकार होना पड़ा था?

-बहुत पहले हुआ था। विवेक मुझे किसी टीवी प्रॉजेक्ट के लिए कास्ट कर रहे थे, तो एक सीनियर पर्सन ने कहा, पल्लवी जोशी को कास्ट मत करो, वो काली है। तब विवेक ने हंस कर कहा था, मेकअप भी कोई चीज होती है। मगर ये तो होता ही है। हमारे यहां जब बच्चा पैदा होता है, तो पूछा जाता है, गोरा है या काला है? हमें आज भी गोरी चमड़ी का ऑब्सेशन है। लड़का है या लड़की है? यह भी पूछा जाता है, तो हम रेसिस्ट भी हैं और सेक्सिस्ट भी। समस्या हमारे अंदर है, तो जब तक उसमें सुधार नहीं होगा, कुछ नहीं बदलेगा।

सशक्त महिला होने के नाते आपको औरतों से जुड़ी क्या बात परेशान करती है?

- कई बातें। तकरीबन आधी आबादी महिलाओं की है, जिनमें से कई आत्मनिर्भर भी हैं, लेकिन आज भी महिलाओं के लिए बहुत सारी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। आप किसी रेस्तरां में जाइए, वहां आपको बार स्टूल्स मर्द की हाइट के मिलेंगे।औरतें मिनी स्कर्ट्स या स्टिलेटो पहन कर जाती हैं, उनको उचक कर या कूद कर उठना-बैठना पड़ता है। महिलाएं गाड़ी चलाती हैं, मगर आज तक किसी मैनिफेक्चरर ने नहीं सोचा कि औरतों का एक बैग भी होता है, उसके लिए जगह होनी चाहिए। ये तो बेसिक है, फिर उसके बाद तो असमानता की लिस्ट लंबी होती जाती है।

मुझे लगता है एक उम्र के बाद बच्चों से आपका रिश्ता अलग हो जाता है। आप एक एडल्ट लेवल पर आकर बात करने लगते हैं। अब जैसे मेरी बेटी 26 साल की है और बेटा 24 का है। दोनों हमारे साथ बैठकर डिबेट करते हैं। कई बार जब मैं इमोशनल हो जाती हूं, तो बच्चों से जो मैच्योरिटी मिलती है, वो दिल को छू जाती है।

देखिए, ये सच तो है, मगर उसे कहने का मेरा तरीका विवेक से हट कर है। मैं कहती हूं कि किसी एक फैक्ट को नहीं छुपाया गया कि इससे देश का सोशल फैब्रिक खराब होगा, हमने देखा कि जो-जो हमने सहा, वो सब कुछ दबा कर रख दिया गया। कहने का अर्थ ये है कि जो पूरा सच छुपाया गया, वो एक एजेंडा था। भारतीय नागरिक होने के नाते इस एजेंडे को बेनकाब करना मेरा कर्तव्य है। मैं फिल्म में मां भारती का किरदार कर रही हूं।

दिलचस्प बात ये है कि फिल्म में सारे किरदार वास्तविक हैं, सिर्फ मेरा किरदार काल्पनिक है, तो इसे करनाचुनौतीपूर्ण रहा।

# मोदी-जिनपिंग 31 अगस्त को मिलेंगे

## एक साल में दूसरी मुलाकात, 7 साल बाद चीन जाएंगे भारतीय पीएम

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 31 अगस्त को तियानजिन शहर में होने वाली एससीओ समिट के दौरान मुलाकात करेंगे।

दोनों नेता एक साल की भीतर दूसरी बार मिलेंगे।पिछली मुलाकात अक्टूबर 2024 में हुई थी। इसके बाद भारत और चीन ने सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमति बनी थी।

पीएम मोदी इस दौरे में जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई सेंट्रल एशियाई देशों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

चीन में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट की बैठक होने वाली है। इसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल होने वाले हैं।

**पिछले महीने जयशंकर ने चीन का दौरा किया**

पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी



जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की।

जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था।

**आखिरी बार रूस में मिले थे मोदी और जिनपिंग**

मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी।

50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि 'सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए।

पीएम मोदी की यह चीन यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब सारी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से जूझ रही है।

ट्रम्प ने भारत पर रूसी तेल और हथियार खरीद की वजह से 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

भारत, चीन के बाद दुनिया में रूसी तेल का सबसे बड़ी खरीदार है। भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल क्रूड ऑयल खरीदता है।

**2019 में भारत दौरे पर आए थे जिनपिंग**

शी जिनपिंग आखिरी बार 2019 में भारत दौरे पर आए थे। तब दोनों नेताओं ने तमिलनाडु के महाबलीपुरम में मुलाकात थी। यह यात्रा भारत-चीन संबंधों को मजबूत करने और आपसी मतभेदों को प्रबंधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम थी।

दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने पर भी सहमति जताई थी।

# ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वॉर' बताया

## बोले- रूसी तेल खरीद इसे बढ़ा रहे, आज सौदे बंद करो, कल एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म हो जाएगा

वॉशिंगटन, 28 अगस्त (एजेंसियां)। ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वॉर' बताया है। नवारो ने बुधवार को ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया।

नवारो ने कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है।

नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं।


उन्होंने कहा- भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं।

**नवारो बोले- रूसी तेल खरीदना अमेरिका के लिए नुकसानदायक**

नवारो ने कहा, 'भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे। अब इसका क्या मतलब है?' उन्होंने रूस पर भारत को बेचे गए तेल के बदले मिलने वाले पैसों से युद्ध मशीनरी को चलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- रूस, यूक्रेन पर हमले कर वहां के लोगों को मारता है। फिर यूक्रेन हमारे और यूरोप के पास आकर कहता है कि हमें और पैसा दो। इस तरह अमेरिकी टैक्सपेयर्स को नुकसान होता है।

नवारो ने अमेरिकी सामानों पर लगने वाले भारतीय टैरिफ की भी आलोचना की। उन्होंने कहा- भारत की नीतियों से अमेरिका में सभी को नुकसान हो रहा है। अमेरिकी जनता, कारोबार, कामगार सब हार रहे हैं, क्योंकि भारत ने बहुत ऊंचे टैरिफ लगा रखे हैं। इसकी वजह से अमेरिका में नौकरियां जा रही हैं, कारखाने बंद हो रहे हैं, लोगों की आमदनी और बढ़ी हुई मजदूरी भी खत्म हो



रही है। अमेरिकी टैक्सपेयर्स को भी घाटा उठाना पड़ रहा है, क्योंकि उनका पैसा आखिरकार मोदी की जंग में इस्तेमाल हो रहा है। नवारो ने तेल आयात पर भारत के दावों को खारिज किया। उन्होंने मोदी पर एरोगेंट (घमंडी) होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत का हर रोज 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदना, यूक्रेनी लोगों को मारने के लिए हथियार, ड्रोन और बम खरीदने के लिए काफी है। दरअसल, ट्रम्प पहले भी भारत पर रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं। इसे भारत ने गलत बताते हुए कहा था कि हम अपने देश की जरूरतों के हिसाब से फैसले लेते हैं।

नवारो की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50% टैरिफ लगाया है। इस कदम से अमेरिका को भारत के 66% निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। भारत-अमेरिका के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डॉलर था।

नवारो ने टैरिफ बढ़ाने का बचाव करते हुए भारतीय व्यापार नीतियों को अनुचित बताया। उन्होंने कहा, 'भारत में 25% टैरिफ इसलिए लगाए गए क्योंकि वे व्यापार में हमारे साथ धोखाधड़ी करते हैं।

व्हाइट हाउस के आर्थिक सलाहकार केविन हैसेट ने कहा कि अगर भारत ने व्यापार को लेकर अपना रुख नहीं बदला तो ट्रम्प और सख्ती करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर भारत झुकने से इनकार करता है तो ट्रम्प भी पीछे नहीं हटेंगे।

# नेपाल के बीरगंज जिले में हैजा फैला

## तीन की मौत और 300 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती



बीरगंज, 28 अगस्त (एजेंसियां)। नेपाल के बीरगंज जिले में हैजा फैल गया है। बीते हफ्ते से जिले में हैजा के कई मामले सामने आए हैं और स्थिति इस कदर खराब है कि तीन लोगों की हैजा से मौत हो गई है और 300 से ज्यादा लोग अस्पतालों में भर्ती हैं।

नेपाल का बीरगंज जिला सीमावर्ती इलाका है और लंबे समय से सूखे की चपेट में है। हैजा फैलने की वजह भी सूखे को माना जा रहा है।

**नेपाल में मानसून के मौसम में फैलती हैं बीमारियां**

बीरगंज जिले के नारायणी अस्पताल के डॉक्टर उदय नारायण सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार से हैजा के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। लोग डायरिया की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। कई मरीजों की जांच में उन्हें कोलेरा का संक्रमण मिला है। कोलेरा से ही हैजा की बीमारी होती है। नारायणी अस्पताल में ही कई वार्ड हैजा के मरीजों से भरे हैं। नेपाल में मानसून के मौसम में पानी और खाने संबंधी जनित बीमारियां बहुत फैलती हैं। इनमें हैजा भी प्रमुख है। हर साल हजारों लोग इस बीमारी की चपेट में आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी हैजा को एक वैश्विक संकट मानता है।

हैजा एक संक्रमणकारी बीमारी है, जिससे संक्रमित मरीजों में उल्टी, दस्त की समस्या होती है, जिससे मरीज के शरीर में पानी की कमी हो जाती है और अगर मरीज को तुरंत इलाज न मिले तो कुछ ही घंटे में मरीज की मौत भी हो सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बीरगंज में जो हैजा फैला है, उससे पहले साल 2009 में नेपाल के जाजरकोट जिले में भी ऐसे ही हालात थे। जाजरकोट में भी हैजा से कई लोगों की मौत हुई थी।

# अमेरिका को धोखा देने की तैयारी में यूनुस

## राफेल से भिड़ने वाला चीनी जे-10सी विमान खरीदने जा रहा बांग्लादेश, अब क्या करेंगे ट्रंप

ढाका, 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारत का एक और पड़ोसी देश बांग्लादेश चीन ने से जे-10सी फाइटर जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। मोहम्मद यूनुस के राज में चीन परस्त हो चुकी बांग्लादेश की सरकार 12 जे-10सी फाइटर जेट खरीदना चाहती है। बांग्लादेश सरकार अपनी एयरफोर्स को आधुनिक बनाना चाहती है और इसके लिए वह अब चीनी फाइटर जेट पर दांव लगाना चाहती है। बांग्लादेश के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने मार्च महीने में अपनी चीन यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ इस मुद्दे को उठाया था। बांग्लादेशी मीडिया से बातचीत में यूनुस की टीम के दो सदस्यों ने चीन से फाइटर जेट लेने के लिए बातचीत की पुष्टि की है। इसी चीनी दौर पर यूनुस ने तीस्ता प्रोजेक्ट और बांग्लादेश के बंदरगाह को चीन के कुनमिंग से जोड़ने का भी चीन को ऑफर दिया था। इससे पहले अमेरिका ने बांग्लादेश को चीन के साथ सैन्य संबंध बनाने पर चेतावनी दी थी।

प्रोथोम अलो अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश अपनी तीनों सेनाओं को आधुनिक बनाना चाहता है ताकि भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सके। इसी के तहत बांग्लादेश चीनी फाइटर जेट पर दांव लगाना चाहता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन से जे-10 सी खरीदने के लिए प्राथमिक स्तर की आधिकारिक बातचीत शुरू हो गई है और यह लगातार जारी है। इसमें सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि मोहम्मद यूनुस के जे-10 सी मांगने पर शी जिनपिंग ने हां भी कर दिया था। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि फाइटर जेट को लेकर चीनी राष्ट्रपति से बातचीत हुई है। चीन का जे-10 सी फाइटर जेट चौथी पीढ़ी का फाइटर जेट है। पाकिस्तान ने भी चीन से पीएल-15 मिसाइल से लैस जे-10 सी फाइटर जेट खरीदा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने इसका भारत के राफेल फाइटर जेट के खिलाफ इस्तेमाल किया था। यह करीब 200 कमिमी दूरी तक दुश्मन को निशाना बना सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पहली बार लड़ाई में इस फाइटर जेट का इस्तेमाल किया गया था।

बांग्लादेशी सेना के वशिषज्ञों का कहना है कि अगर बांग्लादेश की सरकार चीन से इसे खरीदती है तो भारत के साथ उसके रिश्ते और खराब हो सकते हैं।

# लाल सागर में इस्लामिक कॉरिडोर

## पाकिस्तान का गृहयुद्ध में जल रहे सूडान से हथियारों का सौदा

खार्तूम, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने सूडान की सैन्य सरकार के साथ 1.5 अरब डॉलर के हथियार सौदे को अंतिम रूप दे दिया है। पाकिस्तान के इस हथियार सौदे से अफ्रीका का लाल सागर गलियारा इस्लामी धुरी राष्ट्रों के लिए एक नए युद्धक्षेत्र में बदल सकता है। अगस्त 2025 के इस हथियार सौदे को फाइनल किया गया है, जिसके तहत पाकिस्तान गृहयुद्ध की आग में जल रहे सूडान के सशस्त्र बलों (एसएएफ) को एडवांस हथियारों की आपूर्ति करेगा। जिसके मुस्लिम ब्रदरहुड मिलिशिया से करीबी संबद्ध हैं। पाकिस्तान और सूडानी सशस्त्र बलों बलों के बीच हुए इस हथियार सौदे के तहत एसएएफ को 10 के-8 कराकोरम हल्के अटैक एयरक्राफ्ट, मिग-21 इंजन, शहपर-II, वाईआईएचए-III, एमआर-10के और अबाबील-5 ड्रोन सिस्टम, 150 मोहाफिज बख्तरबंद गाड़ियां और एचक्यू-6/9 एयर डिफेंस सिस्टम मिलेंगे। पाकिस्तान इस सौदे के पीछे अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला दे रहा है, लेकिन असलियत ये है कि ये डील, चीन की अफ्रीका स्ट्रेटेजी का हिस्सा है, जिसमें पाकिस्तान सिर्फ एक फ्रंट सप्लायर की भूमिका निभा रहा है। पिछले दिनों सूडान की एयरफोर्स के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अल-ताहिर मोहम्मद अल-अवद अल-अमीन की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचा था, जहां पाकिस्तानी रक्षा मंत्री और वायुसेना प्रमुख से सीधे उनकी बातचीत हुई। पाकिस्तान ने ये हथियार डील उस वक्त किया है, जब सूडान की सैन्य सरकार मुस्लिम ब्रदरहुड-समर्थित ब्रिगेडों जैसे अल-बरा इब्न मालिक के साथ मिलकर अपने आंतरिक संघर्ष को अंजाम दे रही है।

# दुबई की राजकुमारी शेखा माहरा ने इंस्टाग्राम पर दिया पति को तलाक

## अब इस मशहूर रैपर के साथ की सगाई

दुबई, 28 अगस्त (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी शेखा महरा एक बार फिर चर्चा में हैं। खबर है कि शेखा माहरा ने मशहूर मोरक्कन-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना से सगाई कर ली है।

मोंटाना के एक प्रतिनिधि ने टीएमजड को बताया कि जोड़े ने इसी साल जून में पेरिस फैशन वीक के दौरान अपने रिश्ते को औपचारिक रूप दिया। इस साल की शुरुआत में उनका रोमांस पहली बार सार्वजनिक हुआ था, जब यह जोड़ा पेरिस में एक फैशन इवेंट्स के दौरान हाथ में हाथ डाले दिखाई दिया।

**इंस्टाग्राम पर दिया था पति को तलाक**

शेखा माहरा ने पिछले साल



एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने पति मोहम्मद बिन राशिद बिन माना अल मकतूम को तलाक दे दिया था। दोनों ने मई 2023 में शादी की थी और उनकी एक बेटी भी है। शेखा माहरा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए तलाक की घोषणा की थी जो खूब सुर्खियां बना था। उन्होंने अपने पूर्व पति पर बेवफाई का आरोप लगाया था।

**डिवोर्स नाम से लॉन्च किया परफ्यूम ब्रांड**

दुबई की राजकुमारी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, 'डियर हसबैंड, चूंकि आप अपने दूसरे साथियों के साथ बिजी हैं, इसलिए मैं अपने तलाक की घोषणा करती हूं। मैं आपको तलाक देती हूं, मैं आपको तलाक देती हूं और मैं आपको तलाक देती हूं। अपना ख्याल रखना। आपकी पूर्व पत्नी।' तलाक के बाद उन्होंने अपने ब्रांड माहरा एम1 के तहत 'डिवोर्स' नाम से परफ्यूम लाइन भी लॉन्च की।

**बीते साल हुई थी रैपर से मुलाकात**

31 वर्षीय माहरा और 40 वर्षीय रैपर की मुलाकात 2024 के अंत में हुई थी, जब राजुकमारी ने मोंटाना को दुबई का दौरा कराया था। उन्होंने इसकी तस्वीरें साझा की थीं। उसके बाद से उन्हें अक्सर दुबई और मोरक्को में साथ देखा गया है। वे महंगे रेस्टोरेंट में खाना खाते हैं, मस्जिदों में जाते हैं और पेरिस के पोंट डेस आर्ट्स ब्रिज पर टहलते हैं।

# ब्रिटेन के 85 इलाकों में पाकिस्तानी रेप गैंग्स एक्टिव

## नाबालिग लड़कियों को ड्रग्स की लत लगाकर रेप करते, पुलिस पर अनदेखी का आरोप

लंदन, 28 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन के 85 इलाकों में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण होने का मामला सामना आया है। सांसद रूपर्ट लोवे ने 26 अगस्त को एक जांच में दावा किया कि इन इलाकों में कई रेप गैंग एक्टिव है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लोवे ने कहा, 'इन रेप गैंग्स के ज्यादातर मेंबर पाकिस्तान मूल के लोग है। जांच में 1960 के दशक तक के मामले सामने आए हैं।'

जांच के दौरान सैकड़ों पीड़ितों और उनके परिवारों से बात किया गया साथ ही फ्रीडम ऑफ इन्फॉर्मेशन (एफओआइ) के तहत हजारों शिकायत जुटाई गई। सांसद रूपर्ट ने कहा, 'ये लोग कई सालों से अपराध कर रहे हैं और पुलिस और प्रशासन ने इसकी अनदेखी की है।'

रिपोर्ट के मुताबिक यह गैंग ज्यादातर गरीब घर की गोरी लड़कियों को शिकार बनाते हैं। पीड़ितों ने बताया कि उन्हें बचपन में निशाना बनाया गया, ड्रग्स देकर पहले लत लगाया जाता फिर बलात्कार किया गया, और चुप रहने की धमकी दी गई।

**पुलिस सामुदायिक तनाव बढ़ने के डर से कार्रवाई नहीं करती**

रिपोर्ट में ब्रिटेन पुलिस, सामाजिक सेवाओं और क्राउन प्रॉसीक्यूशन सर्विस (सीपीएस) पर भी सवाल उठाए गए हैं। कई मामलों में पीड़ितों को गंभीरता से नहीं लिया गया, और कुछ को उनको ही अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस को डर था कि अपराधियों की जाति सामने आने से सामुदायिक तनाव बढ़ सकता है, जिसके कारण कार्रवाई करने में देरी की गई। लोवे ने कहा, 'यह घिनौना अपराध पहले से कहीं ज्यादा फैल गया है। लाखों जिंदगियां इन रेप गैंग्स की वजह से बर्बाद हुई हैं।'

टेलफोर्ड इलाके में 40 सालों में 1 हजार से अधिक लड़कियों, जिनमें कई 11 वर्ष की थीं, का यौन शोषण और तस्करी की गई। वहीं, रोथरहम में साल 1997 से 2013 के बीच लगभग 1,500 लड़कियों को निशाना बनाया गया।

सांसद लोवे ने एक पोस्ट में लिखा, 'मुझे पहले कभी इतना यकीन नहीं हुआ कि पाकिस्तानी रेप गिरोह की गतिविधियां इतने बड़े पैमाने पर चल रही होंगी। बलात्कारियों को नजरअंदाज करना नामुमकिन है। अगर किसी विदेशी नागरिक को पता था और उसने कुछ नहीं किया, तो उसे निकाल देना चाहिए।'

उन्होंने आगे कहा, 'अगर किसी ब्रिटिश नागरिक को पता था और उसने कुछ नहीं किया, तो उस पर भी मुकदमा चलाया जाना चाहिए।'

इससे पहले ब्रिटेन के ही एक प्रोफेसर एलेक्सिस जे की स्वतंत्र जांच कमेटी (आइआइसीएसए) ने 2022 में अपनी सात साल की जांच के बाद 20 सिफारिशें दी थीं।

इसमें संस्थागत विफलताओं और इंग्लैंड व वेल्स में हजारों पीड़ितों की बात सामने आई थी।

## ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्री डॉन फैरेल बोले- हम भारत पर टैरिफ का समर्थन नहीं करते

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के बाद ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डॉन फैरेल ने भारत का समर्थन किया है और अपने देश की 'मुक्त और निष्पक्ष व्यापार' के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे देश हैं जो मुक्त और निष्पक्ष व्यापार में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि समृद्धि सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त, निष्पक्ष और खुला व्यापार जारी रखना है। हम ऑस्ट्रेलिया या भारत पर टैरिफ लगाने का समर्थन नहीं करते। उन्होंने जोर देकर कहा, संरक्षणवाद कोई रास्ता नहीं है। यह मुक्त और निष्पक्ष व्यापार है। ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डॉन फैरेल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब ऑस्ट्रेलिया और भारत व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर काम कर रहे हैं।

# ग्रीनलैंड में अमेरिका की बड़ी साजिश का खुलासा

## सरकार के खिलाफ विद्रोह फैला रहे थे तीन एजेंट, ट्रंप के दूत को डेनमार्क ने बुलाया

कोपेनहेगन, 28 अगस्त (एजेंसियां)। डेनमार्क ने डोनाल्ड ट्रंप पर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए सरकार गिराने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। डेनमार्क के जासूसों ने डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की योजना के बीच, ग्रीनलैंड में सरकार विरोधी आक्रोश को भड़काने के लिए अमेरिका की तरफ से रची गई एक गुप्त साजिश का खुलासा किया है। जिसके बाद डेनमार्क ने राजधानी कोपेनहेगन में अमेरिका के टॉप डिप्लोमेट को तबल किया है। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि अमेरिका, ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए एक गुप्त अभियान चला रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से की तीन अमेरिकी स्थानीय राजनीति में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहे थे।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के एक नागरिक ने ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में स्थानीय राजनीति को प्रभावित करने की कोशिस की है। ग्रीनलैंड की राजधानी में ऐसे में तीन अमेरिकी नागरिकों की लिस्ट बनाई गई है, जो अमेरिका के लिए साजिश कर रहे थे। वो सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भड़काने के लिए अलगाववादियों की भर्ती करने की दिशा में काम कर रहे थे। जबकि दो अन्य अमेरिकी नागरिकों ने स्थानीय राजनेताओं, व्यवसायियों और समुदाय के लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश की।

आपको बता दें कि ग्रीनलैंड, डेनमार्क का अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है, जहां करीब 57,000 लोग रहते हैं। यहां खनिज संसाधनों की भरमार है और डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक तौर पर ग्रीनलैंड को खरीदने की भी इच्छा जताई है। इसके अलावा ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने बल प्रयोग करने की भी बात कही है। हालांकि डेनमार्क ने ट्रंप के इन बयानों का सख्त शब्दों में विरोध किया है। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के ट्रंप के प्लान से अमेरिका और डेनमार्क के संबंध भी खराब हो चुके हैं।

डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा है कि विदेशी तत्व लंबे समय से ग्रीनलैंड में दिलचस्पी दिखा रहे हैं और यह क्षेत्र विभिन्न प्रभाव अभियान का संभावित लक्ष्य है। अमेरिका के किसी भी हमले का जवाब देने के लिए डेनमार्क ने आर्कटिक क्षेत्र में अपनी रक्षा खर्च बढ़ाकर 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा कर दी है और आधुनिक ड्रोन और युद्धपोत को उस क्षेत्र में नियुक्त करने का फैसला किया है।

अमेरिकी नागरिकों पर खुफिया एजेंसियों ने खुलासा करते हुए कहा है कि ये ग्रीनलैंड में रहने वाले अमेरिकी मूल के लोगों से संपर्क कर रहे थे और उन्हें ग्रीनलैंड की आजादी की मांग करने के लिए उकसा रहे थे। इन्हें अलगाववादी बनाकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलना अमेरिका का मकसद था, ताकि ग्रीनलैंड में अस्थिर हालात बनाया जाए और फिर ट्रंप के कब्जे का प्लान कामयाब हो सके। जनवरी 2025 में डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने चेतावनी दी थी कि मुझे नहीं लगता कि जब हम घनिष्ठ सहयोगी और साझेदार हैं, तो वित्तीय साधनों से एक-दूसरे से लड़ना कोई अच्छा तरीका है। उन्होंने ये बात तब कही थी जब डोनाल्ड ट्रंप के बेटे ट्रंप जूनियर इसी साल जनवरी में ग्रीनलैंड पहुंचे थे और डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात कही थी।

# अमेरिकी स्कूल पर गोलीबारी, 2 बच्चों की मौत

## हथियारों पर लिखा-ट्रम्प को मारो, भारत पर परमाणु बम गिराओ, हमलावर ने खुद को भी गोली मारी



वॉशिंगटन, 28 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में बुधवार को एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी।

मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है। पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे।

हमलावर के पास तीन हथियार थे - एक राइफल, एक शॉटगन और एक पिस्टल। हमलावर के बंदूकों पर 'डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो' और 'भारत पर परमाणु बम गिराओ' जैसे नारे लिखे थे।

दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। एफबीआई ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है।

हमलावर की पहचान 23 वर्षीय रॉबिन वेस्टमैन के रूप में हुई है। वेस्टमैन ने 2020 में अपना नाम बदल दिया था। इस हमले की दो वीडियो रोबिन डब्ल्यू नामक यूट्यूब चैनल पर डाले गए थे, लेकिन बाद में वीडियो समेत चैनल भी डिलीट कर दिया गया।

मोबाइल फोन से शूट किए गए लगभग 10 मिनट लंबे वीडियो में हथियारों, गोला-बारूद और भरी हुई मैगजीन का जखीरा दिखाया गया है। मैगजीन पर डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो, ट्रम्प को अभी मार डालो, इजराइल का पतन होना चाहिए, और इजराइल को जला दो जैसे नारे लिखे थे।

# भूपेश-कैबिनेट में एफएल-10 लाइसेंस को मिली थी मंजूरी

## ईओडब्ल्यू चालान में जिक्र, रमन बोले-राजनीति का सबसे बड़ा क्राइम, बैज बोले- 3% कमीशन की जांच कौन करेगा



रायपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू की ओर से दो दिन पहले पेश किए गए पूरक चालान में भूपेश कैबिनेट की बैठक का जिक्र है। कैबिनेट में नई लाइसेंस प्रणाली (एफएल&10ए/10बी) को फरवरी 2020 में स्वीकृति मिली, फिर आदेश भी जारी किया गया।

इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि, शुरू से लेकर अंत तक कांग्रेस सरकार ने सरकारी खजाने में डाका डालने का काम किया है। इससे बड़ा अपराध हिंदुस्तान की राजनीति में कभी नहीं हुआ है।

वहीं, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इसे कांग्रेस को बदनाम करने का षड्यंत्र बताया है। उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार में 3 प्रतिशत कमीशन की जांच कौन करेगा। जांच एजेंसी केवल कांग्रेस के लिए है क्या? रायपुर उत्तर से भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि शराब घोटाले में कांग्रेस के सभी नेता और पूरी कैबिनेट संलिप्त थी। कांग्रेस की नीति सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की रही है। उन्होंने कहा कि शराब नीति में बदलाव कैबिनेट ने ही किया था। ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाला मामले की जांच तेज कर दी है। झारखंड की जेल में बंद आरोपी अतुल सिंह और मुकेश मनचंदा को ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाया जा रहा है। दोनों श्री ओम साईं बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले की तरह झारखंड में भी घोटाला हुआ है। इसमें अतुल सिंह और मुकेश मनचंदा का नाम भी सामने आया। संतोषजनक नहीं मिले तो 2 महीने पहले झारखंड एसीबी दोनों को गिरफ्तार कर ले गई थी।

# गढ़चिरौली में 4 नक्सली मारे बीजापुर में 30 ने सरेंडर किया

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर एनकाउंटर, 1 इंसास 2 एसएलआर और थ्री नॉट थ्री राइफल बरामद

बीजापुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 4 नक्सलियों को मार गिराया है। मौके से बड़ी तादाद में हथियार बरामद किए गए हैं। नारायणपुर जिले और गढ़चिरौली बॉर्डर इलाके में तलाशी के दौरान सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। मामला गढ़चिरौली के कोपरशी गांव का है।

मिली जानकारी के मुताबिक जवानों को नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सोर्स से इनपुट मिले थे। गढ़चिरौली पुलिस की सी-60 कमांडो टीम को ऑपरेशन पर भेजा गया। टीम ने कोपरशी गांव के पास जंगल में सर्च शुरू किया, तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में नक्सली मारे गए हैं।

वहीं बीजापुर में बुधवार को 81 लाख रुपए के 20 इनामी समेत 30 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। पुलिस और केंद्रीय बल अधिकारियों के सामने इन्होंने



हथियार डाल दिए। इसमें डीवीसीएम (डिविजनल कमेटी मेंबर) सोनू हेमला उर्फ कोरोटी (8 लाख इनामी) ने अपनी पत्नी के साथ हथियार डाला है।

गढ़चिरौली पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ के बाद जब इलाके की तलाशी ली गई तो बड़ी संख्या में हथियार मिले हैं। इसमें 1 इंसास रायफल, 2 एसएलआर और 1 थ्री-नॉट-थ्री रायफल शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि नक्सली इन हथियारों का इस्तेमाल किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की साजिश थी।

बरामद हथियारों से यह साफ है कि नक्सली लंबे समय से इस इलाके में सक्रिय थे। जंगल में अभी भी कुछ नक्सली छिपे हो सकते हैं। इसी वजह से सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर रखा है। ऑपरेशन अब भी जारी है। मुठभेड़ के चलते आसपास के गांवों में तनाव का माहौल है। वहीं नक्सलियों के शवों को हेलीकॉप्टर से गढ़चिरौली लाया गया है।

# प्रार्थना-सभा की आड़ में धर्मांतरण

## लालच देकर हिंदुओं को बुलाया, जमकर मचा बवाल पास्टर समेत सात गिरफ्तार, बाइबिल और डायरी जब्त

बिलासपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में प्रार्थना सभा के बहाने धर्मांतरण का एक और मामला सामने आया है। हिंदू संगठनों के विरोध और हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पास्टर समेत सात लोगों को पकड़ा है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि हिंदुओं को प्रलोभन देकर धर्म सभा के बहाने बुलाकर धर्मांतरण कराया जा रहा था।

पुलिस ने उनके पास से बड़ी संख्या में बाइबिल और डायरियां बरामद की हैं। इस मामले में धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है।

ग्राम भदौरा में रहने वाले बाबा शर्मा उर्फ पुर्णेन्द्र शर्मा सहित हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि बुधवार को पेंड्री में संदीपनी स्कूल पास के पोल्ट्री फार्म में प्रार्थना सभा कराई जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू परिवार की महिलाओं और बच्चों को बुलाया गया है। खबर मिलते ही कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और जमकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस ने पोल्ट्री फार्म में दी दबिश, पास्टर समेत पांच गिरफ्तार हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की सूचना पर टीआई हरीश तांडेकर दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पोल्ट्री फार्म में दबिश देकर जांच की। जहां, पास्टर संजीव कुमार सूर्यवंशी समेत उसके सहयोगी प्रार्थना सभा के नाम पर हिंदुओं को प्रलोभन देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित कर रहे थे।

पुलिस ने वहां से भारी बाइबिल और अन्य डायरियां बरामद की हैं। पुलिस की टीम पास्टर समेत सात लोगों को थाने ले गई।

पुलिस ने बाबा शर्मा उर्फ पुर्णेन्द्र शर्मा की शिकायत पर पास्टर और उसके साथियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# झारखंड के दो मंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार

## पटना से पकड़ा गया आरोपी, जान से मारने की धमकी देने का वीडियो हुआ था वायरल

गिरिडीह, 28 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के दो मंत्री को जान से मारने की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरिडीह पुलिस ने आरोपी को पटना से पकड़ा। गुरुवार को पुलिस उसे मीडिया के सामने लाई। तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को बिहार की राजधानी पटना से गिरफ्तार किया। यह जानकारी गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार ने दी।

**24 घंटे के भीतर उड़ा देने की धमकी दी थी**

आरोपी की पहचान अंकित कुमार मिश्रा (21), पिता अरुण मिश्रा, निवासी राजेन्द्र नगर, गिरिडीह के रूप में हुई है। मामला 27 अगस्त का है, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में अंकित ने खुद को गिरिडीह निवासी बताते हुए दो मंत्रियों सुदिव्य कुमार सोनू और इरफान अंसारी को 24 घंटे के भीतर उड़ा देने की धमकी दी थी। वीडियो में आरोपी यह कहते सुना गया कि घर से कसम खाकर निकले हैं कि जब तक उनलोगों को नहीं मारेंगे तब तक घर नहीं लौटेंगे। इस मामले में अजीत कुमार, निवासी बरमसिया, गिरिडीह के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में कांड संख्या-248/25 दर्ज किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार ने सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जितवाहन उरांव के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया।

# गणेश चतुर्थी पर गौ-मांस काटती युवती का वीडियो वायरल

## हंगामा करने पर गौरक्षकों पर लाठी-डंडे और हथियार से हमला, 4 घायल

बिलासपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में गणेश चतुर्थी के दिन गौ मांस काटते युवती का एक वीडियो सामने आया है। जिसे लेकर गौ रक्षक और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद आरोपी पक्ष के लोगों ने कार्यकर्ताओं पर लाठी-डंडे और हथियार से हमला कर दिया। जिससे तनाव की स्थिति बन गई।

पुलिस ने 4 घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया और विरोध करने वालों को शांत कराया। वहीं, गौ मांस काटने वाली युवती समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर किया गया है। पूरा मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, बिल्हा के डोड़कीभाठा के ओड़िया मोहल्ले की एक युवती बुधवार को गौ मांस काट रही थी। जिसका स्थानीय युवकों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं, स्थानीय युवकों ने गौ-हत्या का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि, विरोध-प्रदर्शन के दौरान स्थानीय गौ-रक्षक युवकों के विरोध में मोहल्ले वाले भी सामने आ गए। उन्होंने विवाद शुरू कर दिया। लाठी-डंडे और हथियार लेकर आए मोहल्ले वालों ने युवकों पर हमला शुरू कर दिया। इस हमले में 4 युवक बुरी तरह से घायल हो गए। जिसके बाद गौ रक्षकों का आक्रोश भड़क गया। वहां लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई।

दोपहर में हुई इस बवाल की जानकारी पुलिस को देरी से मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब तक शहर के गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता भी गांव पहुंच गए थे। इस दौरान दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए। जानलेवा हमले के बाद गौ रक्षकों का आक्रोश भड़क गया। जिसके बाद तनाव की स्थिति बन गई।

नाराज गौ-रक्षक वहां से हटने का नाम नहीं ले रहे थे। इधर, एसएसपी रजनेश सिंह को जब इस घटना की जानकारी हुई, तब सकरी, हिर्री, चकरभाठा थाने से अतिरिक्त बल भेजकर स्थिति को नियंत्रित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अफसरों ने गौ रक्षकों को समझाइश देकर शांत कराया। वहीं, गौ रक्षकों को मौके से थाने लेकर गए। जिसके बाद शाम को मामला शांत हुआ।

पुलिस अफसरों ने कुछ गौ-मांस को सैंपल के लिए जब्त किया है। इस मामले में केस दर्ज कर युवती को हिरासत में लिया गया है। डीएसपी डीआर टंडन ने बताया कि, गौ रक्षकों की शिकायत पर मामले में केस दर्ज किया गया है। युवती समेत कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# रायगढ़ में महिलाएं करती थी गांजा की तस्करी

## ओडिशा से यूपी में करते थे सप्लाई, 6 लाख के गांजे के साथ 2 महिलाएं गिरफ्तार, तीन फरार

रायगढ़, 28 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में गांजा की तस्करी करते पुलिस ने दो महिलाओं को पकड़ा है, जो ट्रेन से उत्तर प्रदेश में भेजकर बिक्री करवाते थे। जबकि तीन अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। मामला जोबी चौकी क्षेत्र का है।

मुखबिर की सूचना पर जोबी चौकी प्रभारी लक्ष्मी राठौर और उनकी टीम ने ग्राम कुर्रू में रहने वाली अनिता बाई अगरिया (30) के घर में दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस को 62 पैकेट में रखा 64 किलो 360 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 6 लाख 40 हजार रुपए आंकी गई।

**गिरोह का नेटवर्क उत्तर प्रदेश तक**

पूछताछ में अनिता ने बताया कि गांजा ओडिशा से लाकर घर में



छिपाया जाता था, फिर मौका पाकर ट्रेन से उत्तर प्रदेश भेजा जाता था। इस काम में उसके साथ रायगढ़ निवासी सरस्वती साहू (31), उसका भाई मनोज उर्फ छोटू साहू, उत्तर प्रदेश निवासी लवकेश पांडे और उसका एक साथी शामिल हैं।

**दूसरी महिला भी चढ़ी पुलिस के हत्थे**

अनिता की निशानदेही पर पुलिस ने रायगढ़ शहर में दबिश देकर सरस्वती साहू को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके मोबाइल से गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ लगातार संपर्क के सबूत मिले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों महिला अनीता अगरिया और सरस्वती साहू को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं, गिरोह के अन्य तीन सदस्य मनोज साहू, लवकेश पांडे और उसका साथी फरार हैं। उनकी तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

# डूबने से दो मासूमों की मौत

## खेल-खेल में दोनों का पैर फिसला, गहरे पानी में डूब गए, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

गिरिडीह, 28 अगस्त (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पतरोडीह गांव में दर्दनाक हादसा हुआ। मनरेगा योजना के तहत बने डोभा में डूबने से दो सगे भाई-बहन की मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान प्रिंस कुमार (6 वर्ष) और रितिका कुमारी (4 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों मासूम खेलते-खेलते डोभा के गहरे पानी में समा गए और उनकी जिंदगी पर दुखद विराम लग गया।



घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसर गया है। मृत बच्चों के पिता दिनेश दास सूरत में मजदूरी करते हैं। हाल ही में वे अपने बीमार पिता की देखभाल के लिए गांव लौटे थे। हादसे के दिन बच्चों की मां सोनी देवी भी बीमारी से जूझ रही थीं। ऐसे में प्रिंस और रितिका बुधवार शाम शौच के बहाने घर से निकले और घर के पास बने डोभा के किनारे खेलने लगे।

खेल-खेल में दोनों का पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए। काफी समय गुजर जाने के बाद जब बच्चे वापस नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन शुरू हुई तो बच्चों के चाचा ने डोभा में उन्हें देखा। तत्काल ग्रामीणों की मदद से दोनों मासूमों को बाहर निकाला गया और बेंगाबाद अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस सूचना के बाद परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

दो छोटे बच्चों की असमय मौत ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है। हर किसी की आंखों में आंसू हैं और गांव का माहौल बेहद दुखद बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि डोभा या अन्य गड्ढों में अगर सुरक्षा घेराबंदी की जाती तो शायद यह हादसा टल सकता था।

# मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत बिगड़ी

## पारस अस्पताल में भर्ती, हेल्थ मिनिस्टर बोले- जरूरत पड़ी को दिल्ली शिफ्ट करेंगे

रांची, 28 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी की तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें रांची स्थित पारस एचईसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज सुबह अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की विशेष टीम उनकी निगरानी कर रही है।

फिलहाल मंत्री की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन उन्हें डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है। लगातार जांच की जा रही है।

मंत्री हफीजुल अंसारी की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और विधायक अस्पताल पहुंचने लगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी सबसे



पहले अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से उनके इलाज की जानकारी ली।

इसके अलावा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, परिवहन मंत्री तथा कई विधायक भी अस्पताल पहुंचे। सभी ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार उनके बेहतर इलाज के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

जांच जारी, चिंता की बात नहीं

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मंत्री हफीजुल अंसारी की गहन जांच की जा रही है और उनकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। मेडिकल टीम का कहना है कि चिंता की कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें अस्पताल में ही रखा गया है। हालांकि उनका हाल लेकर निकली मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि अब हालत में सुधार है। अस्पताल से मिल कर बाहर आए, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि वे बात करने की स्थिति में हैं। स्थिति सामान्य हो गई है। उनसे सीएम हेमंत सोरेन ने भी मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 24 घंटे अभी उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा जाएगा। जरूरत पड़ी को दिल्ली भी ले जाया जाएगा।

# धनबाद के दामोदर नदी में 5 बच्चियां डूबी

धनबाद, 28 अगस्त (एजेंसियां)। झरिया के सुदामडीह थाना क्षेत्र के दामोदर नदी में बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, दामोदर नदी के बाई क्वार्टर स्थित छठ घाट पर पूजा की डाली लेकर स्नान करने गई पांच बच्चियां अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गईं। बच्चियों के बहने की खबर मिलते ही घाट पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया।

घटना के दौरान आसपास मौजूद स्थानीय लोग और मछुआरे तुरंत नदी में कूद पड़े। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, बाकी दो बच्चियां तेज बहाव में बह गईं। सूचना पाकर पुलिस और गोताखोर भी मौके पर पहुंचे और तलाश अभियान शुरू किया गया। खोजबीन के दौरान रुक्मणी कुमारी (12 वर्ष) का शव बिरसा पुल के पास से बरामद हुआ। वहीं, दूसरी बच्ची संध्या कुमारी अब तक लापता है, जिसकी तलाश के लिए, गोताखोर लगातार अभियान चला रहे हैं।

घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग नदी किनारे जमा हो गए। घाट पर मातम का माहौल छा गया। परिजनों की स्थिति बेहद दयनीय है। रुक्मणी की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

वहीं, लापता संध्या कुमारी की सकुशल वापसी की उम्मीद में लोग प्रार्थना कर रहे हैं।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, युवक की मौत

बिलासपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर-सकरी रोड पर बुधवार देर रात करीब 2:30 बजे तेज रफ्तार कार मवेशियों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह डैमेज हो गई और उसमें सवार ड्राइवर, उसका दोस्त और दो युवतियां कार में घंटों फंसे रहे।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद गैस कटर से काटकर उन्हें बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। घटना सकरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, घुरू निवासी रामेश्वरी मानिकपुरी और बेलतरा के धौंरा मोड़ की रहने वाली सरोज राज दोनों मुंगेली नाका चौक के पास ढाबा सिंह होटल में काम करती थीं। बताया जा रहा है कि दोनों युवतियों की दोस्ती घुरू निवासी जय यादव और रितेश श्रीवास्तव से है। बुधवार की रात होटल में काम करने के बाद उन्होंने कोटा रोड की ओर घूमने का प्लान बनाया। इस पर रितेश श्रीवास्तव, जय यादव के साथ कार लेकर होटल पहुंचा और दोनों युवतियों को साथ लेकर घूमने निकल पड़ा। करीब रात 2:30 बजे, युवक-युवतियां कार में सवार होकर कोटा रोड से शहर की ओर लौट रहे थे। जब उनकी कार सकरी-बिलासपुर रोड पर पहुंची, तभी सड़क पर कुछ मवेशी बैठे हुए दिखाई दिए। कार चला रहे रितेश श्रीवास्तव ने मवेशियों को बचाने की कोशिश की, लेकिन कार की रफ्तार काफी तेज थी।

# मदरसे में छात्रा की संदिग्ध स्थिति में मौत

## बिस्तर पर मिली लाश, परिजन बोले- मौलवी ने फांसी लगाकर मार डाला

गोड्डा, 28 अगस्त (एजेंसियां)। गोड्डा जिले के महागामा थाना क्षेत्र के कस्बा गांव स्थित उम्मूल मोमिन जामिया आयशा लिल बनात मदरसा में आज एक छात्रा की मौत का मामला सामने आया है।

मृतका की पहचान बिहार के सनोखर थाना क्षेत्र कुशाहा की रहने वाली 14 वर्षीय अमनूर खातून के रूप में हुई है।

वह पिछले सात सालों से इस मदरसे में रहकर मौलवी की पढ़ाई कर रही थी। घटना की खबर फैलते ही गांव और आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई।

मृतका की बड़ी मामी सालीफान खातून को सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि अमनूर की तबीयत खराब है। जब वे मदरसे पहुंचीं तो देखा कि बच्ची बिस्तर पर मृत पड़ी हुई थी।

मामी ने बताया कि छात्रा के



गले पर दाग था। वहीं, मदरसे में पढ़ने वाली अन्य छात्राओं ने बताया कि रात 10 बजे तक सबकुछ सामान्य था।

उसके बाद सभी सोने चले गए। किस वक्त यह घटना हुई, इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाई। मौलवी पर हत्या का आरोप, अभिभावक बच्चों को ले गए घर

मृतका के परिजनों ने सीधे तौर पर मदरसे के मौलवी पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मौलवी ने छात्रा को फांसी लगाकर मार दिया।

इस घटना की जानकारी मिलने के बाद कई अभिभावक घबराकर अपनी बच्चियों को घर ले गए। परिजनों के आरोप से तनाव की स्थिति बन गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।

# भाजपा के नए पदाधिकारियों की शिव-नितिन लेंगे क्लास

## 476 मंडल और 36 संगठन के पदाधिकारी होंगे शामिल संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीति होगी तय

रायपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन 31 अगस्त को रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बड़ी बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में प्रदेश भाजपा के सभी नए पदाधिकारियों को मार्गदर्शन मिलेगा। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीति को तय करना है। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन नए पदाधिकारियों की संगठन के कार्य और जिम्मेदारियों की दिशा में क्लास लेंगे। इस मीटिंग में प्रदेश नेतृत्व के वरिष्ठ नेता, 476 मंडल और 36 संगठन जिलों के अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सभी मोर्चों के अध्यक्ष और प्रकोष्ठों के संयोजकों को बुलाया गया है। बीजेपी सूत्रों के अनुसार, यह बैठक पूरे दिन चलेगी। बैठक में शामिल होने वाले पदाधिकारियों को केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने और योजनाओं का फायदा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले, इसकी रुपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए जाएंगे। डिप्टी सीएम अरुण साव ने बैठक होने की पुष्टि की है। इस मीटिंग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा, प्रदेश के कई मंत्री और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश भाजपा ने हाल ही में सदस्यता अभियान चलाया था। इसमें रिकॉर्ड 60 लाख सदस्य बनाए गए। इसके बाद संगठन ने बूथ स्तर तक चुनाव कराए।



पहले प्रदेश में 405 मंडल थे। इसमें 71 नए मंडल बनाकर कुल संख्या 476 कर दी गई है। इसी तरह, 35 संगठन जिलों में एक नया जिला बिलासपुर ग्रामीण बनाकर जिलों की संख्या बढ़ाकर 36 की गई है।



# टैरिफ का असर सीमित

## लंबे समय में पैदा हो सकती हैं चुनौतियां; वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट



नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सामानों पर हाल ही में अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का सीधा असर अभी तो सीमित नजर आ रहा है, लेकिन इसका लंबे समय में अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर हो सकता है। वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के विभाग की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, शुरुआत में निर्यात पर असर सीमित है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन), महंगाई और वैश्विक बाजारों में भारतीयों उत्पादों की प्रतिस्पर्धा पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया, हालांकि अमेरिका के टैरिफ का तात्कालिक असर सीमित है, लेकिन इसके दूसरे और तीसरे स्तर के प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां ला सकते हैं।

**देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी टास्क फोर्स**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वैश्विक व्यापारिक माहौल की जटिलताओं से निपटने के लिए कुछ नई नीतियों का एलान किया है, जिनका मकसद देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना और विकास को बढ़ावा देना है। इसमें एक अहम कदम अगली पीढ़ी के सुधार (नेक्स्ट-जेनरेशन रिफॉर्म) के लिए टास्क फोर्स का गठन है। यह टास्क फोर्स नियमों को आसान बनाने, अनुपालन की लागत घटाने और स्टार्टअप्स, छोटे व मझोले उद्यमियों (एमएसएमई) और उद्यमियों के लिए अनुकूल माहौल बनाने पर काम करेगी।

**जीएसटी सुधार लागू करने की तैयारी में सरकार**

इसके अलावा, सरकार आने वाले महीनों में नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी सुधार लागू करने की तैयारी में है। इन सुधारों का मकसद जरूरी चीजों पर कर का बोझ कम करना है, जिससे आम लोगों को सीधा फायदा मिलेगा और बाजार में मांग बढ़ेगी।

**व्यापार नीति को विविध बना रहा भारत**

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हाल ही में भारत की साख में सुधार से कर्ज लेना सस्ता होगा, विदेशी निवेश बढ़ेगा, वैश्विक पूंजी बाजारों तक बेहतर पहुंच बनेगी और महंगाई पर दबाव भी कुछ हद तक कम होगा। इससे कंपनियों के लिए लागत घटेगी और देश के कुल आर्थिक विकास को समर्थन मिलेगा। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी व्यापार नीति को विविध बनाकर मजबूत व्यापार प्रदर्शन बनाए रखने की दिशा में भी सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

**एफटीए के लिए कई देशों के साथ वार्ता जारी**

हाल ही में भारत ने ब्रिटेन और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, चिली और पेरू जैसे बड़े देशों के साथ भी बातचीत जारी है। हालांकि, रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इन पहलों का असर दिखने में समय लगेगा और अगर अमेरिका की ओर मौजूदा टैरिफ जारी रहते हैं, तो ये उपाय भारत के निर्यात में होने वाली संभावित कमी को पूरी तरह से पूरा नहीं कर पाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वैश्विक विकास की धीमी रफ्तार के चलते अंतरराष्ट्रीय वस्तुओं की कीमतें काबू में रह सकती हैं। इससे ऊंचे टैरिफ के प्रभाव को भी कुछ हद तक संतुलित किया जा सकता है। सरकार ने कहा है कि वह इन चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। देश में उत्पादन क्षमता बढ़ा रही है।

निर्यात बढ़ा रही है। आपूर्ति श्रृंखला को विविध बना रही है और वैकल्पिक आयात के स्रोतों को सुरक्षित कर रही है। 'गणेश चतुर्थी के मौके पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका-भारत के व्यापारिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। अब भारत से 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ लगेगा, और 3.6 फीसदी माल पर 25 फीसदी टैरिफ लगेगा। हालांकि, करीब 30 अरब डॉलर का सामान इस टैरिफ से छूट में रहेगा। कपड़ा उद्योग, रत्न और आभूषण और समुद्री खाद्य उत्पाद (सीफूड) सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, क्योंकि ये श्रम-प्रधान क्षेत्र हैं।

# नए टैक्स कानून से आम आदमी की जेब होगी मजबूत

## खत्म हो जाएगी पूरी माथा-पच्ची!




नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)।भारत सरकार ने इनकम टैक्स के नियमों को पूरी तरह से नया रूप दे दिया है. आज़ादी के बाद पहली बार टैक्स का ऐसा बड़ा सुधार हुआ है. 1961 से चला आ रहा पुराना इनकम टैक्स कानून अब हट गया है. उसकी जगह अब इनकम टैक्स एक्ट, 2025 लागू होगा. राष्ट्रपति ने भी 21 अगस्त 2025 को इस कानून को मंजूरी दे दी है. ये नया कानून 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा. इसमें टैक्स की दरें तो नहीं बदली हैं, लेकिन पूरा सिस्टम अब सीधा, साफ और समझने लायक बना दिया गया है. अब आम आदमी भी टैक्स के नियम समझ सकेगा, और कंपनियों को भी दस्तावेज़ों की उलझन से राहत मिलेगी.1961 वाला कानून बहुत बड़ा और पेचिदा था. उसमें पांच लाख से ज़्यादा शब्द थे, 819 अलग-अलग सेक्शन थे और 47 चैप्टर. अब नए कानून में ये सब घटा दिए गए हैं. अब नया कानून सिर्फ ढाई लाख शब्दों में समा गया है. सेक्शन घटकर 536 रह गए हैं और चैप्टर सिर्फ 23. टैक्स से जुड़ी गिनती के लिए अब पहले से ज्यादा टेबल और फॉर्मूले दिए गए हैं, जिससे नियम पढ़ना और समझना बहुत आसान हो गया है. एक और बड़ा बदलाव ये है कि अब एसेसमेंट ईयर और प्रीवियस ईयर जैसे उलझाऊ शब्द खत्म कर दिए गए हैं. अब हर कोई टैक्स ईयर नाम से एक ही तरीका अपनाएगा यानी अप्रैल से मार्च तक का साल ही टैक्स के हिसाब से देखा जाएगा. टीडीएस (टैक्स काटना) और टीसीएस (टैक्स वसूलना) के नियम पुराने कानून में अलग-अलग 71 सेक्शनों में फैले हुए थे. अब इन्हें जोड़कर सिर्फ 11 सेक्शन में समेट दिया गया है. अब किसको कितना टैक्स काटना है, किस इनकम पर टैक्स लगेगा, कौन छूट पाएगा ये सब एक ही जगह साफ-साफ लिखा गया है. इससे आम आदमी को तो फायदा होगा ही, कंपनियों को भी अब रिपोर्ट बनाने में आसानी होगी. अब किसी भी गलती की गुंजाइश कम हो जाएगी.नए कानून में आम नौकरीपेशा लोगों को भी राहत दी गई है. पहले अगर कंपनी आपको ऑफिस आने-जाने के लिए गाड़ी देती थी तभी वो टैक्स फ्री माना जाता था.

# 'एकजुट रहने की जरूरत, धौंस-धमकी के खिलाफ खड़ा होना होगा', टैरिफ पर बोले मारुति के चेयरमैन भार्गव

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)।भारत को भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ से निपटने के लिए एकजुट होने और किसी भी तरह की धौंस या धमकी के सामने डट कर खड़े होने की जरूरत है। मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव ने गुरुवार को यह बात कही। कंपनी की 44वीं वार्षिक आम बैठक में भार्गव ने कहा, भारतीय होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी गरिमा और सम्मान को बढ़ावा देने और बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दें। हम टैरिफ मामले में किसी भी प्रकार की धौंस-धमकी के आगे न झुकें... राष्ट्र को एकजुट होना होगा। भारत से आने वाले वस्तुओं पर अमेरिका का 50 प्रतिशत टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गया। इससे झींगा, परिधान, हीरे, चमड़ा और जूते, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में निर्यात और रोजगार सृजन पर असर पड़ेगा। भार्गव ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ से वैश्विक स्तर पर बाजारों में उथल-पुथल मच गई है।उन्होंने कंपनी के शेयरधारकों से कहा, आप सभी हाल के महीनों में पैदा हुई वैश्विक अनिश्चितता से वाकिफ हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई मायनों में देशों को पारंपरिक नीतियों और रिश्तों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है। कूटनीति में टैरिफ का



व्यक्तिगत इस्तेमाल पहली बार देखा जा रहा है। उन्होंने वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) पुनर्गठन की घोषणा को भी एक बड़ा आर्थिक सुधार बताया। भार्गव ने कहा, हम सभी को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री ने जो प्रस्ताव रखा है, उससे छोटी कारों पर जीएसटी की दर घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगी, लेकिन हमें आधिकारिक घोषणा होने तक इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि सरकार ने यह माना है कि बड़ी संख्या में उपभोक्ता ऐसे हैं जो बाजार के निचले स्तर पर हैं। केंद्र ने जीएसटी दर युक्तिकरण पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) को 5 और 18 प्रतिशत की दो स्तरीय जीएसटी संरचना का प्रस्ताव दिया है, इसके अलावा कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का भी प्रस्ताव दिया है। वर्तमान में जीएसटी 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है। खाद्य और आवश्यक वस्तुओं पर शून्य या 5 प्रतिशत कर लगता है, जबकि विलासिता और अवगुण वस्तुओं पर 28 प्रतिशत कर लगता है, जिसके ऊपर उपकर भी लगता है।

# ट्रंप के 50% टैरिफ से बाजार में हलचल

## सेंसेक्स 705 अंक टूटा, निफ्टी 24600 के नीचे

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ की चिंताओं के बीच प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, विदेशी पूंजी के लगातार बहिर्गमन से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे बढ़कर 87.63 (अनंतिम) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 705.97 अंक या 0.87 प्रतिशत गिरकर 80,080.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 773.52 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 80,013.02 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 211.15 अंक या 0.85 प्रतिशत गिरकर 24,500.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक, इंफोसिस, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से पिछड़ गए। वहीं टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति और एक्सिस बैंक लाभ में रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ लागू होने के बाद निराशावाद हावी हो गया। इससे निवेशकों का रुझान कम हुआ। कपास आयात शुल्क में छूट से टैरिफ के प्रभावों से निपटने के लिए नीतिगत समर्थन की उम्मीदें थोड़ी देर के लिए बढ़ गईं। इससे अल्पकालिक इंट्रा-डे रिकवरी हुई। लेकिन निवेशकों का मूड नाजुक बना रहा। जोखिम-रहित धारणा के बीच लार्जकैप शेयरों में गिरावट आई और मिडकैप व स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा।सरकार ने गुरुवार को कपास के शुल्क मुक्त आयात को तीन महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दिया, ताकि अमेरिका में 50 प्रतिशत के भारी शुल्क का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को मदद मिल सके। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार मिश्रित रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.62 प्रतिशत गिरकर 67.63 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 6,516.49 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 7,060.37 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## दैनिक पंचांग

ग्रह गोचर




सिंह
तुला
कर्क

05-14 बजे
07-21 बजे
09-27 बजे
11-37 बजे
13-50 बजे
15-57 बजे
17-47 बजे
19-25 बजे
21-01 बजे
22-46 बजे
00-46 बजे
02-59 बजे

पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
षष्ठी 20-22 तक उपरान्त सप्तमी
भाद्रपद शुक्ल, शुक्रवार 29 August
स्वाति 11-38 तक उपरान्त विशाखा
ब्रह्म 14-11 तक ऐन्द्र
कौलव 07-08 तक उप तैतिल
श्री बलदेव छठ सूर्यछठी
राष्ट्रीय खेल दिवस

**राहुकाल** 10-43 से 12-17 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| चंचल 06-04 - 07-36 शुभ | रोग 18-31 - 19-57 शुभ |
| लाभ 07-36 - 09-10 शुभ | काल 19-57 - 21-24 शुभ |
| अमृत 09-10 - 10-43 शुभ | लाभ 21-24 - 22-50 अशुभ |
| काल 10-43 - 12-17 अशुभ | उत्पात 22-50 - 00-17 अशुभ |
| शुभ 12-17 - 13-50 शुभ | शुभ 00-17 - 01-43 शुभ |
| रोग 13-50 - 15-24 अशुभ | अमृत 01-43 - 03-10 अशुभ |
| उत्पात 15-24 - 16-57 अशुभ | चंचल 03-10 - 04-36 शुभ |
| चंचल 16-57 - 18-31 शुभ | रोग 04-36 - 06-04 शुभ |

# कपास पर आयात शुल्क छूट की समयसीमा दिसंबर 2025 तक बढ़ी, टैरिफ से जूझ रहे कपड़ा उद्योग को अस्थायी राहत

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र ने कपास पर आयात शुल्क छूट को दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया है। यह फैसला कपड़ा क्षेत्र को अमेरिकी टैरिफ राहत देने के लिए उठाया गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार इस कदम का उद्देश्य घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए कपास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

**तीन महीने के लिए छूट बढ़ाई**

विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय कपड़ा क्षेत्र के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के लिए केंद्र ने 19 अगस्त 2025 से 30 सितंबर 2025 तक कपास पर आयात शुल्क में अस्थायी रूप से छूट दी थी।

निर्यातकों को और अधिक समर्थन देने के लिए केंद्र ने कपास (एचएस 5201) पर आयात शुल्क छूट को 30 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया है।



इस महीने की शुरुआत में, कपड़ा संगठनों ने 30 सितंबर तक कपास के आयात पर सीमा शुल्क में छूट का स्वागत किया था, और कहा था कि इससे अनिश्चित आपूर्ति से जूझ रहे निर्माताओं और निर्यातकों को तत्काल राहत मिलेगी।सीआईटीआई की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा कि यह निर्णय उद्योग प्रतिनिधियों की लगातार अपील का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय उद्योग के लिए एक शानदार कदम है, और अगर इससे बातचीत को कोई सकारात्मक संकेत मिलता है, तो मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है।

**भारत का परिधान क्षेत्र जीडीपी में 2% का योगदान करता है**

इससे पहले भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) के अध्यक्ष राकेश मेहरा ने मंगलवार को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कपड़ा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने कहा कि भारत का कपड़ा और परिधान क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह रोजगार और आजीविका प्रदान करने वाले सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है।

**दूसरे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत पर अधिक टैरिफ**

उन्होंने आगे बताया कि अमेरिका भारतीय कपड़ा और परिधान वस्तुओं का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है।

इसका निर्यात लगभग 28 प्रतिशत है। अकेले 2024-25 में, भारत द्वारा अमेरिका को इन उत्पादों का निर्यात लगभग 11 अरब डॉलर का था। चीन अमेरिका को कपड़ा और परिधान का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, उसके बाद वियतनाम, भारत और बांग्लादेश का स्थान आता है। वर्तमान में, वियतनाम और बांग्लादेश के लिए अमेरिकी टैरिफ दरें 20 प्रतिशत हैं, जो भारतीय उत्पाद निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत से काफी कम है।

# रिलायंस की एजीएम पर 44 लाख निवेशकों की नजर

## 1,801 रुपये तक जा सकता है शेयर

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज कल यानी 29 अगस्त को दोपहर 2 बजे अपनी सालाना आम बैठक करेगी। इस बैठक पर 44 लाख शेयरधारकों की निगाहें टिकी हैं। उन्हें उम्मीद है कि अंबानी टेलीकॉम और रिटेल बिजनस के आईपीओ को लेकर कुछ बड़ी घोषणा कर सकते हैं। बैठक से ठीक पहले एक बड़ी ब्रोकरेज फर्म यूबीएस ने रिलायंस के शेयर का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1,550 रुपये कर दिया है। उसका कहना है कि रिलायंस के रिटेल



और जियो कारोबार में तेजी से बढ़ने की क्षमता है। इससे कंपनी के शेयर की वैल्यू बढ़ सकती है। यूबीएस के एनालिस्ट नवीन किल्ला का कहना है कि जियो अब मैच्योर हो गया है। अगले 12-18 महीनों में जियो की वैल्यू बढ़ सकती है। रिटेल कारोबार को लिस्ट होने में 2-3 साल लग सकते हैं। ऑनलाइन कारोबार और कंपनी के अपने ब्रांड को बढ़ने में अभी समय लगेगा। रिलायंस के शेयर इस साल 2025 में अब तक 13% से ज्यादा बढ़ चुके हैं। हालांकि पिछले एक हफ्ते में शेयर 2.5% गिरे हैं। इसकी वजह बाजार में आई गिरावट और एजीएम से कम उम्मीदें हैं। बीओएफए के सचिन सालगांवकर का कहना है कि लोगों को ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं। इसलिए कुछ अच्छा होने की संभावना है। साल 2019 की एजीएम में रिलायंस के चेयरमैन ने कहा था कि वह 5 साल के अंदर टेलीकॉम और रिटेल कारोबार का आईपीओ ला सकते हैं।

# फेड-ट्रंप की तनातनी के बीच सोना 300 बढ़कर 101570 प्रति 10 ग्राम पर

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त करने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद फेड की स्वतंत्रता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में सोने की ओर रुख किया। इससे राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को पीली धातु का भाव 300 रुपये बढ़कर 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। व्यापारियों का कहना है कि कमजोर अमेरिकी डॉलर, फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद, तथा टैरिफ संबंधी मौजूदा घटनाक्रमों के कारण कीमतों में तेजी आई है। पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 1,01,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 200 रुपये बढ़कर 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। बुधवार को यह 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को चांदी की कीमतें 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी डॉलर में गिरावट और सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की जारी मांग के कारण गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी आई।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) — आज आपके मुख्य शब्द आराम और राहत रहेंगे । आप पिछले कुछ दिनों से बहुत मेहनत कर रहे हैं और अब इस मेहनत का आनंद लेने की बारी है ,बहुत बड़ी पार्टी ना रखें । छुट्टी का दिन शांति से बिताएं । अपने किसी विशेष प्रियजन से बात कर लेने से आपको बहुत संतुष्टि मिलेगी ।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो) — आपको आज खुद का ही चिंतन करना है । आपके जीवन में इस समय सब कुछ सही चल रहा है ,फिर भी आपको एक प्रकार की बेचैनी महसूस हो रही है जिसे आप व्यक्त नही कर पा रहे । इसका एकमात्र समाधान यह है कि आप खुद के बारे में शांत दिमाग से सोचें जिससे आपको अपनी स्थितियों को बेहतर तरीके से देखने में मदद मिलेगी और आप सही समाधान खोज पायेंगे ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह) — आज अपमनी दार्शनिकताओं तथा विचारों को किसी के साथ बाँट लेने का मौका देखें ,आपकी मुलाकात एक बेहतरीन व्यक्ति से हो सकती है । इससे एक ख़ूबसूरत दोस्ती या अच्छी साझेदारी भी जन्म ले सकती है । थोड़े से ध्यान से देखने से,आप अपने आसपास से बहुत सारी चीजें सीख पायेंगेऔर यह ज्ञान आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा ।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) — आज का दिन संकेत दे रहा है कि आज आप खूब आनंद उठाएंगे,लेकिन बेहतर यही होगा कि सुबह कुछ समय निकालकर अपने कल के शेष कार्यों को पूरा कर लें । अपने कार्यकर्म की योजना अपने परिजनों के कार्यक्रम के अनुसार ही बनाएं ताकि बाद में कोई ग़लतफ़हमी या समस्या ना आये ।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) — अपने सृजनात्मक विचारों को कार्यान्वित करने का यह बहुत अच्छा समय है । अपने विचारों को बड़ा रखें तथा किसी बोद्धिक या व्यवसायिक प्रशिक्षण में हिस्सा लें, इससे आपको औरो पर बढ़त हासिल होगी । हालाँकि ऐसा करते हुए आपको कुछ वित्तीय परेशानियां आ सकती हैं ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज आप अधिकार जताने के मूड में हैं । आप सबसे आगे रहकर अपना अधिकार जताना चाहते हैं । इस बारे में सावधान रहें कि आपको अभिमानी न समझा जाए । आप न चाहते हुए भी किसी को परेशान कर सकते हैं । अगर आपको लगता भी है कि आप सब जानते हैं और सबसे बेहतर कर सकते हैं तब भी कार्य में औरों का सहयोग लेने की कोशिश करें ।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) — आप व्यवसायिक या निजी कारणों से यात्रा कर सकते हैं ।हालाँकि इस समय आपके लिए यात्रा करना मुश्किल होगा लेकिन आप कर पायेंगे और इससे आपको लाभ भी होगा । जो लोग पहले आपकी उदारता को नही समझते थे ,अब उन्हें भी इसकी कीमत समझ आएगी ।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू) — आज के दिन की खासियत आपकी किसी प्रभावी व्यक्ति से मुलाकात रहेगी जिसका प्रभाव आपके जीवन पर पर काफी लम्बे समय तक रहेगा । आप किसी ऐसीस्थिति या व्यक्ति के संपर्क में भी आ सकते हैं जहाँ आपको विपरीत दृष्टिकोणों का सामना करना पड़ सकता है । आपको रचनात्मक आलोचना को सही तरीके से ही लें और बदतमीज हुए बिना ही अपनी बात को समझाने से कोशिश करें ।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) — आज का दिन समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा है । अगर आप किसी नयी परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नही पहुंच पाए हैं तो आज शुरूकर लें,आज आप जो भी करना शुरू करेंगे ,सफलता जरुर मिलेगी । आज होने वाली घटनाओं से आपके वित्त सम्बन्धी नजरिये में भी बदलाव आएगा और नकारात्मकता कम होगी ।

**मकर** (भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी) — आप पिछले कुछ दिनों से कोई बड़ी योजना बना रहे हैं । वास्तव में आज आपको यह बात महसूस होगी कि आप क्या करने जा रहे हैं और इसका आप पर काफी प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब आपके पास पीछे हटने का विकल्प मौजूद नही है । आपको इसी दिशा में विशवास से आगे बढना होगा और आपको जल्दी ही यह भी अहसास हो जाएगा की जितना आपने सोचा था।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) — आप प्रेरणा से भरे हैं और काफी अच्छी स्थिति में भी हैं । आपका दिमाग सक्रिय है और इसमें नए नए विहार और नीतियां आती रहती हैं । आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा रहेगा । हालाँकि अगर आपने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नही दिया तो यह सब उल्टा -पुल्टा भी हो सकता है ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) — आपकी प्रवृतियाँ आज काफी सक्रिय रहेंगी और आपको उनकी सुनकर ही आज आगे बढ़ाना चाहिए। यहां तक की अगर आपके आसपास हर किसी की राय अलग है तो भी आप उनकी ना सुनकर अपने ही मन की सुनें । आपके लिए शायद अभी यह कर पाना काफी मुश्किल होगा लेकिन आपको इसका लाभ मिलेगा ।आपको अपनी आँखें और कान खुले रखकर अपने रास्ते में आने वाले अवसरों को पकड़ना है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# राकेश गंगवाल और उनके परिवार ने इंडिगो में 3.1% हिस्सेदारी 7027 करोड़ में बेची, शेयर 4% से ज्यादा टूटे



नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)।इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने गुरुवार को अलग-अलग ब्लॉक सौदों के जरिये इंडिगो में 3.1 प्रतिशत तक हिस्सेदारी 7,027.7 करोड़ रुपये में बेच दी। हिस्सेदारी बिक्री के बाद, इंटरग्लोब एविएशन के शेयर एनएसई पर 4.44 प्रतिशत गिरकर 5,781 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार करता दिखा। वहीं, बीएसई पर कंपनी के शेयर 4.16 प्रतिशत गिरकर 5,793 रुपये प्रति शेयर के भाव पर आ गए। हालिया लेनदेन के बाद राकेश गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट की इंडिगो में हिस्सेदारी 7.81 प्रतिशत से घटकर 4.71 प्रतिशत हो गई है। इंडिगो के सह-संस्थापक गंगवाल, कंपनी के एक और सह-संस्थापक राहुल भाटिया के साथ तीखे मतभेद के बाद, चरणबद्ध तरीके से अपनी इक्विटी बेच रहे हैं। पीटीआई की ओर से देखे गए टर्म शीट के अनुसार, राकेश गंगवाल के अलावा, चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट, जिसके ट्रस्टी शोभा गंगवाल और डेलावेयर की जेपी मॉर्गन ट्रस्ट कंपनी हैं, ने सामूहिक रूप से देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में 3.1 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेच दी है। एक्सचेंजों पर शेयरधारिता के आंकड़ों के अनुसार, जून 2025 तक गंगवाल और पारिवारिक ट्रस्ट के पास इंडिगो में 7.81 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। लेनदेन के तहत, बिक्री में 5,808 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 12.1 मिलियन शेयर (1.21 करोड़ शेयर) शामिल हैं, जो टर्म शीट के अनुसार, मंगलवार को एनएसई पर इंडिगो के अंतिम बंद मूल्य 6,050 रुपये से लगभग 4 प्रतिशत छूट है। टर्म शीट के अनुसार, 1.21 करोड़ इक्विटी शेयर, जो कंपनी में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करते हैं, और फ्लोर प्राइस के आधार पर ऑफर का आकार लगभग 801 मिलियन अमरीकी डॉलर या लगभग 7,027.7 करोड़ रुपये है। यह बिक्री पूरी तरह से गौण प्रकृति की है। यानी कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा, और इससे मिली राशि बिक्री करने वाले शेयरधारकों को दी जाएगी। खरीदारों का विवरण फिलहाल सामने नहीं आया है। इस वर्ष मई में गंगवाल और उनके पारिवारिक ट्रस्ट ने एयरलाइन में 5.72 प्रतिशत हिस्सेदारी 11,564 करोड़ रुपये में बेचकर अपनी हिस्सेदारी कम कर दी थी। अगस्त 2024 में, गंगवाल के पारिवारिक ट्रस्ट ने एयरलाइन में 5.24 प्रतिशत हिस्सेदारी 9,549 करोड़ रुपये में बेच दी।

# उचिप्पिलैयार में 1400 साल से विराजमान हैं गणपति

**णेशोत्सव का प्रारंभ गणेश चतुर्थी से हो गया है. गणेशोत्सव के अवसर पर आज हम आपको उचिप्पिलैयार गणेश मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जहां गणपति 1400 सालों से विराजमान हैं. जो इस मंदिर में गणेश चतुर्थी की पूजा कर लेता है, उसके असंभव कार्य भी संभव और सफल होते हैं. आइए जानते हैं कि उचिप्पिलैयार गणेश मंदिर की रोचक कथा.**



विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का 10 दिनों तक चलने वाला जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी से प्रारंभ हो गया है. मुंबई सहित देशभर में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है. देशभर के गणेश मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है. पौराणिक कथा के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश जी की उत्पत्ति माता पार्वती के उबटन से हुआ था. माता पार्वती को एक पुत्र की इच्छा हुई तो उन्होंने अपने उबटन से एक बालक को बनाया और उसमें प्राण डाल दिए. वही बालक प्रथम पूज्य गणपति महाराज के नाम से जाने जाते हैं. गणेशोत्सव के अवसर पर आज हम आपको तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में स्थित उचिप्पिलैयार गणेश मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जहां पर गणपति 1400 सालों से विराजमान हैं. इनको तिरुचिरापल्ली का संरक्षक कहते हैं. कहा जाता है कि जो भी एक बार उचिप्पिलैयार गणेश जी के दर्शन करके कोई कार्य करता है, तो उसमें सफलता जरूर मिलती है, चाहे वो कितना भी कठिन क्यों न हो।

### 273 फीट की ऊंचे रॉक फोर्ट पर है मंदिर

उचिप्पिलैयार गणेश मंदिर तिरुचिरापल्ली में रॉक फोर्ट के शिखर पर स्थित है. बताया जाता है कि यह गणेश मंदिर 7वीं शताब्दी में बना था. यह मंदिर लगभग 273 फीट की ऊंचाई है. इस मंदिर में गणपति बप्पा के दर्शन करने के लिए 400 से अधिक सीढ़ियां चढ़कर आनी होती हैं. मंदिर से भक्तों को तिरुचिरापल्ली शहर और कावेरी तट के सुंदर दृश्य भी देखने को मिलते हैं।

लोक मान्यताओं के अनुसार, प्रभु श्रीराम का अयोध्या में राज्याभिषेक संपन्न हो गया तो लंका के राजा विभीषण अपने राज्य वापस लौट रहे थे. उस समय उनके हाथ में रंगनाथ जी की एक सुंदर सी मूर्ति थी।

यात्रा की वजह से वह काफी थक गए थे, तो वे कावेरी के तट पर कुछ क्षण आराम करने की सोची. वहां पर एक बालक था, विभीषण ने रंगनाथ जी की मूर्ति को उस बालक को दे दिया, ताकि वह उसे अपने हाथ में लिए रहे, तब तक वे आराम कर लेंगे।

इसी बीच विभीषण को नींद आ गई. जब उन्होंने अपनी आंखें खोलीं, तो रंगनाथ जी की मूर्ति जमीन पर रखी हुई थी. वह मूर्ति वहीं पर स्थापित हो गई थी. यह देखकर विभीषण नाराज हो गए और उस बालक को खोजने लगे।

उन्होंने देखा कि वह बालक एक बड़ी सी चट्टान के शिखर पर बैठा है. गुस्से में विभीषण उस बालक के पास गए और उस पर प्रहार किया तो एक चमत्कार हुआ. वह बालक मंगलमूर्ति गणेश के रूप में वहीं पर स्थापित हो गए, जो उचिप्पिलैयार गणेश के नाम से प्रसिद्ध हुए।

### गणेश चतुर्थी पर होता है 7 दिनों का उत्सव

उचिप्पिलैयार गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी का उत्सव 7 दिनों तक चलता है. यहां के लोग धूमधाम से गणेश जी का जन्मदिन मनाते हैं. गणेश चतुर्थी के अवसर पर दूर-दूर से भक्त गणपति बप्पा के दर्शन करने आते हैं. इस मंदिर में गणेश पूजा के लिए पहले से बुकिंग करानी पड़ती है. यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप गणेश चतुर्थी की पूजा से वंचित हो सकते हैं।

### गणेश चतुर्थी पूजा से कठिन कार्य भी होते हैं सफल

लोक मान्यता है कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर जो भी इस मंदिर में गणपति बप्पा की पूजा करता है और उसके बाद जो भी कार्य करता है, वह सफल सिद्ध होता है, चाहे वह कितना भी कठिन क्यों न हो।

# मोबाइल नंबर का अंतिम अंक है 8, तो जानें क्या होता है इसका प्रभाव, शनि से संबंध




न्यूमरोलॉजी यानि अंक ज्योतिष में अंक 8 का संबंध न्याय के देवता शनि महाराज से है. शनि को कर्मफलदाता कहा गया है. यदि आपके मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 8 है तो मोबाइल अंक ज्योतिष यानि मोबाइल न्यूमरोलॉजी में इसका मतलब क्या होता है. आप अपने मोबाइल नंबर के अंतिम अंक से आने वाले लोगों के बारे में थोड़ा बहुत अनुमान लगा सकते हैं. जो लोग बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए यह जानना काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।

### मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 8 का मतलब

यदि आपके मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 8 है तो आपको समझना चाहिए कि आने वाले कॉल्स केवल काम से काम वाले ही होंगे. जो भी व्यक्ति आपको कॉल करेगा, वो अपना उद्देश्य बताएगा और आप जैसा उसको उत्तर देंगे, उस हिसाब से वो रिप्लाई देकर आगे बढ़ जाएगा. वो फालतू की बातें नहीं करेगा।

अगर किसी बिजनेसमैन के मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 8 है तो उसके ग्राहक उसे ज्यादा मोलभाव नहीं करेंगे, वे सीधा प्रोडक्ट की जानकारी लेंगे और जो भी ऑर्डर देना है देकर आगे बढ़ जाएंगे।

सामने से जो व्यक्ति आपको कॉल करेगा, वो हड़बड़ी में बात नहीं करेगा. वह आराम से बात करेगा. उसके बात करने की गति थोड़ी धीमी होगी. उसके बातों में आपको ठहराव महसूस हो सकता है. ऐसे ग्राहक पैसे देकर जाने वाले होते हैं. ग्राहक से आपकी कट टू कट बात होगी और डील भी पक्की हो जाएगी।

हालांकि आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 8 सभी को एक समान लाभ देगा, यह संभव नहीं है क्योंकि यह आपके मूलांक और भाग्यांक के आधार पर काम करता है।

अंक ज्योतिष में अंक 8 अनंत संभावनाओं को प्रदान करने वाला अंक है. इस अंक के पावर से आप धन, दौलत से लेकर सबकुछ पा सकते हैं. शनि का अंक होने से लोग डर जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है. आपको अंक 8 का सही उपयोग करना आना चाहिए. अंक 8 से आपके जीवन में स्थायित्व और सुरक्षा की भावना बढ़ती है।

अगर आपके मोबाइल नंबर का अंतिम अंक 8 है तो आप अपने ज्ञान के दम पर सबकुछ हासिल करते हैं. आप सभी चीजों का हिसाब किताब सही से रखते हैं. परिस्थिति कोई भी हो, आप उसका सही से आंकलन करने के बाद ही कदम उठाने वाले व्यक्ति हैं।

# मिलेगा भाग्य का साथ या किस्मत देगी धोखा? हाथ की रेखा से आपनी लक लाइन जानें



कुछ लोगों को भाग्य पर विश्वास होता है तो कुछ लोगों को अपने कर्म पर. भाग्यवादी लोगों का मनना है कि आप को जो मिलना है, वो मिलकर रहेगा, चाहें जो कुछ कर लो. वहीं कर्मवादी लोगों का मानना है कि वे अपने कर्म के बलबूते अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं, उनका भाग्य में यकीन नहीं होता है. हालांकि दोनों ही लोगों के हाथों की लकीरें बताती हैं कि उनकी किस्मत में क्या है? हथेली की भाग्य रेखा यह बताती है कि व्यक्ति का जीवन कैसा होगा? हस्तरेखा शास्त्र में भाग्य रेखा को देखकर अनुमान लगाया जाता है कि व्यक्ति की किस्मत चमकने वाली है या उसका जीवन सघर्षों से भरा है।

### हाथ में भाग्य रेखा कहां होती है?

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, हथेली के नीचले छोर पर जहां से मणिबंध शुरू होता है, वहां से जीवन रेखा के साथ एक रेखा सूर्य या शनि पर्वत की ओर ऊपर की ओर निकलती है. वह भाग्य रेखा कहलाती है. कई बार भाग्य रेखा जीवन रेखा से निकली है तो कई बार यह मस्तिष्क रेखा से भी निकलती हुई देखी जाती है. कई बार ये रेखा हथेली के मध्य में ही होती है. यदि किसी के हाथ में भाग्य रेखा स्पष्ट और सीधी ऊपर की ओर बढ़ती हुई होती है तो इसे बहुत अच्छा माना जाता है।

### ऐसे लोगों को मिलता है उच्च पद राजा वाला जीवन

अगर आपके हाथ की भाग्य रेखा सूर्य पर्वत पर जाती है यानि अनामिका अंगुली के पास तक जाती है तो ऐसे लोगों को समाज में मान-सम्मान और उच्च पद की प्राप्ति होती है. ऐसे लोग सरकार, राजनीति या सरकारी नौकरी में हो सकते हैं. सूर्य की शुभता से उनका जीवन उन्नति करता है. सूर्य ग्रहों के राजा हैं, इस वजह से ऐसी भाग्य रेखा वाले लोग एक राजा के समान-सुख सुविधाओं का लाभ उठाते हैं.

ऐसे लोग अचानक होते हैं मालामाल

हथेली के बीचोबीच के क्षेत्र को राहु क्षेत्र माना जाता है. यदि राहु क्षेत्र में आपकी दो भाग्य रेखाएं हैं या राहु क्षेत्र में ही भाग्य रेखा शुरू होकर खत्म हो जाती है या राहु क्षेत्र में भाग्य रेखा खत्म हो और दूसरी प्रारंभ हो जाए या फिर राहु क्षेत्र में भाग्य रेखा दो भागों में बंट जाए तो ऐसे लोग अचानक से मालामाल होते हैं. ये लोग बिजनेस करके लाभ कमा सकते हैं. अचानक किया गया करियर परिवर्तन या शुरू किया गया काम आपको जबरदस्त धन लाभ देकर जाएगा।

### अचानक धन लाभ देती है ऐसी भाग्य रेखा

यदि आपकी भाग्य रेखा चंद्र रेखा से निकलकर मस्तिष्क रेखा को काट देती है तो ऐसे लोगों को भी अचानक धन लाभ होता है. अचानक से किया गया निवेश या कोई मन में आया विचार आपको सफलता के शिखर पहुंचा देता है।

अगर आपकी भाग्य रेखा से एक रेखा निकलकर आपके बुध पर्वत पर यानि कनिष्ठा अंगुली के नीचे उभरे हुए भाग पर चली जाए तो भी ऐसा व्यक्ति बहुत धन लाभ कमाता है. उसकी किस्मत साथ देती है. खास बात यह है कि ऐसे लोग बिजनेस में बहुत लाभ कमाते हैं।

# 30 अगस्त से इन राशि वालों की चमकेगी किस्मत, बन रहा है बुधादित्य योग



ज्योतिष शास्त्र में सूर्य और बुध दोनों ही महत्वपूर्ण ग्रह हैं, जिसका खास प्रभाव व्यक्ति के जीवन में देखने को मिलता है। कुंडली में दोनों ग्रहों का स्थान जातकों के करियर क्षेत्र को प्रभावित करता है। दरअसल, सूर्य ग्रहों के राजा है और वह आत्मा, मान-सम्मान और नेतृत्व क्षमता के कारक ग्रह है। हालांकि, बुध को ग्रहों के राजकुमार माना गया है। वह बुद्धि, संचार, संवाद और व्यापार के कारक है। चूंकि दोनों ग्रहों में मित्रता का भाव है, इसलिए इनकी युति से कुछ राशियों को विशेष लाभ की प्राप्ति होती है। यही नहीं जब भी सूर्य-बुध एक राशि में गोचर करते हैं, तो बुधादित्य योग का निर्माण होता है, जो बेहद शुभ है। इसके प्रभाव से व्यक्ति को तरक्की, व्यापार सफलता, शिक्षा में मनचाहे परिणाम और समाज में मान-सम्मान मिलता है। ज्योतिषियों के मुताबिक अगस्त माह के अतिंम में यह योग जल्द बनने वाला है। आपको बता दें, बुध 30 अगस्त 2025 को शाम 4 बजकर 39 मिनट पर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इस राशि में पहले से ही सूर्य मौजूद है। ऐसे में दोनों ग्रहों की युति होगी, जिससे बुधादित्य योग बन रहा है। इससे किन राशि को लाभ मिल सकता है, आइए जानते हैं।

### वृषभ राशि

बुधादित्य योग वृषभ राशि वालों के लिए शुभ रहेगा। करियर को लेकर जो योजनाएं लंबे समय से अटकी थी, उन्हें गति मिलेगी। इस दौरान आप कोई बड़ा फैसला भी ले सकते हैं। व्यापार में धन लाभ होने से किसी दूसरे नए काम भी शुरूआत भी आप करेंगे। योग के प्रभाव से अविवाहित जातकों के जीवन में किसी खास की दस्तक होगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रिश्ते-नाते अनुकूल बने रहेंगे। नौकरी या व्यवसाय में नए प्रोजेक्ट्स मिलने के संकेत है।


### कर्क राशि

कर्क राशि वालों पर सीनियर और जूनियर दोनों मेहरबान रहेंगे। आपकी कड़ी मेहनत और लगन को सराहना मिलेगी। इस दौरान कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति या सम्मान प्राप्त हो सकता है। हालांकि, घर में खुशिया का माहौल रहेगा, जिससे जीवन आपका सुखद बना रहेगा। यह योग आपकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा। करियर में मनचाही सफलता मानसिक शांति और संतुलन देगी। करियर में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

### सिंह राशि

बुधादित्य योग सिंह राशि में बनने वाला है, इसलिए आपको संबंधों और वैवाहिक जीवन में खास बदलाव देखने को मिलेगा। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आपको किसी काम को लेकर विदेश यात्रा का ऑफर आ सकता है। भूमि-भवन का लाभ होने की संभावना है। कोर्ट में चल रहे पुराने मामलों का समाधान हो सकता है। इस समय सेहत सामान्य बनी रहेगी। परिवार के साथ समय बिताने के अवसर मिलेगा। आर्थिक लाभ होने से मानसिक तनाव कम होंगे और जीवन में संतुलन आएगा।

# गणेश चतुर्थी की कथा, गणपति बप्पा के जन्म की कहानी



सनातन धर्म में गणेश चतुर्थी के व्रत का विशेष महत्व माना जाता है. कहते हैं जो कोई इस दिन सच्चे मन से व्रत रखता है उसके जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। इस दिन श्रद्धालु घर में बप्पा की प्रतिमा स्थापित करते हैं और उनकी विधिवत पूजा करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि गणेश चतुर्थी क्यों मनाई जाती है और इस दिन कौन सी कथा पढ़ी जाती है. चलिए आपको बताते हैं गणेश चतुर्थी की पावन कथा।

गणेश चतुर्थी की पावन कथा अनुसार, प्राचीन समय की बात है. एक दिन देवी पार्वती ने स्नान करते समय अपने शरीर की मैल से एक बालक की मूर्ति बनाई और उसमें प्राण डाल दिए। पार्वती जी ने उसे आदेश दिया कि जब तक वह स्नान कर रही हैं, तब तक वो किसी को भी अंदर न आने दें. उसी समय अचानक से भगवान शिव वहां पहुंचे।

लेकिन बालक ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया. यह देख शिव जी को क्रोध आ गया और उन्होंने उस बालक को चेतावनी दी लेकिन इसके बाद भी बालक ने भगवान को अंदर नहीं जाने दिया. तब भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से उसका सिर काट दिया।

जब माता पार्वती ने ये दृश्य देखा, तो उन्हें क्रोध आ गया जिसके बाद माता ने संपूर्ण ब्रह्मांड को नष्ट करने की धमकी दे दी।

माता पार्वती के क्रोध को शांत करने के लिए भगवान शिव ने देवताओं से कहा कि जो भी जीव उत्तर दिशा की ओर सोया हो उसका सिर लेकर आओ. देवताओं को एक हाथी का बच्चा मिला तो वे उसका सिर लेकर आए और भगवान शिव ने उसे बालक के धड़ से जोड़ दिया जिससे बालक जीवित हो उठा।

देवी पार्वती की प्रसन्नता के लिए भगवान शिव ने उस बालक का नाम गणेश रखा और उन्हें आशीर्वाद दिया कि अब से सबसे पहले पूजा गणेश जी की ही होगी. कहते हैं तभी से भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता का स्थान मिला।

कहते हैं जिस दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था उस दिन भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी थी इसलिए तभी से इस दिन गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया जाने लगा।

# गणेशोत्सव के दौरान बप्पा को जरूर अर्पित करें ये 5 फूल, जीवन में आएगी सुख-समृद्धि

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 27 अगस्त को थी और इसी दिन देशभर में गणेश चतुर्थी का पावन पर्व मनाया गया। गणेश चतुर्थी के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव की भी शुरुआत हो चुकी है। गणेशोत्सव के दौरान भक्त गणेश जी को अतिथि के रूप में घर में लाते हैं और अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करते हैं। गणेशोत्सव के दस दिनों में भक्त घर में गणेश जी की विधि-विधान से पूजा करते हैं। इस दौरान पूजा के दौरान आपको गणेश भगवान के प्रिय फूलों को भी उन्हें अर्पित अवश्य करना चाहिए। आइए जान लेते हैं भगवान गणेश को कौन-कौन से फूल प्रिय हैं।

### अपराजिता के पुष्प

गणेशोत्सव के दौरान आपको अपराजिता के फूल भगवान गणेश को अर्पित करने चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अपराजिता के फूल बप्पा को अतिप्रिय हैं। अपराजिता के पुष्प अर्पित करने से बप्पा आपके प्रेम और वैवाहिक जीवन में आ रही परेशानियों को दूर करते हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।

### गुडहल के पुष्प अर्पित कर पाएं समृद्धि

बप्पा को गुडहल के फूल भी गणेशोत्सव के दौरान अर्पित करना बेहद शुभ माना जाता है। गुडहल के फूल बप्पा को अर्पित करने से जीवन में आ रही विघ्न बाधाएं दूर होती हैं और प्रतिद्वंदियों पर भी आप विजय प्राप्त करने में सफल होते हैं।

गेंदे के पुष्प अर्पित करने से पाएं आरोग्य

विघ्नहर्ता को गेंदे के फूल भी आपको अर्पित करने चाहिए। गेंदे के पुष्प अर्पित करने से आपको आरोग्य की प्राप्ति होती है साथ ही धन-धान्य में भी वृद्धि होती है। आपकी कई आर्थिक परेशानियां गेंदे के फूल बप्पा को अर्पित करने से दूर होती हैं।

### कंद के पुष्प दिलाएंगे पारिवारिक शांति

बप्पा को कंद के पुष्प भी गणशोत्सव के दौरान अर्पित आप कर सकते हैं। कंद के फूल अर्पित करने से पारिवारिक जीवन में शांति और सौहार्द आता है। साथ ही प्रेम संबंधों में भी तरोताजगी आती है।

### पारिजात के पुष्प अर्पित करने से विघ्न-बाधाएं होंगी दूर

गणेशोत्सव के दौरान अगर आप बप्पा को पारिजात के पुष्प अर्पित करते हैं दो जीवन में आ रही विघ्न बाधाओं से आपको मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो दंपत्ति संतान की कामना कर रहे हैं उन्हें भी परिजात के पुष्प बप्पा को अर्पित करने से खुशखबरी मिलती है।

# कौन है लक्ष्मी मेनन, जिन पर लगे हैं आईटी कर्मचारी के किडनैपिंग के आरोप



मलयालम एक्ट्रेस लक्ष्मी मेनन के खलिफ FIR दर्ज हुई है। उन पर कोच्चि में एक आईटी कर्मचारी की किडनैपिंग में शामिल होने के आरोप लगे हैं। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद से ही एक्ट्रेस फरार हैं। जानिए लक्ष्मी मेनन, उनकी फिल्मों और परिवार के बारे में सबकुछ।

मलयालम फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस लक्ष्मी मेनन कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। उन पर एक आईटी कर्मचारी ने अपनी किडनैपिंग में शामिल होने का आरोप लगाया है। मामला कोच्चि का है और लक्ष्मी घटना के बाद से ही फरार हैं। कोच्चि पुलिस ने बताया कि अपहरण और मारपीट के इस मामले में एक्ट्रेस से भी पूछताछ होगी। पुलिस आयुक्त पुट्टा विमलादित्य ने कहा कि घटना के बाद से एक्ट्रेस फरार हैं। मामले में नामजद चार आरोपियों में से तीन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

## केरल हाईकोर्ट ने अभिनेत्री की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

अपहरण और मारपीट के आरोपों का सामना कर रहीं साउथ अभिनेत्री लक्ष्मी मेनन को फिलहाल केरल हाईकोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने अभिनेत्री की गिरफ्तारी पर फिलहाल ओणम की छुट्टियों तक रोक लगा दी है।

अभिनेत्री पर एक आईटी कर्मचारी के अपहरण और पिटाई के आरोप लगे हैं। कोर्ट ओणम की छुट्टियों के बाद अभिनेत्री की अग्रिम जमानत याचिका पर विस्तृत सुनवाई करेगा।

**पुलिस ने अभिनेत्री और उनके तीन साथियों पर दर्ज किया केस**

एर्नाकुलम नॉर्थ पुलिस ने अभिनेत्री लक्ष्मी मेनन और उनके तीन साथियों के खिलाफ आईटी कर्मचारी के अपहरण और मारपीट मामले में केस दर्ज किया है। अलुवा के रहने वाले पीड़ित युवक ने पुलिस को बताया कि वो अपने दोस्तों के साथ कोच्चि के एक रेस्टोबार में गया था। वहां अभिनेत्री के दोस्तों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। स्थिति बिगड़ती देख वह अपने दोस्तों के साथ तुरंत वहां से निकल गया। लेकिन इसके बाद उसका अपहरण हो गया और उसके साथ मारपीट भी की गई।

साल 2012 में अपनी तमिल डेब्यू फिल्म 'सुंदरा पांडियन' से चर्चा में आईं लक्ष्मी मेनन 29 साल की हैं। वह एक फिल्मफेयर (साउथ) अवॉर्ड और एक तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार जीत चुकी हैं। इसके अलावा उनहोंने दो SIIMA अवॉर्ड भी जीते हैं।

**लक्ष्मी मेनन का जन्म, माता-पिता और डेब्यू**

लक्ष्मी मेनन का जन्म 19 मई 1996 को को केरल के कोच्चि में ही हुआ है। उनके पिता रामकृष्णन एक आर्टिस्ट हैं और दुबई में रहते हैं। जबकि मांग ऊषा मेनन कोच्चि में ही एक डांस टीचर हैं। मलयालम और तमिल सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस लक्ष्मी ने अपने करियर की शुरुआत मलयालम फिल्म साल 2011 में 'रघुविंते स्वंथम रजिया' में सर्पोटिंग रोल से किया था। फिर अगले साल उन्होंने 'सुंदर पांडियन' में बतौर लीड रोल में शुरुआत की।

**इसी साल फरवरी में रिलीज हुई थी लक्ष्मी मेनन की 'शब्दम'**

इसी साल 2025 की फरवरी में लक्ष्मी मेनन की फिल्म 'शब्दम' रिलीज हुई थी। इसमें उनके साथ आदी लीड रोल में थे। लक्ष्मी ने अपने करियर में अब तक 19 फिल्मों में काम किया है। वह आगे 'मलाई' फिल्म में नजर आएंगी। हालांकि, फिलहाल फरार चल रही एक्ट्रेस पर अब गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

**क्या है कोच्चि में आईटी कर्मचारी की किडनैपिंग का मामला**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिकायतकर्ता अलियार शाह सलीम, अलुवा के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि कोच्चि शहर के एक बार में दो ग्रुप्स के बीच झगड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस लक्ष्मी मेनन के साथ तीन अन्य लोग- मिथुन, अनीश और एक अन्य महिला इस ग्रुप का हिस्सा थें। अलियार का कहना है कि वह और उनके दोस्त जब इस झगड़े से बचने के लिए सड़क की ओर भागे, तब कथित तौर पर आरोपियों ने उनकी गाड़ी का पीछा किया।

**अलियार शाह सलीम ने कहा- मुझे किडनैप किया, मारपीट की और फिर छोड़ दिया**

इसी दौरान रात करीब 11:45 बजे, उत्तर रेलवे ओवरब्रिज के पास, अलियार की कार को जबरन रोका गया। उन्हें खींचकर बाहर निकाला गया।

एफ आई आर में घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने आगे कहा, 'मुझे उन लोगों ने बाहर खींचा और जबरन अपनी गाड़ी में बिठाया गया। मेरे चेहरे और शरीर पर लगातार मारा गया और गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। बाद में मुझे अलुवा-परावूर जंक्शन पर छोड़ दिया गया।'

# 33 साल बड़े मोहनलाल की हीरोइन बनने पर ट्रोल हुईं मालविका, बोलीं- पहले फिल्म देखें

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की नई फिल्म 'हृदयपूर्वम' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म की रिलीज से दो दिन पहले ही यानी मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर सामने आया था। फिल्म का ट्रेलर सामने आते ही फिल्म को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ गई थी और इसकी चर्चा होने लगी थी।

लेकिन ट्रेलर सामने आते ही फिल्म की लीड एक्ट्रेस मालविका मोहनन नेटिजंस के निशाने पर भी आ गईं। लोगों ने मालविका और मोहनलाल की उम्र के फासले को लेकर एक्ट्रेस को ट्रोल किया। अब इस पर अभिनेत्री की प्रतिक्रिया भी सामने आई है।

**32 साल की हैं मालविका**

मालविका मोहनन अभी 32 साल की हैं, जबकि अभिनेता मोहनलाल 65 साल के हो चुके हैं। ऐसे में दोनों कलाकारों के बीच 33 साल का फासला है। अब इसी को लेकर नेटिजंस ने मालविका को ट्रोल करना शुरू कर दिया। कुछ लोग जहां मालविका पर निशाना साध रहे हैं, तो वहीं कई नेटिजंस मोहनलाल को भी निशाने पर ले रहे हैं। अब अभिनेत्री मालविका मोहनन ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों को फिल्म देखने के बाद इस पर अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए। सिर्फ ट्रेलर देखकर ही ऐसा कहना ठीक नहीं है।



**बिना फिल्म देखे टिप्पणी करना सही नहीं**

जिंजर मीडिया एंटरटेनमेंट्स से बात करते हुए मालविका ने कहा कि मैंने भी ऐसे ही कुछ एक कमेंट पर रिप्लाई दिया है। अभिनेत्री का कहना है कि किसी फिल्म की कहानी या स्क्रिप्ट जाने बिना उस पर टिप्पणी करना बचकाना है। पहले फिल्म को देखिए। अगर देखने के बाद आपको लगता है कि यह कोई असामान्य विषय है, तो उस पर टिप्पणी कीजिए। यह सही भी है। हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है, लेकिन बिना कुछ जाने टिप्पणी करना सही नहीं है।

**यह कोई नॉर्मल लव स्टोरी नहीं है**

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि यह फिल्म एक आम रोमांटिक फिल्मों की तरह नहीं है। इसकी कहानी काफी अलग है। फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि दो बिल्कुल अजनबी लोग अपनी जिंदगी के एक पड़ाव पर अचानक मिलते हैं और कहानी वहीं से आगे बढ़ती है। यह कोई आम प्रेम कहानी नहीं है।

**10 साल बाद साथ आई मोहनलाल और सत्यन अंतिकाद की जोड़ी**

'हृदयपूर्वम' के जरिए अभिनेता मोहनलाल और निर्देशक सत्यन अंतिकाद की जोड़ी 10 साल बाद एकसाथ आ रही है। ट्रेलर से लोगों में उत्सुकता पैदा करने वाली 'हृदयपूर्वम' आज से सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।

# शूटिंग को लेकर फिल्म निर्माताओं का रास्ता हुआ आसान अब गोवा सरकार ने लिया अहम फैसला

भारत में गोवा एक ऐसी जगह है, जो सिर्फ आम आदमियों को ही नहीं आकर्षित करती। बल्कि यह जगह फिल्मों की भी पहली पसंद हुआ करती है। 'बॉबी', 'दिल चाहता है', 'जोश' जैसी फिल्मों में कई सीन गोवा के हैं। मूवीज की शूटिंग के दौरान मेकर्स जरूर प्रयास करते हैं कि कोई सीन गोवा का जरूर हो। हालांकि, इसके लिए उन्हें तमाम प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। अब गोवा में शूटिंग को लेकर राज्य सरकार ने प्रक्रिया को थोड़ा आसान करते हुए इसे ऑनलाइन बना दिया है। आइए जानते हैं पूरी खबर।

**शूटिंग के लिए ऑनलाइन होगा आवेदन**

गोवा के अधिकारियों ने बताया कि अब राज्य सरकार एक ऑनलाइन सुविधा पोर्टल के जरिए फिल्म शूटिंग के लिए सिंगल-विंडो अनुमति प्रणाली शुरू कर रहा है। यह फैसला निर्माताओं के काम को आसान बनाने के लिए लिया जा रहा है। यह पहल गोवा सरकार की नोडल एजेंसी- एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा (ईएसजी) द्वारा शुरू की गई है।

**कब और कहां शुरू होगा आवेदन?**

एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा (ESG) के उपाध्यक्ष डेलिलाह लोबो ने पीटीआई को बताया, 'हमने फिल्म सुविधा पोर्टल पहले ही शुरू कर दिया है। यह एक ऑनलाइन सुविधा है जहां गोवा में फिल्म शूटिंग से संबंधित सभी अनुमतियों के लिए आवेदन किया जा सकता है। गोवा में शूटिंग करने में रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति इस सिंगल-विंडो प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं, जो पारदर्शी होगा।' उन्होंने आगे कहा, '1 सितंबर से इसे ऑनलाइन कर दिया जाएगा। जो कोई भी इस पोर्टल के बारे में अधिक जानना चाहता है, वह हमारी वेबसाइट www.esg.co.in पर जा सकता है।'

**फिल्मों की शूटिंग बढ़ने की संभावना**

बोरकर, जिनकी टीम ने 'दिल चाहता है', 'हनीमून ट्रैवल्स', 'फाइंडिंग फैनी' और कई साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्मों पर काम किया है। उनका मानना है कि सिंगल-विंडो क्लीयरेंस से गोवा में और भी ज्यादा प्रोजेक्ट्स आ सकते हैं।



# 18 साल बाद सैफ अली खान के साथ हैवान में नजर आएंगे अक्षय कुमार



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इस बीच अब अक्षय ने अपनी नई फिल्म 'हैवान 'की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में अक्षय अभिनेता सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। अब अक्षय ने शूटिंग के पहले दिन का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

अक्षय ने शेयर किया वीडियो

अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम पर 'हैवान' की शूटिंग के पहले दिन का वीडियो शेयर करते हुए ये जानकारी दी है कि उन्होंने प्रियदर्शन की इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वीडियो में अक्षय के साथ निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता सैफ अली खान भी नजर आ रहे हैं। तीनों किसी बात पर चर्चा करते और हंसी मजाक करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान तीनों के बीच यह चर्चा हो रही है कि वो कितने वक्त बाद साथ लौट रहे हैं। यह वीडियो फिल्म की शूटिंग शुरू होने के मुहूर्त शॉट से पहले का मालूम पड़ता है। अक्षय हाथ में फिल्म के नाम की स्लेट लिए हुए हैं। जबकि सैफ और प्रियदर्शन साथ में खड़े हैं।

'कोई ऊपर से संत, कोई अंदर से हैवान'

इस वीडियो को शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा है, 'हम सब ही हैं थोड़े से शैतान। कोई ऊपर से संत, कोई अंदर से हैवान। अपने सबसे पसंदीदा निर्देशक प्रियदर्शन के 'हैवान' की शूटिंग आज से शुरू की। लगभग 18 साल बाद सैफ के साथ काम करने पर काफी उत्साहित और खुश हूं। चलो हैवानियत को शुरू करते हैं।' अक्षय का ये वीडियो सामने आते ही अब चर्चा का विषय बना हुआ है।

घोषणा के बाद से ही 'हैवान' चर्चा में बनी हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण है अक्षय और सैफ अली खान का इतने लंबे वक्त के बाद एकसाथ आना। अक्षय और सैफ ने साथ में कई फिल्में की हैं। इनमें 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'ये दिल्लगी', 'तू चोर मैं सिपाही', 'कीमत' और 'टशन' जैसी फिल्में शामिल हैं। दोनों आखिरी बार साल 2008 में आई फिल्म 'टशन' में नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आएंगे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'हैवान' के अलावा अक्षय जल्द ही 'जॉली एलएलबी 3' में नजर आएंगे। ये 19 सितंबर को ही रिलीज होने वाली है। इसके अलावा अक्षय की पाइपलाइन में 'भूल बंगला' और 'हेरा फेरी 3' भी शामिल हैं। इन दोनों ही फिल्मों को भी प्रियदर्शन ही डायरेक्ट कर रहे हैं। सैफ अली खान आखिरी बार नेटफ्लिक्स की फिल्म 'ज्वेल थीफ' में नजर आए थे।

# सोनू सूद ने बेचा मुंबई के पॉश इलाके में स्थित अपना घर



अभिनेता सोनू सूद अपनी फिल्मों के अलावा अपने सोशल वर्क को लेकर भी अक्सर चर्चाओं में रहते हैं। अब कल बप्पा का अपने घर पर स्वागत करने के बाद आज अभिनेता फिर चर्चाओं में हैं। लेकिन इस बार वजह न तो उनकी कोई नई फिल्म है और न ही कोई सोशल वर्क। इस बार अभिनेता चर्चाओं में हैं मुंबई स्थिति अपने घर को बेचने के चलते।

**8.10 करोड़ रुपए में बेचा घर**

सोनू सूद ने मुंबई के महालक्ष्मी में स्थित अपने अपार्टमेंट को बेच दिया है। स्क्वायर याड्र्स द्वारा देखे गए दस्तावेजों के अनुसार, सोनू ने यह अपार्टमेंट 8.10 करोड़ रुपये में बेचा है और इसका सौदा इसी महीने हुआ है। स्क्वायर याड्र्स के मुताबिक, अभिनेता द्वारा बेचा गया अपार्टमेंट लोखंडवाला मिनर्वा में स्थित है। कारपेट एरिया 1,247 वर्ग फुट और बिल्ट-अप एरिया 1,497 वर्ग फुट है। अपार्टमेंट के साथ-साथ दो पार्किंग स्पेस भी हैं। स्टांप ड्यूटी के लिए 48.60 लाख रुपये और रजिस्ट्रेशन शुल्क के लिए 30,000 रुपये का भुगतान किया गया। 20 लाख रुपये का पंजीकरण शुल्क लगा।

**2.94 करोड़ रुपए का हुआ फायदा**

जानकारी के मुताबिक, अभिनेता सोनू सूद ने यह संपत्ति साल 2012 में 5.16 करोड़ रुपये में खरीदी थी। अब लगभग 13 साल बाद उन्होंने इसे 8.10 करोड़ रुपए में बेचा है। ऐसे में उन्हें 2.94 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है।

**आखिरी बार फतेह में नजर आए थे सोनू**

सोनू सूद के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'फतेह' में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने खुद ही किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तो ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन सोनू सूद के एक्शन और उनकी फिटनेस की काफी तारीफ की गई थी।

# सोनाक्षी सिन्हा की 'जटाधरा' में खतरनाक लुक में दिखेंगी शिल्पा शिरोडकर



सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की मच अवेटेड फिल्म 'जटाधरा' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का टीजर सामने आने के बाद इसको लेकर लोगों की उत्सुकता और भी बढ़ गई थी। अब फिल्म का नया पोस्टर सामने आया है, जिसमें फिल्म में एक नई एक्ट्रेस की एंट्री हुई है। जानिए कौन है वो नई एक्ट्रेस।

**शिल्पा शिरोडकर की हुई फिल्म में एंट्री**

मेकर्स ने फिल्म 'जटाधरा' से अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर का लुक जारी कर दिया है। फिल्म में शिल्पा का स्वागत करते हुए मेकर्स ने उनके किरदार के बारे में भी जानकारी दी है। शिल्पा फिल्म में शोभा नाम का किरदार निभाएंगी। उनके किरदार में बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने बताया कि 'वह सिर्फ लालच से प्रेरित नहीं है, बल्कि वह उसे परिभाषित भी करती है।'

**खतरनाक लुक में दिखीं शिल्पा**

मेकर्स की ओर से जारी किए गए पोस्टर में शिल्पा काली साड़ी पहने हवन कुंड में जलती हुई आग के पास बैठी हैं। इस दौरान वो आग की ओर चीखते हुए जीभ निकाले हुए हैं। उनके आस-पास कई सारे कंकालों की खोपड़ी भी नजर आ रही है। साथ ही पीछे कई दीए जल रहे हैं। उनके लुक को देखकर ऐसा लगता है कि वो कोई तंत्र या पूजा वगैरह कर रही है।

**पौराणिक थ्रिलर है 'जटाधरा'**

फिल्म 'जटाधरा' एक पौराणिक थ्रिलर है, जिसमें भारतीय पौराणिक कथाओं को रोमांचक दृश्यों और डार्क फैंटेसी के साथ जोड़ा गया है। फिल्म के पोस्टर और टीजर में त्रिशूल, गरजते बादल, भगवान शिव के भक्त और सोनाक्षी सिन्हा का रोद्र रूप दिखाई दे रहा है, जो कहानी को और दमदार और प्रभावशाली बनाता है।

जी स्टूडियोज और प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शानदार VFX देखने को मिल सकता है। अभी तक 'जटाधरा' की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। उम्मीद है कि यह फिल्म साल के आखिर में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



# एसआई भर्ती परीक्षा रद्द, मंत्री किरोड़ी बोले- सच की जीत हुई

## जूली ने कहा- कोर्ट का निर्णय सभी को मानना पड़ेगा



जयपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में एसआई भर्ती 2021 को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट की खंडपीठ ने गुरुवार को इस भर्ती परीक्षा को पूरी तरह रद्द कर दिया। इससे पहले 14 अगस्त को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। लगभग एक साल से यह मामला अदालत में चल रहा था।

दरअसल, 13 अगस्त 2023 को कुछ अभ्यर्थियों ने याचिका दायर कर भर्ती को निरस्त करने की मांग की थी। उनका आरोप था कि इस परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली और पेपर लीक हुआ, जिससे मेहनती और ईमानदार उम्मीदवारों के साथ अन्याय हुआ।

-कृषि मंत्री किरोड़ीलाल लाल मीणा ने कहा, हाईकोर्ट के फैसले से सच की जीत हुई है। इस पूरी भर्ती में फर्जीवाड़ा हुआ था। मेरी जानकारी के अनुसार, 500 से ज्यादा ऐसे अभ्यर्थी थे, जिन्होंने फर्जीवाड़ा करके यह परीक्षा पास की थी।

-पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने कहा, एसआई भर्ती 2021 रद्द होना एक बड़ा और स्वागत योग्य फैसला है। युवाओं के हित का दम भरने वाली सरकार जो निर्णय नहीं ले सकी, वो अदालत से हुआ...माननीय कोर्ट ने युवाओं के साथ न्याय किया है।

-नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा, न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है। कोर्ट का निर्णय सभी को मानना पड़ेगा।

-कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा, न्यायालय का फैसला सर्वमान्य है।


सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कहा कि पूरे मामले में केवल 68 अभ्यर्थियों की मिलीभगत पाई गई है। इनमें 54 ट्रेनी एसआई, 6 चयनित उम्मीदवार और 8 फरार आरोपी शामिल हैं। सरकार का तर्क था कि पूरी भर्ती को रद्द करने की जरूरत नहीं है, बल्कि दोषियों पर कार्रवाई की जा रही है और जांच एसओजी कर रही है।

वहीं दूसरी तरफ, चयनित उम्मीदवारों ने कोर्ट में दलील दी कि उन्होंने पूरी ईमानदारी से परीक्षा दी है। कई उम्मीदवारों ने तो इस भर्ती के लिए अपनी पुरानी सरकारी नौकरी तक छोड़ दी थी। उनका कहना था कि पूरी भर्ती रद्द करने से हजारों योग्य उम्मीदवारों के भविष्य पर संकट आ जाएगा। लेकिन हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद भर्ती रद्द करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुचिता सर्वोपरि है। अगर उस पर संदेह है, तो पूरी प्रक्रिया को जारी रखना उचित नहीं है। इस फैसले से हजारों उम्मीदवारों का भविष्य अनिश्चित हो गया है। हालांकि, कोर्ट ने संकेत दिए हैं कि राज्य सरकार पारदर्शी तरीके से नई भर्ती प्रक्रिया शुरू कर सकती है। यह निर्णय केवल इस भर्ती के लिए ही नहीं, बल्कि भविष्य में होने वाली सरकारी परीक्षाओं की विश्वसनीयता के लिए भी अहम माना जा रहा है।

# बीजेपी विधायक नौक्षम चौधरी पर गिर सकती है गाज

## बयानबाजी पर पार्टी ने थमाया नोटिस





भरतपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। डीग जिले की कामां विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक नौक्षम चौधरी पर उनके विवादित बयान को लेकर पार्टी ने सख्ती दिखाई है। विधायक द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस प्रधान को हटाकर बीजेपी समर्थित प्रधान बनाने की बात कहे जाने के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। नौक्षम का बयान सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया।

**कांग्रेस विधानसभा में इस बयान को भुनाएगी**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी इसे लेकर बयान जारी किया। डोटासरा ने कहा- 'जो बात कांग्रेस पार्टी कह रही है उसकी साक्ष्य खुद सत्ताधारी दल की विधायक दे रही हैं। कामां से भाजपा विधायक नौक्षम चौधरी जी ने स्वीकार किया है कि भरतपुर में कांग्रेस से जुड़े प्रधानों को मनगढ़ंत आरोप लगाकर पद से हटाया है और नियमों को ताक पर रखकर बहुमत के खिलाफ उनकी जगह भाजपा से जुड़े प्रधानों को बैठा दिया गया। इसका साफ मतलब है कि भाजपा ने राजनीतिक दुर्भावना से कार्रवाई करते हुए जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को सत्ता के दुरुपयोग से हटाया गया। भाजपा ने संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की खुलेआम हत्या की है।' कांग्रेस इसे विधानसभा में भी मुद्दा बनाने की तैयारी कर चुकी है।

**बीजेपी अध्यक्ष बोले यह हमारी परंपरा नहीं**

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस मुद्दे पर कहा, 'भाजपा की परंपरा चुने हुए जनप्रतिनिधियों को हटाने की नहीं रही है, यह कांग्रेस की कार्यशैली रही है। विधायक से इस बयान पर जवाब तलब किया गया है। उन्हें बुलाया गया है, वे आकर अपना पक्ष रखेंगी।

क्या कहा था विधायक ने?

कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने कामां और पहाड़ी पंचायत समितियों में बीजेपी प्रधान बनने के बाद प्रेस वार्ता की थी। इसमें उन्होंने बिना नाम लिए पार्टी के एक मंत्री पर भी सवाल उठाए और कहा,

नगर पंचायत में कांग्रेस का प्रधान क्यों है? बीजेपी समर्थित कार्यकर्ता को प्रधान बनाइए, ताकि हम भी कह सकें कि कांग्रेस का प्रधान हटाकर बीजेपी का बनाया गया है।

**पार्टी कर सकती है अनुशासनात्मक कार्रवाई**

बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने इस बयान को गंभीरता से लिया है और संकेत दिए हैं कि यदि विधायक का जवाब असंतोषजनक रहा तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# हाईकोर्ट से आसाराम को बड़ा झटका

## अंतरिम जमानत नहीं बढ़ेगी, रिपोर्ट से बढ़ी मुश्किल



जोधपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट से आसाराम को बड़ा झटका लगा है। जनवरी 2025 के तीसरे सप्ताह से लगातार जेल से बाहर चल रहे आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने से हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब आसाराम को एक बार फिर जोधपुर की सेंट्रल जेल में सरेंडर करना होगा।

राजस्थान हाईकोर्ट में आसाराम की ओर से अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए याचिका दायर की गई थी। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की डबल बेंच ने याचिका पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने 29 अगस्त तक अंतरिम जमानत बढ़ाने के साथ ही अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में तीन वरिष्ठ चिकित्सकों का मेडिकल बोर्ड बनाने का निर्देश दिया था, जिसमें दो कार्डियक और एक न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ शामिल थे। कोर्ट ने आसाराम की जांच के बाद मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट ईमेल के जरिए रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल को भेजने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान सिविल अस्पताल अहमदाबाद की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने से इंकार कर दिया। इस फैसले से आसाराम को बड़ा झटका लगा है।

आसाराम की ओर से अधिवक्ताओं ने दलील दी कि फिलहाल गुजरात हाईकोर्ट से भी उन्हें 3 सितंबर तक अंतरिम जमानत मिली हुई है, इसलिए उनकी जमानत बढ़ाई जानी चाहिए। वहीं, सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता और राजकीय अधिवक्ता दीपक चौधरी ने कहा कि सिविल अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार आसाराम की सेहत ठीक है, इसलिए जमानत बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है।

# सत्र से पहले गरमाई सियासत, कांग्रेस ने किया सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार, सरकार पर निशाना साधा



जयपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले सियासी गरमाहट तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने आज मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार कर दिया। सीएम भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में यह बैठक आज विधानसभा में बुलाई गई थी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि शुरुआत से ही भाजपा सरकार की विधानसभा सत्र को लेकर मंशा स्पष्ट नहीं है। जहां विधानसभा अध्यक्ष चाहते हैं कि सत्र लंबा चले और जनता से जुड़ी गहन चर्चा हो, वहीं सरकार की कोशिश सत्र को जल्दबाजी में खत्म करने की है ताकि जवाबदेही से बचा जा सके।

कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में वरिष्ठ विधायक नरेन्द्र बुढ़ानिया को विशेषाधिकार समिति का अध्यक्ष बनाए जाने के कुछ ही दिनों बाद अपमानजनक ढंग से हटा दिया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह एकतरफा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है।

पार्टी ने विधानसभा की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पहले जहां जनता के सवालों के जवाब पोर्टल पर अपलोड होते थे, इस बार वह भी नहीं किए गए। जूली ने कहा कि क्या सरकार को जवाब देने से डर लग रहा है?

कांग्रेस ने पंचायत और नगरीय निकायों के चुनाव टालने, छात्रसंघ चुनावों के विरोध में हलफनामा देने और विपक्षी नेताओं की अनदेखी को भी लोकतंत्र के खिलाफ बताया है। पार्टी का आरोप है कि सरकार चुन-चुनकर विपक्षी दलों के प्रधानों और चेयरमैनों को हटाने का प्रयास कर रही है।

राज्य की शिक्षा व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर भी कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला।

स्कूलों की गिरती छतों की मरम्मत के लिए सरकार विधायकों से निधि की मांग कर रही है, जबकि जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर और जेईसीसी जैसे बड़े केंद्र मौजूद होने के बावजूद 3500 करोड़ रुपये का नया कन्वेंशन सेंटर बनाया जा रहा है।

किसानों को खाद और डीएपी की किल्लत झेलनी पड़ रही है और वे घंटों-घंटों लाइन में लगने को मजबूर हैं लेकिन सरकार समाधान देने की बजाय मौन है।

कांग्रेस ने याद दिलाया कि 2020 में उनकी सरकार के समय मुख्यमंत्री ने सभी 200 विधायकों और 25 सांसदों से एक साथ संवाद किया था लेकिन वर्तमान सरकार केवल अपने विधायकों और हारे हुए प्रत्याशियों की बात सुन रही है, विपक्ष की नहीं।

कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि वह 2 सितंबर को विधायक दल की बैठक करेगी, जिसमें प्रदेश प्रभारी, प्रदेशाध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री समेत वरिष्ठ नेता शामिल होंगे और वहीं आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### पाकिस्तान से आई नशे की खेप, 2.7 किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, 13 करोड़ है बाजार मूल्य

बीकानेर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। सीमा सुरक्षा बल की इंटेलीजेंस शाखा और स्थानीय पुलिस ने राजस्थान के बीकानेर जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 2.7 किलोग्राम हेरोइन जब्त की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 13 करोड़ बताई जा रही है। इस मामले में दो तस्करों को मौके पर गिरफ्तार किया गया है।

यह संयुक्त तलाशी अभियान रावला थाना क्षेत्र के गांव 1 केडीवाई में चलाया गया। बीएसएफ की सूचना पर सुखवंत सिंह के घर की तलाशी ली गई, जहां से हेरोइन के पांच पैकेट बरामद हुए। मौके से पंजाब के फाजिल्का जिले के अर्णीवाला गांव निवासी लवप्रीत सिंह उर्फ लभ सिंह को भी गिरफ्तार किया गया।

बीएसएफ इंटेलिजेंस ब्रांच के उपकमांडेंट महेशचंद जाट ने बताया कि यह नशे की खेप पाकिस्तान से भारत में भेजी गई थी और यह कार्रवाई तस्करों की साजिश को एक बार फिर नाकाम करने में सफल रही है। इस ऑपरेशन की निगरानी बीएसएफ राजस्थान फ्रंटियर के आईजी एम.एल. गर्ग और डीआईजी अजय लूथरा ने रावला पुलिस के साथ मिलकर की। अधिकारियों ने बताया कि इस इलाके में सीमा पार से नशा तस्करी के प्रयास लगातार बढ़ रहे हैं।

# बीएपी विधायक जयकृष्ण पटेल के खिलाफ सदाचार कमेटी की जांच पूरी

## विधायकी खत्म करने की सिफारिश संभव



आगामी 1 सितंबर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में रखी जाएगी।

जयपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा में सवाल वापस लेने के बदले रिश्वत मांगने के मामले में एसीबी द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तार किए गए भारत आदिवासी पार्टी के बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल के खिलाफ विधानसभा की सदाचार समिति ने जांच पूरी हो चुकी है। समिति अपनी रिपोर्ट गुरुवार दोपहर 2 बजे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को सौंपेगी। सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में विधायक की सदस्यता रद्द करने तक की सिफारिश की जा सकती है।

**1 सितंबर से शुरू हो रहे सत्र में पेश होगी रिपोर्ट**

सदाचार समिति की यह रिपोर्ट आगामी 1 सितंबर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में रखी जाएगी। इसके बाद सदन की सिफारिश के आधार पर स्पीकर देवनानी पटेल की सदस्यता के संबंध में कोई निर्णय ले सकते हैं।

**पहली बार किसी विधायक को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया**

जयकृष्ण पटेल को राजस्थान एंटी करप्शन ब्यूरो ने उनके घर से 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। बताया गया कि उन्होंने खनन विभाग से जुड़े सवालों को विधानसभा से वापस लेने के लिए 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। सौदेबाजी के दौरान वे 20 लाख रुपये ले रहे थे, तभी एसीबी ने उन्हें ट्रैप कर लिया। यह राजस्थान के इतिहास में पहली बार है जब किसी विधायक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

**स्पीकर ने सदाचार कमेटी को सौंपी थी जांच**

गिरफ्तारी के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मामला सदाचार समिति को सौंपा था। इस कमेटी ने पूरे मामले की गहन जांच करते हुए एसीबी, संबंधित एजेंसियों और खुद विधायक का पक्ष भी शामिल किया। अब रिपोर्ट अंतिम चरण में पहुंच गई है।

**विधायकी रद्द होने पर क्या होगा?**

अगर सदाचार समिति की रिपोर्ट में जयकृष्ण पटेल को गंभीर दुराचार का दोषी ठहराया जाता है और विधायकी समाप्त करने की सिफारिश की जाती है, तो इसे विधानसभा में रखकर वोटिंग कराई जाएगी। इसके बाद सदन बहुमत से निर्णय लेगा।

### स्कूल में घुसा 10 फीट लंबा मगरमच्छ

#### दो घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद सुरक्षित छोड़ा

चित्तौड़गढ़, 28 अगस्त (एजेंसियां) जिले के गंगरार उपखंड क्षेत्र के सुवानियां गांव के राजकीय विद्यालय में मंगलवार दोपहर करीब 10 फीट लंबा मगरमच्छ घुस आया। सूचना मिलने पर वन विभाग और वन्यजीव प्रेमियों की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हालांकि स्कूल परिसर में दो से तीन फीट ऊंची घास होने के कारण अभियान में काफी दिक्कत आई। करीब दो से ढाई घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा गया और बस्सी बांध में छोड़ दिया गया। गनीमत रही कि उस समय स्कूल में छुट्टी हो चुकी थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सुवानियां गांव के पास से बहने वाली बेड़च नदी से यह मगरमच्छ गांव तक पहुंच गया था। दोपहर बाद ग्रामीणों ने इसे स्कूल में देखा तो तुरंत सरपंच गोपाललाल गाडरी ने उपवन संरक्षक राहुल झांझड़िया को सूचना दी। निर्देश पर नाथू सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम और वन्यजीव प्रेमी मौके पर पहुंचे। संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया तो पता चला कि मगरमच्छ स्कूल भवन की बजाय मैदान की तरफ घास में छिपा बैठा है। रेस्क्यू टीम के सदस्य दीवार पर चढ़कर निगरानी कर रहे थे, तभी मगरमच्छ दिखाई दिया। टीम को देखते ही वह हमला करने की स्थिति में आ गया। बड़ी सावधानी से उसे पकड़ा गया और देर शाम बस्सी बांध में छोड़ा गया।

# सूकड़ी नदी में बहे 6 दोस्त, अब तक 5 के शव मिले; सर्च अभियान जारी



जालोर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। जिले के आसाणा गांव में सूकड़ी नदी में बहे दो सगे भाइयों समेत छह युवकों में से अब तक 5 के शव निकाले जा चुके हैं। वहीं, एक की तलाश जारी है। ऑपरेशन के लीडकर्ता मोतीसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम गुरुवार को भी सुबह से ही सर्च में जुटी हुई है। करीब 36 घंटे से सर्च ऑपरेशन जारी है। गुरुवार सुबह एक और युवक का शव बरामद कर लिया गया है। लेकिन, अभी भी एक युवक लापता है। गोताखोरों को नदी में उतार कर युवक को ढूंढने का प्रयास जारी है। पुलिस जानकारी के अनुसार आसाणा गांव में मंगलवार शाम को मनोहरसिंह (23) पुत्र छैलसिंह राजपूत, जितेन्द्र सिंह (18) पुत्र छैलसिंह राजपूत, श्रवण देवासी (22) पुत्र मोडाराम देवासी, जगताराम (35) पुत्र जेपाराम मेघवाल, उमाराम (30) पुत्र छैलाराम मेघवाल, श्रवण (24) पुत्र ताराराम मेघवाल निवासी आसाणा नदी में बह गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर प्रशासन व पुलिस मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय तैराकों के सहयोग से खोजबीन की, लेकिन रात में सफलता नहीं मिली।

**तेज बारिश के कारण रेस्क्यू में आई दिक्कत**

एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेन्स टीम को भी बुलाया गया, लेकिन तेज बारिश व अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू प्रभावित हुआ। रात्रि 1 बजे तक भी कोई सफलता नहीं मिलने से बचाव अभियान को रोक दिया गया।

रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। युवकों के शव नदी में डूबे हुए होने से बचाव दल को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी तथा उमाराम मेघवाल का शव निकाला गया। इसके बाद 10.55 बजे श्रवण मेघवाल, 10.57 बजे जितेन्द्र सिंह राजपूत और दोपहर 1.05 बजे जगताराम का शव निकाला गया।

शाम 5 बजे तक नदी में डूबे 6 युवकों में से मनोहरसिंह एवं श्रवण देवासी के शव नहीं मिल पाए थे। इसके लिए गुरुवार सुबह फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि सुबह एक और युवक का शव बरामद हुआ है। लेकिन, अभी भी एक युवक लापता है। जिसकी तलाश लगातार जारी है। आसाणा नदी में डूबने से मृत युवकों में 4 विवाहित और 2 अविवाहित थे। मृतक उमाराम आसाणा के राजकीय विद्यालय में विद्यालय सहायक के पद पर कार्यरत था जिसकी पत्नी नेता कुमारी गांव में ही आशा सहयोगिनी है। मृतक के एक वर्ष की पुत्री प्रियंका है। जबकि मृतक जगताराम गांव में ही कृषिकार्य करता था तथा परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है।

मृतक जगताराम के तीन पुत्र है। मृतक मनोहरसिंह भी कृषि कार्य करता था जिसके 2 माह की एक पुत्री है। मृतक श्रवण देवासी की करीब 5 माह पहले ही शादी हुई थी। वही मृतक श्रवण मेघवाल की गांव में टायर पंचर की दुकान है जिससे परिवार का गुजारा करता था। जबकि मृतक जितेन्द्रसिंह अध्ययन कर रहा था।

मृतक दो सगे भाइयों के पिता छैलसिंह राजपूत को 25 अगस्त को सायला पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के मामले में गिरफ्तार किया था। जिन्हें पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश करने पर जेसी किया था। जिसकी जमानत होने पर रिहा किया गया।

## लूणी नदी में दूसरे दिन भी जारी रहा सर्च ऑपरेशन

### बोलेरो डूबने से लापता हुए तीन लोग, तीन की मौत

बालोतरा, 28 अगस्त (एजेंसियां)। लूणी नदी में डूबी बोलेरो के लापता तीन लोगों की तलाश में सर्च ऑपरेशन आज भी जारी रहा। बोलेरो गाड़ी डूबने से लापता तीन लोगों की तलाश में आज एक बार फिर से लूणी नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। दरअसल दोपहर के समय बालोतरा में जसोल की तरफ जा रही एक बोलेरो गाड़ी रपट पर करते समय नदी में बह गई।

इस हादसे के बाद प्रशासन तुरंत हरकत में आया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से बोलेरो गाड़ी के साथ पांच लोगों को नदी से बाहर निकाला गया। इसके बाद घायल लोगों को तुरंत बालोतरा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां पर एक महिला और उसकी दो बेटियों को मृत घोषित कर दिया जबकि बाकी दो लोगों का उपचार चल रहा है। वहीं गाड़ी में सवार तीन लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिन्हें लेकर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इसके बाद खराब मौसम और अंधेरा होने के चलते रेस्क्यू को रोकना पड़ा।

आज एक बार फिर से बालोतरा लूणी नदी में लापता तीन लोगों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है, जिसमें दो एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस स्थानीय गोताखोर नदी में लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं लेकिन अब तक टीम को सफलता नहीं मिली है। ड्रोन कैमरों के जरिए भी लापता लोगो को ढूंढा जा रहा है। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद है। नदी में लापता 3 लोगों में एक मासूम बच्चा उसकी दादी और एक अन्य युवक शामिल है, जिनका अभी कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

उल्लेखनीय की जोधपुर जिले के शेरगढ़ क्षेत्र से एक बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आठ लोग जसोल दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान बालोतरा में लूणी नदी की रपट पर करते समय गाड़ी पानी में बह गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो का अस्पताल में उपचार चल रहा है और तीन लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

### युवाओं को नशे में धकेलने वाला हिस्ट्रीशीटर 'कालिया' गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद की एमडी ड्रग्स

बाड़मेर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। धोरीमन्ना थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12.70 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक एसयूवी वाहन जब्त किया है। थानाधिकारी बगडूराम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रामजीवन उर्फ कालू उर्फ कालिया पुत्र गोमाराम निवासी रोहिल्ला पूर्व है। पुलिस टीम ने उसे मुखबिर की पुख्ता सूचना पर दबोचा। आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में एमडी का बड़ा सप्लायर रहा है और युवाओं को इस खतरनाक नशे की लत में धकेल रहा था।

उसके खिलाफ थाने में कई प्रकरण पहले से दर्ज हैं और वह थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस टीम उसकी गतिविधियों पर कई दिनों से नजर रखे हुए थी और मौका मिलते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी से पूछताछ में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

धोरीमन्ना थाना पुलिस की यह पिछले एक महीने में मादक पदार्थों के खिलाफ छठी कार्रवाई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत लगातार सख्ती बरती जा रही है।

थानाधिकारी बगडूराम ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में भी पुलिस की ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी, ताकि क्षेत्र को नशे के जाल से मुक्त कराया जा सके।

# बाबा रामदेवजी के अवतारोत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भादवा सुदी दूज पर बाबा रामदेवरा दरबार, शिवरामपल्ली में श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट द्वारा बाबा रामदेव का अवतारोत्सव मनाया गया। उक्त जानकारी यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट कमेटी के चेयरमैन श्यामसुन्दर गिलड़ा द्वारा दी गई। श्री रामदेव अवतार के अन्तर्गत मन्दिर में न किया गया। रात्रि में अभिषेक एवं प्रातः श्रृंगारिक आरती के पश्चात भक्तों का आगमन शुरू हुआ। मंदिर परिसर को श्यामसुन्दर गिलडा के निर्देशन में कोलकाता के कारीगरों द्वारा मोली से जगमग रोशनी से नयनाभिराम दर्शन कराया गया। अलौकिक दरबार, लंगर प्रसाद, छप्पन भोग विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। श्रृंगारिक आरती की गयी।

अवतारोत्सव विशेष ज्योति, रोशनी एवं अतिशबाजी के साथ झूले में किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पैदल यात्रा कर बाबा के जयकारे के साथ कॉवड़ लेकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। अवसर पर छप्पन भोग एवं भक्तों के लिए प्रसाद का आयोजन किया गया। धर्मविभाग द्वारा नियुक्त कार्यकारी अधिकारी ए. रमा देवी ने सतत निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग किया। लंगर प्रसाद व्यवस्था की बाबा रामदेव मण्डल काटेदान एवं बालाजी की ओर से की गई। छप्पन भोगव्यवस्था कमलेश एजेंसी एवं बालाजी मारवा स्वीट्स एण्ड सेवरीज फुड्स की ओर से की गई। जल व्यवस्था रमेश भाई प्रजापति भूपेन्द्र देसाई, शंकरलाल बोला भरतभाई वीरादाम पटेल एवं अशोक देसाई द्वारा की गई। अवसर पर तेलंगाना सरकार के पशुपालन, डेयरी विकास खेल एवं युवा सेवा मंत्री मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित थे। नरेन्दर कुमार गोयल, राजेश गोयल, मीठालाल बाफना, राजेन्द्रनगर डिवीजन पार्षद अर्चना जयप्रकाश ने विशेष अतिथि के रूप में, भंवरलाल पंवार, जगदीश पंवार, भंवरलाल गेहलोत, सत्यनारायण भांगडिया, देवराम भाटी (मामाजी), नितिन शर्मा, मदनलाल बोहरा, पुखराज माली, भंवरलाल कोठारी, पूरण सिंह, गोपाल बराला चौधरी, मनीष भाटी, बाबूलाल कुराकानीया, कमल काबरा व अन्य सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

महेन्द्र बाबूसिंह मंदिर प्रबंधन द्वारा धर्मस्व विभाग की अधिकारी ए. रमा देवी सहित श्यामसुन्दर गिल, धर्मबन्द खाली, कमलकिशोर जाजू सुरेश ताजपुरिया भवरलाल कोठारी, दिनेश सिनोडिया, जगदीश अग्रवाल, श्यामसुन्दर रामदेवरा दरबार, शिवरामपल्ली में श्री रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट द्वारा बाबा रामदेव के अवतारोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम का दृश्य। कमलेश बाफना, राजकुमार अग्रवाल, अभिमन्यु यादव, मंदिर के पुजारी पं. सुरेश महाराज बनवारी महाराज, पं. राकेश महाराज पं. निरंजन महाराज, प, कौशलेन्दर महाराज, पं. अनिल महाराज, पं.जनार्दन महाराज जगनाथ विरजीलाल शर्मा, अरविन्द शर्मा, पंकज शर्मा की देख-रेख में भक्तों के सुविधाजनक दर्शनार्थ एवं उत्सव की व्यवस्था की गयी थी। मंदिर में बाबा रामदेव के दर्शन हेतु उमड़ी भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुविधाजनक दर्शन कराने में पुलिस विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मंदिर व्यवस्था में सुरेश ताजपुरिया, राजकुमार लड्डा, चन्द्रशेखर पड्डी, रिलेश शर्मा, अशोक शेरमल बोहरा, पूरण सिंह राजपुरोहित, भरत देवासी, शिवकुमार भालवाले लक्ष्मीनिवास काबरा, श्रवणकुमार, रमेश कुमार बंग, शम्भु सिंह राजपुरोहित, कमलेश बाफना, प्रकाश कोठारी, सुरेश कोठारी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

मंदिर ट्रस्ट कमेटी के चेयरमैन श्यामसुन्दर गिलड़ा ने सभी दानदाताओं, सहयोगियों सेवा प्रदान करने वाले सेवाधारियों, प्रशासनकर्मियों पुलिस विभाग का आभार प्रकट किया। मंदिर में श्रृंगार, साज-सज्जा, सजावट व लंगर प्रसाद की विशेष व्यवस्था आगामी 6 सितंबर तक रहेगी। लंगर सेवा 6 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह से 12 बजे तक तथा शाम 5 से रात तक रहेगी। भक्तों से इसका लाभ उठाने की अपील की गई है।

# ट्रक ने ऑटो को टक्कर मारी छह लोगों की मौके पर ही मौत

## मृतकों में तीन महिलाएं, दो की हालत गंभीर

आसिफाबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गढ़चांदूर मार्ग पर कपाणगांव के पास, विपरीत दिशा से आ रहे एक हाईवे ट्रक ने राजुरा से पचगांव जा रहे एक ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में 6 यात्रियों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल यात्री को चंद्रपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि एक का राजुरा उपजिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना 28 अगस्त को शाम 4 बजे हुई। ऑटो चालक और सात यात्री राजुरा से पचगांव जा रहे थे। राजुरा शहर से दो किलोमीटर दूर हाईवे का काम चल रहा है। आज अचानक यहां काम के लिए सड़क यातायात बदल दिया गया। इस संबंध में कोई संकेत नहीं लगाया गया था। इससे ऑटो चालक भ्रमित हो गया और ऑटो को हाईवे पर ले जाते ही ट्रक ने ऑटो को बुरी तरह टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पूरा ऑटो चकनाचूर हो गया। इस समय, तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन घायलों को चंद्रपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में छह यात्रियों की मौत हो गई है : रवींद्र हरि बोबडे, उम्र 48, निवासी पचगांव, शंकर कारू पिपरे, उम्र 50, निवासी कोच्चि, श्रीमती वर्षा बंडू मंडले, उम्र 41, खामोना निवासी, तनु सुभाष पिपलकर, उम्र 18, निवासी पचगांव, ताराबाई नानाजी पुलुवार, उम्र 60, निवासी पचगांव और ऑटो चालक प्रकाश मेश्राम, उम्र 50, निवासी पचगांव। इसके अलावा, निर्मला रावजी जाडे, उम्र 50 वर्ष, पचगांव को चंद्रपुर जिला अस्पताल में रेफर किया गया है और भोजराज महादेव कोडापे, उम्र 40 वर्ष, भुरकुंडा का राजुरा उपजिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# श्री रामदेव भक्त संगम ने भव्य रूप से मनाया श्री रामदेव जन्मोत्सव



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री रामदेव भक्त संगम, भाग्यनगर द्वारा श्री रामदेव जन्मोत्सव का आयोजन श्री रामदेव संगम मंदिर ट्रस्ट श्री रामदेवरा दरबार मंदिर, शिवरामपल्ली, तेलंगाना सरकार की एक्जीक्यूटिव ऑफिसर ए. रमा देवी की देख रेख में किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रकाश गौड विधायक राजेंद्र नगर, टी. राजा सिंह, विधायक गोशामहल एवं ए. रमा देवी एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, एंडोमेंट डिपार्टमेंट तेलंगाना सरकार उपस्थित थे।

प्रमुख भजन गायक सुशील गोपाल बजाज द्वारा भजनों को प्रस्तुति झकियों के साथ गई। विशेष आकर्षण में कोलकाता की सांस्कृतिक कलात्मक संस्थान द्वारा नृत्य एवं झांकियों का आयोजन किया गया। भक्तों के बैठने हेतु वॉटरप्रूफ पण्डाल एवं महिलाओं के लिए अलग से बैठने की सुविधा की गयी।

अवसर पर अमृत कुमार मीनाक्षी जैन, मुख्य जजमान के रूप में नरेंद्र कुमार गोयल, सम्माननीय अतिथि के रूप में सांवरमल पुष्पा अग्रवाल, रामवल्लभ मामाजी नानी बाई घाटी, राजकारेला लाल लेबरी देवी चौधरी, नितिन शर्मा, मेराज कछवाहा, मदनलाल हीरादेवी कुमावत, कपिल देव पाडे, गोपाल मंजू बल्दवा, गौतम सीमा सेहलीत, सुशील बीनादेवी रतनलाल मेला देवी मनीष कविता भीटी श्याम बाहेती, कमल काबरा, भंवरलाल कोठारी, राजेश मालपानी, संजय कुमार सोमानी, सीए रमेश कुमार माली, प्रकाश लालवानी एवं अन्य उपस्थित थे।

पूजा यजमान जय बाबा की, चौथमल दिनेश कुमार बडाला बाबूलाल शर्मा, श्री गणेश खारा, बेगम संगीत संयोजक पार्थो मुखर्जी, नईम दिलशाद, फयाज अहमद, प्रनापल (मिथुनदा), कन्हैयालाल गुज्जर, किशन सहयोगी संस्था श्री अखिल भारतीय बाबा रामदेव भक्त संगम, रामदेवरा राजस्थान, दरबार पूजन पं. ललित शर्मा, कार्यक्रम सहयोगी मोतीलाल अग्रवाल, राजेश भाई, किशन साउद, जो (सेक्युरिटी), अमित लड़ा (गग्गु भाई), अश्विन (स्वागत सप्लाइंग कंपनी), विजय वीडियो, कमल किशोर शर्मा रहे। भंडारे में श्री रामदेव बाबा भक्त मंडल काटेवान, होशियार सिंह गडवाल, धर्मेंद्र चौधरी, हेमराज रॉयल रमनलाल शर्मा, राम कुमावत, श्रीचंद स्वामी, सुरेश माली का सहयोग रहा। नन्दकिशोर बजाज हरिनिवारा अट्टल, ओमप्रकाश बंग, गोपाल बल्देवा, नितिन अग्रवाल, राजेन्द्र बोहरा, मूलचंद जैन, श्रवण कुमार दधीच, ताराचंद सांखला, गणेश भूतड़ा, नितेश जैन, तर अग्रवाल, अमरचन्द गोयल, संजय अग्रवाल, महेश कुमार ताजपुरिया चेतन माफ, सोजन सुराणा केशव कच्छवाहा, निर्मल सेन, देवीलाल शर्मा, अनुराग सारड़ा व अन्य ने सहयोग प्रदान किया।

# सबके साथ मैत्रीभाव ही संवत्सरी पर्व का संदेश

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्र-संत चन्द्रप्रभ सागर जी ने कहा कि संवत्सरी पर्व बीते वर्ष में हुई भूलों के लिए क्षमा करने का एवं क्षमा मांगने का पर्व है। क्षमा का अर्थ है, जो बीत गया उसे जाने दो। खुद के दिल को ठेस लगी, फिर भी क्षमा कर दिया तो समझो आपने संवत्सरी पर्व के सही अर्थ को जी लिया। छप्पन इंच का सीना उसका नहीं होता, जो रोज दण्ड-बैठक लगाता है, बल्कि उसका होता है, जो दूसरों की गलतियों को माफ करने का बड़प्पन दिखाता है। दूसरों को हम जितना जल्दी क्षमा करेंगे, ऊपरवाला हमारी भूलों को भी उतनी ही जल्द क्षमा कर देंगे।

वे एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित मूल कल्प सूत्र पारायण एवं संवत्सरी आलोचना विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष बीत जाने पर हम कैलेण्डर उतार देते हैं, फिर हम वर्ष बीत जाने पर किसी की कही बात को अपने दिल से क्यों नहीं उतार फेंकते। हम खुद की तो हजार गलतियां माफ कर देते हैं, फिर किसी दूसरे की दो चार गलतियों के कारण जीवनभर के लिए नफरत क्यों पालें। जैसे ब्लेक बोर्ड को टीचर हर रोज साफ कर देता है, वैसे ही हमें भी हर रात को सोने से पहले अपने भीतर के बोर्ड को साफ कर देना चाहिए।

# भगवती संवत्सरी महापर्व भव्यता के साथ मनाया गया




हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद के तत्वावधान में भगवती संवत्सरी महापर्व राजा राजेश्वरी गार्डन में भव्यता के साथ मनाया गया।

डॉ. साध्वी गवेषणाश्री ने कहा उन्नत धार्मिक भावनाओं से स्वयं को भरनेवाला यह महापर्व है। यह महापर्व राग-द्वेष को प्रतनु बनाने का दिन है। अध्यात्म के सागर में डुबकी लगाने के लिए, संयमरूपी बांसुरी बजाने के लिए, वीतरागता पथ को अपनाने के लिए, राग-द्वेष के मोह रूपी जंजीरों को तोड़ने के लिए यह पर्व मनाया जाता है। एक संवत्सर यानि एक वर्ष के बाद आने वाले महानतम दिन को व्यवहार से संवत्सरी कह दिया। वस्तुतः इस पर्व का नाम है- पर्युषण है। भगवान महावीर ने चातुर्मास के 50 दिन बीतने और 70 दिन बाकी रहने पर पर्युषण पर्व का आराधना करने का विधान बताया था। ऐसा समवायांग सूत्र में प्राप्त होता है।

साध्वी मयंकप्रभा ने कहा- पर्युषण पर्व की आराधना के साथ भद्राव महिने का विधान सोने में सुंगध का काम करता है। जैन श्रमण संवत्सरी के दिन तीन कार्य नहीं करते- आज के दिन श्रमण किंचित भी आहार नहीं करते। सिर पर गाय के रोम जितने भी बाल न रखते। यदि कोई साधु के परस्पर में बोलचाल न हो तो आज के दिन खमत-खामणा अवश्य कर लें।

साध्वी मेंरुप्रभाजी ने चौबीस तीर्थकरों की जीवनी स्तुति, सुमधुर स्तवना से करते हुए कहा- जैन दर्शन आत्मकर्तृत्ववादी दर्शन है। जैसे-जैसे शरीर, इंद्रियां और असंयम का स्तर घटता जायेगा वैसे-वैसे आत्मविकास संभव है। साध्वी दक्षप्रभा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुमधुर गीतिका प्रस्तुत की।

# महेंद्र गोलेचा अध्यक्ष चुने गए



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। महेंद्र कुमार जैन गोलेचा को 28 अगस्त को आयोजित विशेष बोर्ड बैठक में वर्धमान (महिला) को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड का अध्यक्ष चुना गया है। 1987 से कार्यरत अनुभवी चार्टर्ड अकाउंटेंट, श्री गोलेचा 2015 से बैंक के निदेशक के रूप में जुड़े हुए हैं। उन्होंने बोर्ड की विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से योगदान दिया है और प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है। अपने समृद्ध अनुभव और गतिशील नेतृत्व के साथ, वे बैंक को प्रगति और सर्वांगीण विकास की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चार चार्टर्ड अकाउंटेंट और वरिष्ठ बैंकिंग पेशेवरों की एक मजबूत टीम उनका समर्थन कर रही है, जिनकी सामूहिक विशेषज्ञता बैंक के निरंतर पेशेवर और प्रगतिशील प्रबंधन को सुनिश्चित करेगी। कर्मचारियों ने श्री गोलेचा को अध्यक्ष के रूप में उनके निर्वाचन पर हार्दिक बधाई दी है।



**गणेश पूजा में भक्तों ने गणेशजी की पूजा आरती में भाग लेकर दर्शन किए जिसमें राजेंद्र कुमार अग्रवाल सुरेंद्र कुमार अग्रवाल गोपाल बलदवा माया अग्रवाल सुनीता अग्रवाल संध्या रानी अग्रवाल सुभाष अग्रवाल किलाश दांडू विनोद टिकमानी अशोक लाखोटिया किलाश दांडू मोहन लाल मित्तल अशोक सरायवाला प्रमोद कुमार अग्रवाल सरायवाला दीपक कुमार सरायवाला सुभाष अग्रवाल एवं अन्य ने भाग लिया।**

# सेना कल्याण प्लेसमेंट संगठन ने रोजगार मेले का आयोजन किया

हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सेना कल्याण प्लेसमेंट संगठन (एडब्लूपीओ) के क्षेत्रीय कार्यालय ने, तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र (टीएएसए) मुख्यालय के तत्वावधान में, सिकंदराबाद सैन्य स्टेशन पर सेना पत्नी कल्याण संगठन (एडब्लूडब्लूए) दिवस के उपलक्ष्य में एक रोजगार मेले का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में मेजर जनरल अजय मिश्रा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) टीएएसए और श्यामजलि मिश्रा, परिवार कल्याण संगठन, टीएएसए की अध्यक्षा ने उपस्थित रहकर रोजगार मेले में भाग लेने वाली विधवाओं और आश्रितों को प्रेरित करने के लिए एक प्रेरक व्याख्यान दिया। एडब्लूपीओ (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना) के निदेशक कर्नल बी.जी. बुधोरी ने जीओसी को कार्यक्रम का अवलोकन प्रदान किया।


दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

ई-निविदा सूचना संख्या 28-2025 दि.25-08-2025 PUB/1033

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय अभियंता/कोआर्ड./गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु तत्संबंधित बंद करने की तिथि 23-09-2025 एवं समय 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

1. निविदा संख्या: इएनजीजी-जीटीएल-दक्षिण-1902, कार्य विवरण: एसइ/पी.वे/आरयु(रेणीगुंटा-1 यार्ड) तथा एसएसइ/पी.वे/वीकेआय(वेंकटगिरी, येल्लकारु तथा निडीगल्लु-3 यार्ड्स) **क्षेत्राधिकार:** एडीइएन/आरयु सब-डिवीजन के तहत विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड सुधार एवं अद्यतन या अपग्रेडेशन कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.9,65,01,396.00, **पूर्व धरोहर राशि-पूधरा** रू.6,32,500.00

2. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-दक्षिण-1903, **कार्य विवरण:** एसएसइ/पी.वे/एचएक्स(कडप्पा एण्ड कृष्णपुरम-2 यार्ड्स), एसएसइ/पी.वे/वायए(येर्रगुंटला तथा कलामल्ला-2 यार्ड्स) एण्ड एसएसइ/पी.वे/ जेएमडीजी(नोस्सम, एस उप्पलपाडू, जम्मलमडुगु व प्रोदुट्टूर-4 यार्ड्स) क्षेत्राधिकार: एडीइएन/एचएक्स सब-डिवीजन के तहत विभिन्न याड्र्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड सुधार एवं अद्यतन या अपग्रेडेशन कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.6,03,31,832.91, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.4,51,700.00

3. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-दक्षिण-1904, **कार्य विवरण:** एसएसइ/पी.वे/केओयु(कोडुरू, अनंतराजुपेटा एण्ड ओबुलावारीपल्ली-3यार्ड्स) एण्ड एनआरइ(पुल्लमपेट, राजमपेटा, हस्तावरमु एण्ड नंदलुर -4 यार्ड्स)**क्षेत्राधिकार:** एडीइएन/आरजेपी सब-डिवीजन के तहत विभिन्न यार्ड्स पर प्रस्तावित सुरक्षा से संबंधित यार्ड सुधार एवं अद्यतन या अपग्रेडेशन कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.7,88,60,951.14, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.5,44,300.00

4. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-पुल या ब्रिज-1905, कार्य विवरण: गुंटकल डिवीजन-आरयु- जीवाय सेक्शन:जीपीवाय-केपीयु स्टेशन के बीच पुल सं.550डाउन(10x9.15एम) के 274/885-997 किमी पर पीएससी स्लैब सहित प्रस्तावित स्टील गिर्डर्स का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.4,44,97,486.91, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.3,72,500.00

5. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-नार्थ-1906, कार्य विवरण: गुंटकल डिवीजन-मंत्रालयम रोड: एबीएस फेज-।। के तहत प्रस्तावित स्टेशन का अपग्रेडेशन (1) 810एम के लिए सीओपी का प्रावधान (2) एन्ट्री पोर्च का प्रस्तावित निर्माण कार्य (3) ओल्ड स्टेशन बिल्डिंग के पास प्लाटफार्म को हटाना या डिसमैन्टल करना(4) वेटिंग हाल्स का सुधार (5) 50,000 लीटर्स क्षमतायुक्त जीआरपी टैंक आदि का प्रावधान। विज्ञापित मूल्य रू.12,79,21,825.25 पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.7,89,600.00

6. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-नार्थ-1907, कार्य विवरण: गुंटकल डिवीजन-अदोनी: एबीएस फेज-।। के तहत प्रस्तावित स्टेशन का अपग्रेडेशन (1) 992एम सीओपी का प्रावधान (2) ओल्ड स्टेशन बिल्डिंग को हटाकर या डिसमैन्टल कर, पीएफ एण्ड रोड सरफेस क्षेत्र का सुधार (3) एडी पर नई स्टेशन बिल्डिंग के पहली मंजिल का निर्माण कार्य (4) कम्पाउण्ड वाल्स, कानकर्स आदि पर स्थानीय कला या लोकल आर्ट । विज्ञापित मूल्य रू.12,08,23,490.00 पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.7,54,100.00

7. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1908, **कार्य विवरण:** गुंटकल डिवीजन-सीआरएस टीपीटीवाय-ट्रैवर्स एरिया के पूर्व दिशा पर साइकल टाइम को कम करने के लिए कोच मुवमेन्ट सुविधाओं की वृद्धि सहित तत्संबंधित 28.75 मीटर्स तक आरएमपीयु सेक्शन का ईओटी क्रेन द्वारा वन बे शेड का विस्तार करना। विज्ञापित मूल्य रू. 2,14,30,826.9 पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,57,200.00

8. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1909, **कार्य विवरण:** गुंटकल डिवीजन -सीआरएस टीपीटीवाय-एचएलटी वर्कशाप के भीतर पीओएच के लिए आवश्यक सुविधाओं की पुनःपूर्ति से संबंधित वर्कशाप के भीतर वाटर डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन व्यवस्था। विज्ञापित मूल्य रू.2,56,68,834.25, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,78,400.00

9. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1910, **कार्य विवरण:** गुंटकल डिवीजन - सीआरएस टीपीटीवाय- एलएचबी कायल स्प्रीन्ग ओवर हालिंग के लिए रखरखाव सुविधाओं के यांत्रिकीकरण सहित तत्संबंधित पूर्व दिशा में 30 मीटर लंबाई तक पेन्ट शाप शेड का विस्तार कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.2,62,05,261.15, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,81,000.00

10. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1911, **कार्य विवरण:** गुंटकल डिवीजन -सीआरएस टीपीटीवाय- स्वर्णमुखी बेड से सीआरएस वर्कशाप तक नई पाइप लाइन के प्रावधान सहित स्वर्णमुखी रिवर जीएलआर से सीआरएस वर्कशाप जीएलआर तक वाटर पाइप लाइन का प्रावधान। विज्ञापित मूल्य रू.2,90,71,937.96, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,95,400.00

11. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-सेंट्रल-1912, **कार्य विवरण:** गुंटकल डिवीजन -रेणीगुंटा-गूटी (अप एण्ड डाउन)-4.080 टीकेएम का टीआरआर(पी) कार्य, 4.180 टीकेएम का टीएसआर(पी) कार्य, नंद्याल-ढोने-गुंटकल(एसएल)-1.040 टीकेएम का टीआरआर(पी) कार्य, 4.580 टीकेएम का टीएसआर(पी) कार्य, रेणीगुंटा-गूटी-गैर यात्री लूप लाइन्स पर 5.020 टीकेएम का सीटीआर(एस) कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.1,98,11,990.29, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,49,100.00

12. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-सेंट्रल-1913, **कार्य विवरण:** गुंटकल डिवीजन -रेणीगुंटा-गूटी -5.82टीकेएम का टीबीआर कार्य, 0.8टीकेएम का टीबीआर(एलएल) कार्य, 32टीकेएम का टीबीआर(टीओ) कार्य तथा गूटी-पेन्डेकल्लु-2.68टीकेएम का टीबीआर(एलएल) कार्य -गुंटकल डिवीजन(सी)-एफएस+ टीडब्ल्यूएस +डब्ल्यूसीएम एससी-3, सीएमएससी-4,डब्ल्यूसीएमएससी-97,सीएस +सीएमएससी-1, सीएस-4, एफएस+टीडब्ल्यूएस-5, टीएफआर (आल)-8.12 टीकेएम, टीएफआर(पैड)-16.82टीकेएम तत्संबंधित कार्य। विज्ञापित मूल्य रू.1,67,51,171.35 पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.2,33,800.00

13. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-साउथ-1914, **कार्य विवरण:** गुंटकल डिवीजन एसडब्ल्यू-। सभी निर्धारित सुविधाओं को प्रदान करते हुए ट्रीपशेड-रेणीगुंटा की वृद्धि। साथ ही अनिवार्य आवश्यकताएं जैसे आफिस रूम, स्टाफ रूम, स्टोर रूम, सैण्ड रूम, पिट लाइन का विस्तार, पाथवे निर्माण कार्य आदि तत्संबंधित कार्य। एसडब्ल्यू-।। रेणीगुंटा पर आर्ट इक्वीपमेंट मेनटेनेन्स रूम का निर्माण कार्य। **विज्ञापित मूल्य रू.4,11,57,076.85, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.3,55,800.00**

14. **निविदा संख्या:** इएनजीजी-जीटीएल-साउथ-1915, **कार्य विवरण:** जीटीएल डिवीजन: एसआर. डीइएन/साउथ/जीटीएल क्षेत्राधिकार के तहत कवर ओवर प्लाटफार्म्स की मरम्मत करना। **विज्ञापित मूल्य रू.14714028.02, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.223600.00**

कोई भी शुद्धिपत्रों को केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य/गुंटकल



निविदा सूचना PUB/1032

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु निविदाओं की ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

1. निविदा सं. व तिथि: सी एसजी36_572 दि.22-08-2025, बंद करने की तिथि: 12-09-2025, कार्य विवरण: वीकेबी-पीआरएलवाय सेक्संस में जानवल तथा घाटनांदूर स्टेशनों पर दो अतिरिक्त लूप लाइन्स का प्रावधान सहित तत्संबंधित सिग्नलिंग व्यवस्थाएं। अनुमानित लागत रू.7,56,80,091.39, बोली सुरक्षा/पूधरा रू.5,28,400.00 अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट:www.ireps.gov.in पर जाएं।

वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, सिकंदराबाद



निविदा संख्या 18 _2025 _26 _एसआर.डीइइ _टीआर _एचवायबी दि.26-08-2025 PUB/1034

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीइइ/टीआर/एचवायबी द्वारा तत्संबंधित निविदा संख्या 18 _2025 _26 _एसआर.डीइइ _टीआर _एचवायबी दि.26-08-2025 एवं बंद करने की तिथि 18-09-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित है। बोलीदातागण अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अस्वीकार होंगे तथा इस मामले में मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसपर विचार नही किया जायेगा।

1. **कार्य विवरण:** हैदराबाद डिवीजन: एचवायबी डिवीजन: वार्षिक रखरखाव ठेका (एएमसी) तथा दो वर्ष की अवधि के लिए,एनजेडबी, केसीजी, टीएमएक्स एण्ड जीडब्ल्यूडी पर 8 पहियोंयुक्त 4 टावर कारों के डिजल इंजिनों का बी, सी एण्ड सी के लिए चेक्स या परीक्षण। **अनुमानित मूल्य** रू.82,30,619.60, **पूधरा रू.1**,64,600.00, **पूरा करने की अवधि:** 02 वर्ष (24 महिने), बंद करने की **तिथि:**18-09-2025

**वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थान: एसआर.डीइइ/टीआर/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, (ट्रैक्शन),हैदराबाद



ई-निविदा आमंत्रण सूचना (https://ireps.gov.in द्वारा) PUB/1035

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्न कार्यों हेतु सीइ/सी-।।।/एससी एण्ड सीइ/सी-वी/एससी, निर्माण संगठन, द.म. रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा ई-निविदा आमंत्रित है।

1. **एनआयटी संख्या:** 19-सीएओ-सी-एससी-2025 दि.13-08-2025 **कार्य विवरण:** दमरे निर्माण संगठन: गुंटूर डिवीजन: गुंटूर-बीबीनगर स्टेशनों (239किमी) के बीच ट्रैक का विद्युतीकरण सहित प्रस्तावित डबलिंग कार्य-जीएनटी-बीएन सेक्शन(239किमी) के प्रस्तावित डबल लाइन के लिए लैण्ड एक्वीजीशन या भूअधिग्रहण गतिविधियों का फैसिलिटेशन कार्य। अनुमानित मूल्य रू.64,00,086.55, पूधरा रू.1,28,000/-, पूरा करने की अवधि:9(नौ) महिने, खोलने की तिथि: 9-9-2025 के 15.00 बजे

2. **एनआयटी संख्या:** 21-सीएओ-सी-एससी-2025 दि.16-08-2025 कार्य विवरण: दमरे निर्माण संगठन: विजयवाडा डिवीजन: राजमंड्री रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से संबंधित 2 फूट ओवर ब्रिजेस या पुलों, कवर ओवर प्लाटफार्म्स का प्रस्तावित निर्माण, पीएफ 1 का चौडीकरण या वाइडनिंग, पीएफ 4-5 का विस्तार कार्य तथा प्लाटफार्म्स का नवीकरण कार्य। कार्य। **अनुमानित मूल्य रू.**58,28,78,753.27, पूधरा रू.30,64,400/-, पूरा करने की अवधि:12(बारह) महिने, **खोलने की तिथि:** 16-9-2025 के 15.00 बजे

।) बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरणार्थ कृपया **वेबसाइट:**https://ireps.gov.in पर लागिन करें।
।।) निविदाकार द्वारा अपने आफर्स को, आनलाइन रूप में निविदा प्रस्तुति की अवधि के दौरान निविदा बंद करने से पहले अर्थात् पंद्रह दिन की अवधि में प्रस्तुत करना चाहिए।
।।।) निविदादातागण किसी भी शुद्धिपत्रों को (केवल आनलाइन पर जारी) निविदा प्रस्तुति की अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

मुख्य प्रशासन अधिकारी/निर्माण/सिकंदराबाद



निविदा सूचना PUB/1036

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, उप मुख्य सिग्नल व दूरसंचार अभियंता(परियोजनाएं) दमरे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु दि.04-10-2025 के 14.00 बजे तक ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित हैं।

1. **निविदा संख्या:** सी/ एसजी/ सी/36/5/415, **कार्य विवरण:** दमरे के सिकंदराबाद डिवीजन के गुन्ड्राटीमडुगु-खम्मम सेक्शन्स में स्वचालित आटोमेटिक ब्लाक सिग्नलिंग सिस्टम के प्रावधान हेतु विस्तृत सिग्नलिंग एवं दूर संचार कार्य। अनुमानित मूल्य रू.641192481.28, **पूरा करने की अवधि:**18 महिने

सभी विवरण जैसे संपूर्ण कार्य विवरण, निविदा नियम शर्ते, योग्यता मानदंड तथा अधिक जानकारी, उपरोक्त कार्यों के निविदा दस्तावेजो की डाउनलोडिंग हेतु कृपया इण्डियन गवर्नमेन्ट टेंडर पोर्टल **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

ए1275 उप मुख्य सिग्नल व दूर संचार अभियंता(परियोजनाएं),सिकंदराबाद

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट: https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें



पूर्व तट रेलवे

नीलामी कैटलॉग नं. : CAT-ADVTD-25-04

लॉट नं./वर्ग: ADVT-WAT-VSKP-OSD-206-25-3 (Advertising - On Station Premise (Digital))

विवरण : यह अनुबंध विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करने के उद्देश्य से डिजिटल डिस्प्ले उपकरणों की स्थापना के लिए है, जो रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क (RDN) नीति और ई-नीलामी नीति के अनुरूप होगा। कुल प्रदान की जा रही क्षेत्रफल 2000 वर्ग फुट है (स्टेशन एरिया डिस्प्ले : 650 वर्ग फुट, पिलर माउंटेड डिस्प्ले : 1350 वर्ग फुट)।

लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय : 06.09.2025 को 1000 बजे

लॉट बंद होने की तिथि एवं समय : 06.09.2025 को 1030 बजे

ट्रिप/दिन: 1826, न्यूनतम वृद्धि : 0.2%, लॉट स्थिति: ड्राफ्ट कैटलॉग में नया।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर

PR-522/Q/25-26



पूर्व तट रेलवे

(1) सूचना सं. : eT-East-WAT-27-2025 दिनांक: 21.08.2025

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/श्रीकाकुलम रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/पारलाखेमुंडी यूनिट में NG लाइन पर नौपाड़ा (EX)-गुणुपुर (EX) स्टेशन के बीच सेक्शन में 30.09.2026 तक की अवधि के लिए P.WAY कार्य हेतु जोनल (Zonal) ठेका।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,62,16,536.40, EMD : ₹ 2,31,100/-

(2) सूचना सं. : eT-East-WAT-28-2025 दिनांक: 21.08.2025

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/श्रीकाकुलम रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/नौपाड़ा यूनिट में मेन लाइन पर पलासा (EX)-हरिश्चन्द्रपुर (EX) स्टेशन के बीच सेक्शन में 30.09.2026 तक की अवधि के लिए P.WAY कार्य हेतु जोनल (Zonal) ठेका।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,59,70,716.40, EMD : ₹ 2,29,900/-

(3) सूचना सं. : eT-East-WAT-29-2025 दिनांक: 21.08.2025

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/श्रीकाकुलम रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/श्रीकाकुलम रोड यूनिट में मेन लाइन पर पोंडुरु (EX)-कोटबोम्माली (EX) स्टेशन के बीच सेक्शन में 30.09.2026 तक की अवधि के लिए P.WAY कार्य हेतु जोनल (Zonal) ठेका।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,53,15,196.40, EMD : ₹ 2,26,600/-

(4) सूचना सं. : eT-East-WAT-30-2025 दिनांक: 21.08.2025

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/विजयनगरम रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/चिपुरुपल्लि यूनिट में मेन लाइन पर दूसि - नेल्लिमार्ला स्टेशन के बीच कि.मी. 762/0 - कि.मी. 797/0 के बीच सेक्शन में 30.09.2026 तक की अवधि के लिए P.WAY कार्य हेतु जोनल (Zonal) ठेका।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,56,73,704.34, EMD : ₹ 2,28,400/-

(5) सूचना सं. : eT-East-WAT-31-2025 दिनांक: 21.08.2025

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/विजयनगरम रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/विजयनगरम यूनिट में मेन लाइन पर गरिविडि-अलमंडा स्टेशन के बीच कि.मी. 797/0 - कि.मी. 831/0 एवं RV लाइन पर गोटलाम-विजयनगरम स्टेशन के बीच कि.मी. 464/17 से कि.मी. 465/35 के बीच सेक्शन में 30.09.2026 तक की अवधि के लिए P.WAY कार्य हेतु जोनल (Zonal) ठेका।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,58,37,584.34, EMD : ₹ 2,29,200/-

(6) सूचना सं. : eT-East-WAT-32-2025 दिनांक: 21.08.2025

कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/विजयनगरम रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/गजपतिनगरम यूनिट में RV लाइन पर डोंकिनवलसा-विजयनगरम स्टेशन के बीच कि.मी. 426/33 से कि.मी. 464/17 के बीच सेक्शन में 30.09.2026 तक की अवधि के लिए P.WAY कार्य हेतु जोनल (Zonal) ठेका।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,56,73,704.34, EMD : ₹ 2,28,400/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने (सभी क्रम सं. के लिए)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : 12.09.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-527/Q/25-26



दक्षिण मध्य रेलवे

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

ई-निविदा सूचना संख्या जीएनटी/सी.79/कैटरिंग/ई-टेंडर्स/2/1-2/2025, दि.21-08-2025 PUB/1037

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे -द.म.रे., गुंटूर डिवीजन, गुंटूर द्वारा, 5 वर्षों की अवधि के लिए, अधोलिखित खानपान इकाईयों या कैटरिंग युनिट्स के संचालन हेतु लाइसेंस प्रदान करने के लिए, इच्छुक पार्टियों से ई-बोलियां आमंत्रित हैं।

1. **निविदा सूचना संख्या** : कैट. /1/2025, नाम व स्टेशन श्रेणी: गुंटूर-ए, युनिट का नाम: टी स्टाल, स्टाल आयडी: जीएमयु, पीएफ नं. 4 & 5, स्थान: सब-वे के सामने, आरक्षण: सामान्य के लिए, वार्षिक संकेतात्मक लाइसेंस शुल्क: रु.9,65,027/-, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रू.2,51,000/-निविदा प्रकार: दो पैकेट्स प्रणाली

2. **निविदा सूचना संख्या:** कैट. /2/2025, **नाम व स्टेशन श्रेणी:** गुंटूर-ए, **युनिट का नाम:** टी स्टाल, **स्टाल आयडी:** जीएमयु, पीएफ नं. 2 & 3, **स्थान: प्लाटफॉर्म के बीच की ओर, आरक्षण:** सामान्य के लिए, वार्षिक संकेतात्मक **लाइसेंस शुल्क:रु.5,79,700/-, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा)** रू.1,50,800/-निविदा प्रकार: दो पैकेट्स प्रणाली

निविदा दस्तावेज को http://www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं तथा इसे **वेबसाइट:**http://www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास क्लास-।।। डिजीटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है तथा उन्हें अवश्य रूप से आयआरइपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-टेंडरिंग पर केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं। ई-टेंडरिंग में भाग लेने के दौरान सभी उचित दस्तावेजों को अनिवार्य तौर पर अपलोड करना चाहिए। मैन्युएल आफर्स पर कतई विचार नहीं किया जायेगा। पूर्व धरोहर राशि को केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे माध्यम से ही प्रस्तुत करना होगा।

**टिप्पणी:** निविदाकार द्वारा उचित रूप से निविदा प्रपत्र को, यथावत रूप से डिजीटल सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर कर, अपलोड करना चाहिए।

**महत्वपूर्ण तिथियां-**

| | |
|---|---|
| प्रकाशित करने की तिथि | 21-08-2025 |
| पूर्व बोली बैठक | 29-08-2025 |
| बंद करने की तिथि व समय | 17-09-2025 के 15.00 बजे |
| निविदा आमंत्रण प्राधिकारी | वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक,विभागीय रेल प्रबंधक का कार्यालय, गुंटूर डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, गुंटूर-6 |

अधिक जानकारी हेतु बोलीदातागण, किसी भी कार्यदिनों में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं। तत्संबंधित अधिसूचना को **वेबसाइट:** http://www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

ए1288 वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, गुंटूर

# अश्विन ने आईपील से संन्यास लिया

## 5 टीम में खेले, 221 मैच में 187 विकेट लिए

## रिटायरमेंट पोस्ट में लिखा- अब विदेशी लीग खेलूंगा




नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंडियन प्रीमियर लीग से रिटायरमेंट ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

अश्विन ने लिखा- 'कहते हैं हर अंत एक नई शुरुआत होती है। एक IPL क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है, लेकिन कई विदेशी लीग में खेलने का मेरा समय आज से शुरू हो रहा है।' अश्विन आईपीएल 2025 में सीएसके टीम का हिस्सा थे, लेकिन वे ज्यादा मैच नहीं खेले थे। उन्होंने आईपीएल में इस साल आखिरी मैच 20 मई को खेला था। उन्हें टीम से रिलीज किए जाने की भी चर्चाएं चल रही थीं। अश्विन आईपीएल में पांच अलग-अलग टीमों की ओर से खेल चुके हैं।

'इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा और सबसे जरूरी आईपीएल और बीसीसीआई का, जो उन्होंने मुझे अब तक मौका दिया है। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।'

ओीपीएल में 221 मैच खेल चुके अश्विन के नाम 187 विकेट (इकोनॉमी रेट 7.29) और 833 रन (स्ट्राइक रेट 118) दर्ज हैं। पिछले सीजन में उन्होंने सीएसके के लिए 9 मैच खेले थे।

अश्विन को सीएसके ने मेगा ऑक्शन में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वह 9 साल बाद अपने होम फ्रेंचाइजी में लौटे थे। 2016 से 2024 के बीच वह दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के लिए खेले। आईपीएल करियर की शुरुआत उन्होंने सीएसके से ही की थी और 2008 से 2015 तक टीम के साथ रहे।

अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने 14 से 18 दिसंबर के बीच खेले गए गाबा टेस्ट के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे था। उन्होंने कहा था, आज भारतीय टीम के क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा।

अश्विन ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं।

# मोहम्मद शमी ने रिटायरमेंट की अफवाहों को खारिज किया

## बोले- वनडे वर्ल्ड कप जीतना मेरा सपना है; मैं 2027 में वहां रहना चाहता हूं

मुंबई, 28 अगस्त (एजेंसियां)। मोहम्मद शमी ने अपनी रिटायरमेंट की अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। 34 साल के शमी ने साफ कहा कि जब तक उनमें खेल के प्रति जुनून और प्रेरणा बनी रहेगी, वह मैदान पर डटे रहेंगे। शमी को इंग्लैंड में एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी और 9 सितंबर से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए भारतीय टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है।

शमी ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में उनके रिटायरमेंट की अफवाहों पर तीखा जवाब देते हुए कहा, 'अगर किसी को मुझसे दिक्कत है, तो सामने आकर बताए। मेरे रिटायर होने से किसकी जिंदगी बेहतर हो जाएगी? मैं किसी की जिंदगी में पत्थर क्यों बनूं कि तुम्हें मुझसे रिटायरमेंट चाहिए? जिस दिन मुझे बोरियत होगी, मैं खुद मैदान छोड़ दूंगा। आप मुझे न चुनें, न खिलाएं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं मेहनत करता रहूंगा।'




**घरेलू क्रिकेट में भी खेलने को तैयार**

शमी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका न मिले, तो वह घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, 'अगर आप मुझे अंतरराष्ट्रीय मैचों में नहीं चुनते, तो मैं घरेलू क्रिकेट खेलूंगा। मैं कहीं न कहीं खेलता रहूंगा। रिटायरमेंट जैसा फैसला तब लिया जाता है, जब आपको लगे कि आप बोर हो गए हैं, जब आप सुबह 7 बजे टेस्ट मैच के लिए उठना नहीं चाहते। लेकिन मेरे लिए अभी वह वक्त नहीं आया। आप चाहें तो मैं सुबह 5 बजे भी उठकर तैयार हो जाऊंगा।'

**ओडीआई वर्ल्ड कप जीतने का अधूरा सपना**

शमी ने बताया कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य वनडे वर्ल्ड कप जीतना है, जो उनका एकमात्र अधूरा सपना है। 2023 वर्ल्ड कप में भारत के फाइनल तक पहुंचने की याद ताजा करते हुए उन्होंने कहा, 'मेरा एक ही सपना बाकी है, वह है वनडे वर्ल्ड कप जीतना। 2023 में हम बहुत करीब थे। हमें भरोसा था, लेकिन नॉकआउट स्टेज में डर भी था। फैंस का उत्साह और समर्थन हमें प्रेरित करता था। शायद उस वक्त मेरी किस्मत में नहीं था, लेकिन मैं 2027 में वहां होना चाहता हूं।'

**फिटनेस पर की कड़ी मेहनत**

शमी ने अपनी फिटनेस पर भी बात की। हाल के समय में चोटों से जूझने के बावजूद उन्होंने पिछले दो महीनों में अपनी फिटनेस पर कड़ा काम किया है। उन्होंने वजन कम किया, गेंदबाजी में लय हासिल की और लंबे स्पेल डालने की तैयारी की। शमी ने कहा, 'मैंने ट्रेनिंग की, अपनी स्किल्स को और बेहतर किया, बल्लेबाजी और फील्डिंग की प्रैक्टिस की, जिम में पसीना बहाया। सब कुछ किया। मेरा फोकस लय हासिल करने और लंबे स्पेल डालने पर है।'

**जब तक प्यार है, खेलता रहूंगा**

शमी ने कहा, 'मुझे अभी भी क्रिकेट से प्यार है। जिस दिन यह जुनून खत्म होगा, मैं खुद मैदान छोड़ दूंगा। तब तक मैं लड़ता रहूंगा।'

शमी का यह बयान न केवल उनकी दृढ़ता और जुनून को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि वह अभी भी भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ दे सकते हैं। उनके इस जज्बे को देखकर फैंस को 2027 वनडे वर्ल्ड कप में शमी की वापसी की उम्मीद जरूर बंधी है।

**आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेले**

शमी ने आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेला था। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता और शमी ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए, जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे। हालांकि, उनकी गेंदबाजी महंगी रही, क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 5.68 रन दिए।

शमी दलीप ट्रॉफी खेल रहे हैं

शमी 28 अगस्त से शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी में पूर्व क्षेत्र की टीम का हिस्सा हैं। यह टूर्नामेंट, अपने पुराने फॉर्मेट इंटर-जोनल तरीके से खेला जा रहा है। शमी ने अब तक 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

# पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं

## वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी को हराया

खेल डेस्क, 28 अगस्त (एजेंसियां)। डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने BWF बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने गुरुवार को विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 मैच में चीन की वांग झी को सीधे गेम में हराकर बाहर कर दिया। मिक्स्ड डबल्स इवेंट में भी भारतीय जोड़ी को सफलता मिली। ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर-15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के अंतर से जीता।

सिंधु ने पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में भी 12-6 के अंतर से बढ़त बना ली। उन्होंने इस बढ़त को



कायम रखा और 21-15 के अंतर से दूसरा गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है।

वर्ल्ड नंबर-16 भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा कृष्टो की जोड़ी ने 3 गेम में राउंड ऑफ 16 मैच जीता। वर्ल्ड नंबर-2 हॉन्ग कॉन्ग के तांग चुन मिन और से यिंग सुट ने दोनों को पहला गेम 21-19 के अंतर से हरा दिया। ध्रुव-तनिषा ने दूसरे गेम में वापसी की और 21-12 से जीत दर्ज कर मैच बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने 21-15 के अंतर से तीसरा गेम जीता और क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर ली।

मेंस सिंगल्स इवेंट में भारतीय चुनौती खत्म हो गई। एचएस प्रणय को बुधवार देर रात राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें वर्ल्ड नंबर-2 डेनमार्क के आंद्रेस एंटोनसेन ने 3 गेम में हरा दिया। आंद्रेस ने पहला गेम बेहद आसानी से 21-7 के अंतर से जीत लिया।

प्रणय ने वापसी की और 21-17 से दूसरा गेम अपने नाम किया और मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 21-21 से बराबर हो गया। एंटोनसेन ने फिर अटैकिंग गेम खेला और 23-21 से तीसरा गेम जीतकर मैच भी अपने नाम कर लिया। प्रणय से पहले राउंड ऑफ 64 में लक्ष्य सेन को वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा था।

# एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप: अनीश भनवाला ने 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर; भारत 74 मेडल के साथ टॉप पर बरकरार

श्यामकेंट, 28 अगस्त (एजेंसियां)। ओलिंपियन अनीश भनवाला ने शिमकेंट, कज़ाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। इसके साथ ही भारत अब तक कुल 74 मेडल (39 गोल्ड, 18 सिल्वर, 17 ब्रॉन्ज) के साथ टॉप पर बना हुआ है।

22 साल के अनीश ने फाइनल में 35 का स्कोर किया, लेकिन चीन के सू लियानबोफान ने 36 का स्कोर करके गोल्ड मेडल जीतने के साथ-साथ वर्ल्ड जूनियर और एशियन चैंपियनशिप जूनियर रिकॉर्ड भी बना दिया।

अनीश ने आदर्श सिंह और नीरज कुमार के साथ मिलकर टीम इवेंट में 1738 के कुल स्कोर के साथ सिल्वर मेडल भी हासिल किया। आदर्श ने क्वालिफिकेशन में 585 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे।



नीरज ने क्वालिफिकेशन में 570 अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था

नीरज ने क्वालिफिकेशन में 570 अंक प्राप्त किए। फाइनल में अनीश चौथी सीरीज तक बढ़त में थे, जहां उन्होंने कुल 20 में से 2 निशाने चूके। पांचवीं सीरीज में सू ने परफेक्ट 5 मारते हुए स्कोर बराबर कर लिया, जबकि अनीश का एक निशाना चूक गया।

इसके बाद की दो सीरीज में भी अनिश ने एक-एक निशाना चूका जिससे सू को एक अंक की बढ़त मिल गई। अंतिम सीरीज में अनीश ने पहले शूट करते हुए परफेक्ट 5 मारे और दबाव बनाया, लेकिन सू ने संयम बनाए रखा और परफेक्ट 5 मारते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

जूनियर ट्रैप मिक्स्ड इवेंट में सिल्वर मेडल

जूनियर मिक्स्ड टीम ट्रैप इवेंट में आर्यवंश त्यागी और भाव्या त्रिपाठी की जोड़ी को कजाकिस्तान की निकिता मोइसेयेव और एलेओनोरा इब्रागिमोवा से गोल्ड मेडल मुकाबले में 37-38 से हारकर सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

वहीं, 50 मीटर पिस्टल इवेंट में योगेश कुमार, अमनप्रीत सिंह, रविंदर सिंह ने सिल्वर मेडल दिलाया। योगेश ने 548, अमनप्रीत ने 543 और रविंदर सिंह ने 542 का स्कोर किया। जबकि 50 मीटर पिस्टल जूनियर में टीम को गोल्ड मेडल मिला। अभिनव चौधरी ने 541, उमेश चौधरी ने 529 और मुकेश नेलावली ने 523 का स्कोर कर टीम को गोल्ड दिलाया।

# कैरेबियन लीग में एक बॉल पर बने 22 रन: नो, वाइड, फिर लगातार 2 नो बॉल पर 2 सिक्स; अगली बॉल पर भी सिक्स

खेल डेस्क, 28 अगस्त (एजेंसियां)। कैरेबियन प्रीमियर लीग में सोमवार रात एक बॉल पर 22 रन बने। मामला सेंट लूसिया ग्राउंड पर गयाना अमेजन वॉरियर्स और सेंट लूसिया किंग्स के बीच खेले गए मैच का है। टॉस जीतकर गयाना अमेजन वॉरियर्स पहले बैटिंग कर रही थी। रोमारियो शेफर्ड और इफ्तिखार अहमद क्रीज पर थे। 15वें ओवर की तीसरी गेंद पर 22 रन बने। ओशाने थॉमस ने ओवर की तीसरी गेंद नो बॉल डाली। इस पर बल्लेबाज और कोई रन नहीं बना सका। उन्होंने अगली गेंद वाइड डाली। फिर अगली दो गेंदें नो बॉल डाली। इन दोनों गेंदों पर बल्लेबाज शेफर्ड ने दो छक्के जड़ दिए। थॉमस ने अगली गेंद सही डाली। इस पर भी शेफर्ड ने छक्का जड़ दिया। इस तरह तीसरी गेंद पर कुल 22 रन बन गए। इसकी डिटेल्स अगले ग्राफिक्स में देख सकते हैं। शेफर्ड ने 34 गेंदों में नाबाद 73 रन की पारी खेली। हालांकि, इस मैच को सेंट लूसिया किंग्स ने 4 विकेट से जीत लिया।

**2 बार एक बॉल पर 13 रन बन चुके**

केरल प्रीमियर लीगः सैमसन ने लगातार 2 छक्के लगाए एक दिन पहले मंगलवार, 26 अगस्त 2025 को केरल क्रिकेट लीग में एक बॉल पर 13 रन बने थे। संजू ने त्रिशूर




टाइटंस के गेंदबाज सिजोमोन जोसफ की बॉल पर छक्का लगाया। इसे अंपायर ने नो-बॉल करार दिया, इससे उन्हें एक और बॉल डालनी पड़ी। सैमसन ने फ्री हिट पर भी छक्का लगाया। जिम्बाब्वे के खिलाफ 5वां टी-20: जायसवाल ने दो छक्के लगाए एक साल पहले 14 जुलाई 2024 को भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेले गए आखिरी टी-20 मैच में एक बॉल पर 13 रन बने थे। हरारे में खेले गए इस मुकाबले के पहले ओवर की पहली बॉल यशस्वी जायसवाल ने छक्का लगाया। लेकिन, अंपायर ने इसे नॉ-बॉल करार दिया। ऐसे में जायसवाल ने फ्री हिट पर भी छक्का लगा दिया। यह ओवर जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा डाल रहे थे।

**गयाना ने 202 रन बनाए, शेफर्ड की फिफ्टी**

गयाना अमेजन वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। मुकाबले में गुयाना वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाए। सेंट लूसिया ने 18.1 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। गयाना की ओर से रोमारियो शेफर्ड 34 बॉल पर नाबाद 73 रन बनाए। शाई होप ने 23 रन और बैन मैकडरमॉट 30 रन बनाए। पाकिस्तान के इफ्तिखार खान 27 बॉल पर 33 रन बनाए। कियोन गैस्टन को 2 विकेट मिले।

**ऑगस्टे ने 19 गेंदों में अर्धशतक बनाया**

203 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी सेंट लूसिया किंग्स की शुरुआत जॉनसन चार्ल्स (10) के जल्दी आउट होने से खराब रही। लेकिन टिम सीफर्ट और अकीम ऑगस्टे ने पावरप्ले में 86 रन जोड़कर शानदार वापसी की।ऑगस्टे ने केवल 19 गेंदों में सीपीएल 2025 का सबसे तेज अर्धशतक जड़ा। ऑगस्टे 73 रन बनाकर आउट हुए।

# प्रज्ञानंद ने ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया

## वेसली सो ने सिंकफील्ड कप जीता

सेंट लुई, 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने सिंकफील्ड कप में उपविजेता रहकर ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया जबकि अमेरिका के वेसली सो ने त्रिकोणीय प्लेऑफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। सो ने नौवें और आखिरी दौर में उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया और प्रज्ञानंद तथा फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। उन्होंने प्लेऑफ में दो में से डेढ़ अंक बनाए।

प्रज्ञानंद ने अमेरिका के लेवोन आरोनियन से ड्रॉ खेला और कारूआना को हराया, जबकि



कारूआना ने टाइब्रेकर में एकमात्र ड्रॉ सो से खेला। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ग्रैंड शतरंज टूर में सर्वाधिक अंक पाकर शीर्ष पर हैं। आरोनियन, कारूआना और प्रज्ञानंद भी क्वालिफाई कर चुके हैं।

क्लासिकल वर्ग में सो, कारूआना और प्रज्ञानंद के 5.5 अंक रहे। आरोनियन पांच अंक लेकर चौथे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव, अमेरिका के सैमुअल सेवियान और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पांचवें स्थान पर रहे। उनके बाद विश्व चैम्पियन डी गुकेश रहे। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा के 3.5 अंक रहे जबकि अब्दुसत्तोरोव के 2.5 अंक रहे।

प्रज्ञानंद ने पहले टाइब्रेक मुकाबले में कारूआना को हराकर जीत की उम्मीदें बढा दी थी, लेकिन वह दूसरे दौर में सो से हार गए जिन्होंने आखिरी दौर में कारूआना को ड्रॉ पर रोककर खिताब जीता।

# रैकेट तोड़ा, अंपायर से भिड़े

## तुनकमिजाजी के लिये मेदवेदेव को मिली सजा; लाखों रुपये का जुर्माना लगा



न्यूयॉर्क, 28 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और पूर्व विश्व नंबर-एक दानिल मेदवेदेव अमेरिकी ओपन 2025 के पहले दौर में हार के साथ ही विवादों में घिर गए। मैच के दौरान कोर्ट पर खेल भावना के विपरीत आचरण और गुस्से में रैकेट तोड़ने के कारण उन पर भारी जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने मेदवेदेव पर कुल 42,500 डॉलर (35.7 लाख रुपये) का दंड ठोका, जो उनकी मैच फीस 1,10,000 डॉलर का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है।

घटना उस समय हुई जब मेदवेदेव अपने प्रतिद्वंद्वी फ्रांस के खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी के खिलाफ तीसरे सेट में खेल रहे थे। बोंजी 5-4 की बढ़त पर थे तभी अचानक एक फोटोग्राफर कोर्ट के किनारे पर चलने लगा, जिससे मेदवेदेव का ध्यान भटक गया। मेदवेदेव ने तुरंत चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ से शिकायत की, लेकिन अंपायर ने फोटोग्राफर को हटाने के बाद बोंजी को फिर से पहली सर्विस की अनुमति दे दी। इसी फैसले से मेदवेदेव भड़क उठे और उन्होंने कोर्ट पर अपना गुस्सा जाहिर किया।

इस घटना के बाद चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर को बाहर जाने का आदेश दिया और उसकी मान्यता भी रद्द कर दी गई। बावजूद इसके, मेदवेदेव का गुस्सा कम नहीं हुआ और उन्होंने मैच खत्म होने के बाद अपना रैकेट तोड़कर नाराजगी जाहिर की।

टूर्नामेंट रैफरी ने मेदवेदेव के खिलाफ दो अलग-अलग उल्लंघन दर्ज किए। 30,000 डॉलर खेल भावना के विपरीत आचरण पर और 12,500 डॉलर रैकेट तोड़ने की हरकत पर। इस तरह कुल मिलाकर उन पर 42,500 डॉलर का जुर्माना लगाया गया।

मेदवेदेव के करियर में यह पहली बार नहीं है जब उनका गुस्सा कोर्ट पर सुर्खियां बना हो। पूर्व नंबर-एक खिलाड़ी होने के बावजूद उनकी छवि कई बार अनुशासनहीनता और विवादित बर्ताव के कारण सवालों के घेरे में रही है। इस घटना ने एक बार फिर उनके खेल आचरण को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

# सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप में भारत ने भूटान को 5-0 से हराया

## भारतीय अंडर-23 टीम का सामना ईराक से

थिम्पू, 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने यहां सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के अपने चौथे मैच में भूटान को 5-0 से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम पहले हाफ में 3-0 से बढ़त बनाए थी। दोनों टीमों के बीच चार दिन में यह दूसरा मुकाबला था। पहले मैच में भारत ने 8-0 से जीत हासिल की थी। भारतीय फॉरवर्ड अनुष्का कुमारी ने चौथे और 16वें मिनट में दो गोल दागे जबकि पांचवां गोल करने में मदद की। इससे टूर्नामेंट में अब तक उनके गोल की संख्या सात हो गई है। अन्य गोल श्वेता रानी (24वें मिनट), जुलान नोंगमाईथेम (77वें मिनट) और नीरा चानू लोंगजाम (90+5वें मिनट) ने किए। भारत ने इस तरह बिना कोई गोल खाए 22 गोल दागकर चार मैच में अपनी चौथी जीत दर्ज की और तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। भारत अब चार मैच में 12 अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। बांग्लादेश दूसरे स्थान पर है जिसके नौ अंक हैं। नेपाल तीन अंक से तीसरे नंबर पर हैं। भूटान अभी तक एक भी अंक हासिल नहीं कर पाया है। भारत की अंडर 23 टीम का सामना दूसरे दोस्ताना मैच में ईराक से कुआलालंपुर में पहले दोस्ताना मैच में 1-2 से मिली हार के बाद भारत की फुटबॉल अंडर 23 पुरूष राष्ट्रीय टीम गुरुवार को दूसरे मैच में ईराक से खेलेगी। यह मैच अगले सप्ताह दोहा में होने वाले एएफसी अंडर 23 एशियाई कप क्वालीफायर्स से पहले आखिरी मैच है । पहले मैच के बारे में मुख्य कोच नौशाद मूसा ने कहा कि इससे काफी सीखने को मिला। उन्होंने कहा, 'यह काफी प्रतिस्पर्धी मैच था और इससे हमे अच्छा अनुभव मिला। इस तरह के मैचों से लड़कों को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की जरूरतों के बारे में पता चला और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा।'

# जोकोविच 19वीं बार यूएस ओपन के तीसरे राउंड में

## अमेरिकी क्वालिफायर स्वाइजडा को हराया; अल्काराज भी जीते



न्यूयॉर्क, 28 अगस्त (एजेंसियां)। सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2025 के तीसरे दौर में जगह बना ली है। जोकोविच ने दूसरे दौर में अमेरिकी क्वालिफायर जैकरी स्वाइजडा को हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

जोकोविच इस जीत के साथ ही रिकॉर्ड 19वीं बार US ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए और और रोजर फेडरर को पीछे छोड़ दिया।

**तीसरे राउंड में नॉरी से होगा सामना**

उन्होंने स्वाइजडा को 6-7(5), 6-3, 6-3, 6-1 से हराया। मैच की शुरुआत में जोकोविच को कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि स्वाइजडा ने पहला सेट टाई-ब्रेक में जीत लिया। लेकिन, उसके बाद जोकोविच ने शानदार वापसी की। स्वाइजडा को पैर की चोट के कारण बाद के सेटों में परेशानी हुई, जिसका फायदा जोकोविच ने उठाया।

अब तीसरे दौर में उनका सामना ब्रिटेन के कैमरॉन नॉरी से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई है।

अल्काराज सीधे सेटों में जीते

कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे दौर में जगह बना ली है। दूसरे दौर में उन्होंने इटली के मैटिया बेलुच्ची को 1 घंटे 36 मिनट में सीधे सेटों में 6-1, 6-0, 6-3 से हराया। अब तीसरे दौर में उनका मुकाबला इटली के लूसियानो डारदरी से होगा।

साबालेंका ने पोलिना को हराया

मौजूदा विमेंस सिंग्लस चैंपियन आर्यना साबालेंका ने दूसरे दौर में रूसी खिलाड़ी पोलिना को 7-6 (4), 6-2 से हराकर कर यूएस ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका मुकाबला तीसरे दौर में 2021 की फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज से होगा।

# तेलंगाना में भारी बारिश से तबाही, सड़क और रेलमार्ग बाधित

> बीबीपेट को कामारेड्डी से जोड़ने वाला एक पुल बाढ़ के पानी में पूरी तरह बह गया > तेलंगाना पुलिस ने 1200 लोगों को बचाया : डीजीपी जितेंद्र > दो हेलीकॉप्टरों की मदद से बाढ़ में फंसे 5 लोगों को सेना के जवानों ने बचाया





हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश का असर जारी है, जिसके परिणामस्वरूप मौतें, बाढ़ और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है। डोमकोंडा के नीलकट्टा वागु इलाके में दो व्यक्ति अपने वाहन सहित बह गए, जबकि कामारेड्डी जिले में दीवार गिरने से एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। कई स्थानों पर बारिश चरम पर पहुंच गई है।

कामारेड्डी के राजमपेट मंडल के अरगोंडा स्टेशन पर 44 सेमी बारिश दर्ज की गई, जबकि 23 अन्य क्षेत्रों में 20 सेमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। इसमें कामारेड्डी में 10, निर्मल में चार, मेदक में छह, और निजामाबाद तथा सिद्दीपेट में कुछ स्थान शामिल हैं। अधिकारियों ने संकेत दिया कि 50 वर्षों में इतने कम समय में दर्ज की गई यह सबसे अधिक बारिश है। कृषि भूमि का एक बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है और फसलों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। भारी बारिश ने कामारेड्डी जिले में भारी व्यवधान पैदा कर दिया है, जिससे कई इलाकों में दैनिक जीवन ठप हो गया है। कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं और बीबीपेट को कामारेड्डी से जोड़ने वाला एक पुल बाढ़ के पानी में पूरी तरह बह गया है, जिससे यातायात में भारी व्यवधान उत्पन्न हो गया है। इसके अलावा, बाढ़ के कारण केसमपल्ली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे निजामाबाद की ओर यातायात प्रभावित हो रहा है।

**मेदक-बोधन मार्ग पर यातायात बाधित**

पोच्चारम जलाशय में भारी बाढ़ के पानी के कारण मेदक-बोधन मुख्य मार्ग पर स्थित उच्च-स्तरीय पुल बह गया। इससे इस मार्ग पर यातायात ठप हो गया है। दोनों ओर से वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए बैरिकेड्स लगाए गए हैं। अधिकारियों ने वाहनों को दूसरे मार्ग से जाने की व्यवस्था की है।

**एनएच-44 क्षतिग्रस्त, वाहनों का मार्ग परिवर्तित**

तेलंगाना में भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संख्या 44 कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे यातायात बाधित हुआ है। साइबराबाद यातायात संयुक्त पुलिस आयुक्त गजराव भूपाल ने बताया कि हैदराबाद से एनएच 44 की ओर जाने वाले भारी वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया जा रहा है। हैदराबाद से आदिलाबाद जाने वाले वाहनों का मार्ग मेडचल चेक पोस्ट पर परिवर्तित किया जा रहा है।

गजराव भूपाल ने सुझाव दिया कि लोग मेडचल चेक पोस्ट, सिद्दीपेट, करीमनगर, जगतियाल, कोरुतला, मेटपल्ली और आर्मूर होते हुए आदिलाबाद जाएं। उन्होंने यात्रियों से पुलिस का सहयोग करने का अनुरोध किया। दूरदराज के इलाकों में जाने वालों को यातायात जाम से बचने के लिए डायवर्जन मार्गों का पालन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस और राजमार्ग गश्ती दल यात्रियों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश चंद्र ने बताया कि भारी बारिश के कारण कामारेड्डी के पास 44वां राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण केवल 25 प्रतिशत यातायात ही चल रहा है। इसे देखते हुए, वाहन चालकों को मेडचल-रामायमपेट-कामारेड्डी दिचपल्ली मार्ग के बजाय वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों को मेडचल और सामान्य वाहनों को रामायमपेट में डायवर्ट किया जा रहा है। लोगों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें।

**आदिलाबाद से हैदराबाद जाने वाले वाहन चालकों के लिए कई निर्देश जारी**

निर्मल पुलिस ने आदिलाबाद से हैदराबाद जाने वाले वाहन चालकों के लिए कई निर्देश जारी किए हैं। आदिलाबाद से कामारेड्डी होते हुए हैदराबाद जाने वाले वाहन चालकों को निर्मल के पास कोंडापुर पुल से बाएं मुड़कर मार्ग बदलने की सलाह दी गई है। निर्मल जिले की पुलिस अधीक्षक डॉ.जी. जानकी शर्मिला ने कहा कि कोंडापुर से लोगों को ममदा, खानपुरमेट, जगतियाल और करीमनगर होते हुए हैदराबाद जाना चाहिए।

**खम्मम में नाले उफान पर**

भारी बारिश के कारण, पूर्ववर्ती खम्मम जिले में पगीदेरु, निम्मावागु, जन्नाराम एरु और रल्ला वागु नाले उफान पर हैं। कोनिजारला और एनकुर मंडलों में यातायात ठप हो गया है क्योंकि पगीदेरु नदी कोनिजारला और मल्लूपल्ली के बीच सड़क के ऊपर बह रही है। कोनिजारला, पेद्दामुनागला, पेद्दामगोपथी और गुब्बागुर्थी तालाब लबालब भर गए हैं। बढ़ते जलस्तर के कारण आसपास के इलाकों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। किसान भारी नुकसान पर दुख व्यक्त कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कोनिजारला मंडल में 120 मिमी बारिश दर्ज की गई।

**36 ट्रेनें रद्द, 25 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन, 14 आंशिक रूप से रद्द**

इस बीच, तेलंगाना में भारी बारिश के मद्देनजर दक्षिण मध्य रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्रीधर ने बताया कि इसके साथ ही, कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन और कुछ को आंशिक रूप से रद्द किया गया है। उन्होंने बताया कि 36 ट्रेनें रद्द, 25 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन और 14 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द की गई हैं। कामारेड्डी, मेदक और सिद्दीपेट जिलों में कई जगहों पर रेल मार्ग पर पानी भर गया है। भारी बारिश के मद्देनजर, रेलवे विभाग ने रेल यात्रियों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर काचीगुडा 90633 18082, निजामाबाद 97032 96714, कामारेड्डी 92810 35664, सिकंदराबाद 04027786170 जारी किए हैं।

**दो हेलीकॉप्टरों की मदद से बाढ़ में फंसे 5 लोगों को सेना के जवानों ने बचाया**

सिरसिला जिले के गंभीरावपेट मंडल के नरमला गांव में अपर मनेरू परियोजना के दूसरी ओर पांच लोग मवेशी चराने गए थे। अचानक आई बाढ़ में वे सभी वहीं फंस गए। स्थिति की जानकारी मिलने पर, केंद्रीय मंत्री बंड़ी संजय ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से संपर्क किया, जिन्होंने सहायता के लिए दो हेलीकॉप्टरों की व्यवस्था की। परिणामस्वरूप, सेना के अधिकारियों ने गुरुवार को हेलीकॉप्टरों का उपयोग करके बाढ़ में फंसे लोगों को सफलतापूर्वक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। अपर मनेरू वागु में भारी बाढ़ के कारण येल्लारेड्डीपेट मंडल के बंदलिंगमपल्ली में पुल का एक किनारा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे यातायात बाधित हो गया।

**तेलंगाना पुलिस ने 1200 लोगों को बचाया : डीजीपी जितेंद्र**

डीजीपी जितेंद्र ने तेलंगाना में बारिश और बाढ़ की स्थिति के बारे में एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान सक्रिय रूप से जारी है, और अब तक 1,200 लोगों को बचाया जा चुका है। उल्लेखनीय रूप से, कामारेड्डी में जलमग्न हुए कई लोगों को बचाया गया और एनडीआरएफ टीमों के समय पर पहुंचने से एक बड़ा संकट टल गया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल हाई अलर्ट पर है और कामारेड्डी, रामायमपेट, निर्मल और मेडक जिलों में स्थिति में सुधार हुआ है। जितेंद्र ने बताया कि पुलिस बचाव दलों के साथ समन्वय में, चौबीसों घंटे राहत कार्यों को सुगम बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।







# प्रसिद्ध खैरताबाद महागणपति की राज्यपाल और मंत्रियों ने पूजा-अर्चना की



हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के प्रसिद्ध खैरताबाद के महागणपति को राज्यपाल और मंत्रियों ने पूजा-अर्चना की। 71 वर्षों से गणेशोत्सव लगातार हो रहा है।

राज्यपाल, जिष्णु देव वर्मा, मंत्री पोन्नम प्रभाकर, राज्यसभा सदस्य अनिल कुमार यादव, विधायक दानम नागेंद्र ने विनायक चतुर्थी के अवसर पर खैरताबाद स्थित श्री विश्वशांति महाशक्ति गणपति के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने गणेश चतुर्थी समारोह के उद्घाटन अवसर पर 69 फुट ऊंची खैरताबाद स्थित भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। देश की सबसे ऊंची और प्रतिष्ठित प्रतिमाओं में से एक, खैरताबाद गणेश प्रतिमा के दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी और राज्यपाल के आगमन ने उत्सव के उत्साह को और बढ़ा दिया। बाद में, राज्यपाल ने समृद्धि, राजभवन स्टाफ क्वार्टर और राजभवन में भगवान गणेश की विशेष पूजा भी की। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्यपाल ने कहा कि भगवान गणेश के समक्ष पूजा-अर्चना करना उनके लिए सम्मान की बात है और उन्होंने तेलंगाना के लोगों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर परिवहन मंत्री मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि महागणपति 71 वर्षों से खैरताबाद में भक्तों को आशीर्वाद देते आ रहे हैं। इस बार, खैरताबाद विनायक 69 फीट ऊंचा हो गया है। नवरात्रि उत्सव के दौरान भगवान के दर्शन के लिए राज्य भर से और यहां तक कि अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु आते हैं।

हमने सभी विभागों के साथ समन्वय करके विनायक उत्सव की व्यवस्था की है। हमने सरकार की ओर से शहर भर में 46वें सामूहिक गणेश उत्सव की भी व्यवस्था की है। मंत्री ने कहा कि बोनालु उत्सव की तरह ही गणेश उत्सव भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। बारिश हो रही है, श्रद्धालुओं को बिजली दुर्घटनाओं से बचने के लिए मंडपों में सावधानी बरतनी चाहिए। प्रभु से प्रार्थना है कि राज्य में भरपूर बारिश हो, दुग्ध उत्पादन प्रचुर मात्रा में हो, और लोगों को दीर्घायु, स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि मिले।

## कामारेड्डी, आदिलाबाद, जगतियाल, निजामाबाद जिलों के लिए रेड अलर्ट

हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के हैदराबाद स्थित मौसम केंद्र ने जगतियाल, निजामाबाद, कामारेड्डी और आदिलाबाद ज़िलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिससे संकेत मिलता है कि इन क्षेत्रों में भारी बारिश की आशंका है। इसमें 62 से 87 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। हनुमाकोंडा, करीमनगर, मेडचल मल्काजगिरी, मेदक, निर्मल, पेद्दापल्ली, राजन्ना सिरसिला, संगारेड्डी, सिद्दीपेट और वारंगल जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में मध्यम तीव्रता की वर्षा होने की उम्मीद है। भद्राद्री कोत्तागुडेम, जनगांव, खम्मम, कोमाराम भीम आसिफाबाद, महबुबाबाद, मुलुगु, नलगोंडा, संगारेड्डी, सूर्यापेट, विकाराबाद और यादाद्री भुवनागिरी जिलों के लिए पीला अलर्ट प्रभावी है।

# जुपल्ली ने एनआईटीएचएम में राष्ट्रीय खेल सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आबकारी, पर्यटन और संस्कृति मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने गुरुवार को हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन संस्थान (एनआईटीएचएम) में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया। इस समारोह में स्वास्थ्य, आरोग्य और संस्थागत विकास पर केंद्रित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उद्घाटन सत्र की शुरूआत प्रशिक्षक स्मृति पांडे के नेतृत्व में योग शिविर से हुई, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मंत्री ने छात्रों और शिक्षकों से एनआईटीएचएम को एक अग्रणी उत्कृष्टता संस्थान के रूप में स्थापित करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने नए शैक्षणिक कार्यक्रम, अल्पकालिक और कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू करने, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों का विस्तार करने और परिसर के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने पर जोर दिया।

जुपल्ली कृष्ण राव ने तेलंगाना सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया और एनआईटीएचएम निदेशक को विशेष मुख्य सचिव के परामर्श से एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार पर्यटन और आतिथ्य पर विशेष ध्यान दे रही है, और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बुनियादी ढांचे में सुधार, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का विकास और उन्हें वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने की योजना बना रही है। मंत्री ने निजी क्षेत्र से इस उभरते क्षेत्र में निवेश के अवसरों का पता लगाने का भी आग्रह किया। एनआईटीएचएम के निदेशक प्रो. वेंकट रमण, डॉ.पी.एल.एन. पटेल (श्रीकारा अस्पताल), संकाय, कर्मचारी और छात्र समारोह में शामिल हुए।

# मंत्री सीतक्का ने कामारेड्डी में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया



हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायत राज मंत्री सीतक्का ने गुरुवार को कामारेड्डी जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया। सरकारी सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर और जहीराबाद के सांसद सुरेश शेतकर भी इस दौरे में शामिल हुए। इस दौरे के दौरान, मंत्री ने बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति का आकलन किया और बाढ़ के खतरे वाले निचले इलाकों के गांवों की चिंताओं का समाधान किया। उन्होंने स्थानीय निवासियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की और अधिक जानकारी एकत्र की।

इस अवसर पर बोलते हुए, सीतक्का ने कहा कि सरकार और उसके अधिकारियों की सतर्कता के कारण, वे हताहतों की संख्या को टालने और बाढ़ में फंसे कई लोगों को बचाने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने बारिश और बाढ़ के संबंध में कई बार समीक्षा की है और मंत्रियों तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने आगे कहा, सुबह अचानक बादल फटने से बाढ़ की तीव्रता बढ़ गई। हम इस समय बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं। सरकार प्रभावित लोगों को खाद्य आपूर्ति सहित सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने आगे जोर दिया कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान, राजनीतिक दलों को राजनीति करने के बजाय पीड़ितों की सहायता को प्राथमिकता देनी चाहिए, और आश्वासन दिया कि पूरा सरकारी तंत्र ऐसी विनाशकारी घटनाओं से निपटने के लिए तैयार है।

## अमीरपेट में घी की दुकान में भीषण आग लगी

हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अमीरपेट स्थित एक स्टोर में बुधवार रात भीषण आग लग गई। इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेट्रो पिलर नंबर 1444 के पास स्थित बालाजी घी स्टोर में आधी रात के आसपास आग लग गई। सूचना पर आस-पास के दमकल केंद्रों से दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अधिकारियों ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। हालांकि, सही कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## सिंचाई टैंक ओवरफ्लो होने से 3 किसान फंसे

सिद्दीपेट, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अकबरपेट-भुम्पल्ली मंडल के पोथारेड्डीपेट में एक लघु सिंचाई टैंक के ओवरफ्लो होने के बाद बुधवार रात से 3 किसान टैंक के दूसरी ओर फंसे हुए हैं। फंसे हुए किसानों की पहचान शेरला राजू, गोपाल और सुदर्शन के रूप में हुई है। ये सभी चिन्ना निजामपेट के निवासी हैं। ये किसान शाम को अपने खेतों में गए थे, तभी पोथारेड्डीपेट में पेद्दा चेरुवु का जलस्तर बढ़ने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस आयुक्त बी अनुराधा पुलिस टीम के साथ बचाव अभियान चलाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचीं।

## नदी में बहे व्यक्ति का शव बरामद

मेदक, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्थानीय नदी में लापता हुए दो व्यक्तियों में से एक का शव गुरुवार को हवेलीघनपुर मंडल के राजपेट गांव के पास बरामद किया गया। एक दिन पहले वह नदी में बह गया था। मृतक की पहचान राजपेट निवासी बेस्टा सत्यम के रूप में हुई है। मंगलवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण गंगम्मा वागु नदी उफान पर थी। सत्यम, एक अन्य ग्रामीण यदा गौड़ के साथ, उफनती धारा में बह गए। सत्यम का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि यदा गौड़ का पता लगाने के प्रयास जारी हैं, जो अभी भी लापता है।

# तेलंगाना ने जापानी सेमीकंडक्टर तकनीक के लिए द्वार खोला : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 28 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा कि टी-वर्क्स में तोहो कोकी सीसाकुशो कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी करके, राज्य सरकार जापानी विशेषज्ञता तक पहुंच को सुगम बना रही है और भारतीय व्यवसायों एवं शोधकर्ताओं को वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का अवसर प्रदान कर रही है। इस सहयोग का उद्देश्य हैदराबाद में भारत का पहला केमिकल मैकेनिकल पॉलिशिंग (सीएमपी) पैड टेक्नोलॉजी हब स्थापित करना है।

8 करोड़ रुपये मूल्य का यह नया हब, टी-वर्क्स के अंदर स्थापित किया जाएगा। जो तेलंगाना सरकार द्वारा निर्मित भारत का सबसे बड़ा प्रोटोटाइपिंग केंद्र और विनिर्माण ज्ञान भागीदार है- और यह सीखने, प्रदर्शन और सहयोग के लिए एक खुली पहुंच सुविधा के रूप में कार्य करेगा। मंत्री ने कहा कि छात्रों और शोधकर्ताओं से लेकर स्टार्टअप्स और वैश्विक उद्यमों तक, यह केंद्र भारत में पहली बार विश्व स्तरीय सीएमपी तकनीकों का अनुभव करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। मंत्री ने आगे कहा, यह साझेदारी भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के लिए वैश्विक संपर्क बनाने की तेलंगाना की प्रतिबद्धता की दिशा में एक और कदम है।

तोहो कोकी के वैश्विक व्यापार प्रमुख, ताकुया निशिमुरा ने कहा, हमें टी-वर्क्स के साथ साझेदारी करके और मेक इन इंडिया की भावना में योगदान देकर खुशी हो रही है। सीएमपी पैड तकनीक सेमीकंडक्टर निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और इस सहयोग के माध्यम से हमारा लक्ष्य भारतीय कंपनियों को अपनी क्षमताएं विकसित करने के लिए सशक्त बनाना है। टी-वर्क्स के सीईओ जोगिंदर तनिकेला ने एमओयू समझौता कार्यक्रम में तेलंगाना सरकार की ओर से प्रतिनिधित्व किया।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.